राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र


# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ प्रतिभा रांटा के हाथ लगी नागजिला, सान्या...




मनाली-लेह सामरिक मार्ग पर चार नए ... ◀ 12

गाजियाबाद, बुधवार 10 दिसंबर 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 277, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### वर्क फ्रॉम होम पोस्ट पर किया क्लिक पहले महिला ने कमाए 3900 रुपए, उसके बाद बैंक खाते से साइबर ठगों ने उड़ा दिए 31 लाख

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कर्नाटक के उडुपी शहर में साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला के बैंक खाते से कुल 31 लाख रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ठगी की शुरूआत उस समय हुई जब महिला ने 29 नवंबर



को फेसबुक पर एक पोस्ट देखी, जिसमें वर्क फ्रॉम होम करते हुए कमाई का दावा किया गया था। महिला ने पोस्ट पर क्लिक किया, जिसके बाद उसे एक व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को एनएसई कॉर्पोरेट ऑफिस का एचआर बताया। उस व्यक्ति ने महिला से व्हाट्सऐप पर बात करने को कहा और फिर बातचीत टेलिग्राम ग्रुप में शिफ्ट हो गई। यहां महिला को एक डिजिटल फॉर्म भरने के लिए दिया गया और बताया गया कि सरल टास्क पूरा कर वह अच्छी कमाई कर सकती है। शुरूआत में स्कैमर्स ने महिला का भरोसा जीतने के लिए छोटे-छोटे टास्क के बदले कुछ रकम वापस भेजी। महिला ने पहले 1,000 और 2,000 रुपये कोड के जरिए भेजे, जिसके बदले उसे 3,900 रुपये मिले। इससे उसे लगा कि यह काम सही है। इसके बाद उसे रातों-रात अमीर बनने का लालच दिया गया और अधिक पैसे निवेश करने पर बड़ा मुनाफा मिलने का दावा किया गया। भरोसा करते हुए महिला ने अलग-अलग बैंक अकाउंट्स में कुल 31 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बड़ी रकम प्राप्त होते ही साइबर ठगों ने अपने सभी नंबर बंद कर दिए और महिला को कोई रिटर्न नहीं मिला। काफी कोशिशों के बाद भी जब संपर्क नहीं हो पाया, तब महिला को समझ आया कि वह ठगी का शिकार हो चुकी है। इसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सरकारी एजेंसियां भी इस तरह के 'टास्क स्कैमइ से सतर्क रहने की सलाह देती हैं।

### गोवा नाइट क्लब हादसाः भगोड़े मालिक लूथरा ब्रदर्स के खिलाफ जारी हो सकता है ब्लू कॉर्नर नोटिस, तीसरे पार्टनर की तलाश जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गोवा नाइट क्लब में आग लगने के मामले में जांच एजेंसियां क्लब के मालिक सौरव लूथरा और गौरव लूथरा की तलाश में जुटी हैं। दोनों भाई देश छोड़कर भाग चुके हैं। ऐसे में अब लूथरा ब्रदर्स के खिलाफ इंटरपोल के जरिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक गोवा नाइट क्लब में आग



लगने की घटना के बाद रविवार को ही लूथरा ब्रदर्स भारत छोड़ फुकेट भाग गए थे। वहीं गोवा पुलिस की दिल्ली में रेड जारी है। गोवा पुलिस ने लूथरा ब्रदर्स के तीसरे पार्टनर की तलाश तेज कर दी है। अजय गुप्ता लूथरा ब्रदर्स का पार्टनर बताया जा रहा है। लूथरा ब्रदर को पकड़ने के लिए पुलिस उनके दिल्ली वाले घर पर पहुंची दिल्ली के जीटीबी नगर इलाके में लूथरा ब्रदर का घर है लेकिन घर पर ताला लगा है और कोई भी शख्स घर में मौजूद नहीं है दरअसल लूथरा ब्रदर्स बीती 7 तारीख को सुबह 5:30 बजे की फ्लाइट से देश छोड़कर फुकेट फरार हो गए। बता दें नाइट क्लब में शनिवार रात आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद, गोवा पुलिस के अनुरोध पर खुफिया ब्यूरो (बीओआई) द्वारा 7 दिसंबर तक मालिकों के खिलाफ एक लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था। अधिकारी ने कहा कि मुंबई स्थित इमिग्रिशन ब्यूरो से संपर्क किया गया और पाया गया कि दोनों आरोपी आग लगने की घटना के तुरंत बाद, 7 दिसंबर को सुबह 5.30 बजे फुकेट के लिए इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 1073 में सवार होकर फरार हो गए।

## नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में कैसे जुड़ा नाम?

# सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बिना भारतीय नागरिकता हासिल किए मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से जुड़े मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है।

यह नोटिस वकील विकास त्रिपाठी द्वारा दायर रिवीजन पिटीशन पर जारी किया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 6 जनवरी, 2026 को होगी। वकील विकास त्रिपाठी का कहना है कि सोनिया गांधी का नाम 1980 की नई दिल्ली की वोटर लिस्ट में शामिल था, जबकि उन्होंने 30 अप्रैल 1983 को भारत की नागरिकता हासिल



की। इसी आरोप के आधार पर मजिस्ट्रेट कोर्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच कराने की मांग की गई थी, लेकिन सितंबर 2025 में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस याचिका को खारिज

> **● यह नोटिस वकील विकास त्रिपाठी द्वारा दायर रिवीजन पिटीशन पर जारी किया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 6 जनवरी, 2026 को होगी**

कर दिया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट के इसी आदेश को चुनौती देते हुए त्रिपाठी ने रिवीजन पिटीशन दाखिल की, जिस पर अब राऊज एवेन्यू कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया है।

दाखिल याचिका में कहा गया है कि 1980 की वोटर लिस्ट में सोनिया गांधी का नाम कैसे शामिल हुआ, जबकि तब तक उन्होंने भारतीय नागरिकता प्राप्त नहीं की थी। याचिका में यह भी पूछा गया है कि 1982 में उनका नाम वोटर लिस्ट से हटाया गया था, तो आखिर किन कारणों से यह कार्रवाई हुई? याचिका में यह भी कहा गया कि यदि 1983 में ही नागरिकता मिली, तो 1980 में नाम शामिल कराने के लिए किन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया? क्या उस समय फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराया गया?

राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया है कि वे आरोपों पर विस्तृत जवाब दाखिल करें।

## आम आदमी की जिंदगी आसान बनाना सरकार की पहली प्राथमिकताः किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में मंगलवार सुबह हुई एनडीए संसदीय दल की बैठक कई मायनों में खास रही। बैठक खत्म होने के



बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया से बात की। उन्होंने बताया कि बिहार के नेताओं ने विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के लिए विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। इस दौरान बिहार के नेताओं ने पीएम मोदी को आश्वस्त किया कि वे राज्य के विकास के लिए पूरी मेहनत से काम करेंगे। रिजिजू ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री ने सभी एनडीए सांसदों को अपने-अपने क्षेत्र में और अधिक प्रभावी तरीके से काम करने के निर्देश दिए। पीएम मोदी ने कहा कि देश के आम नागरिक की जिंदगी आसान बनाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इसके लिए हर क्षेत्र में निरंतर सुधारजरूरी है। किरेन रिजिजू ने कहा कि पीएम मोदी ने यह भी बताया कि किसी भी नागरिक को सरकारी प्रक्रिया के कारण अनावश्यक तकलीफ नहीं होनी चाहिए। कानून जनता के लिए सुविधा का माध्यम होना चाहिए, बोझ नहीं।

## लड़की के स्तन पकड़ना रेप का प्रयास नहीं, इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यौन हमले से जुड़े मामलों में की गई असंवेदनशील न्यायिक टिप्पणियां पीड़िता, उसके परिवार और समाज पर गंभीर और भयावह

> **● एक अन्य वकील ने जिला अदालत के एक मामले की जानकारी दी, जहां बंद कमरे में होने वाली कार्यवाही में कई लोग मौजूद थे और सुनवाई के दौरान पीड़िता को कथित तौर पर परेशान किया गया**

प्रभाव डाल सकती हैं। अदालत ने संकेत दिया कि ऐसी टिप्पणियों पर लगाम लगाने के लिए उच्च न्यायालयों और जिला अदालतों के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए जा सकते हैं। यह टिप्पणी शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए की, जिसमें कहा गया था कि नाबालिग लड़की के स्तनों को पकड़ना, उसके



पायजामे का नाड़ा तोड़ना, कपड़े उतारने की कोशिश करना और उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास दुष्कर्म या दुष्कर्म के प्रयास के दायरे में नहीं आता। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान वकीलों ने कहा कि हाल के दिनों में विभिन्न हाईकोर्ट ने यौन हमले के मामलों में कई अनुचित मौखिक और लिखित टिप्पणियां की हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने बताया कि हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में यह टिप्पणी की थी कि रात का समय आरोपी के लिए एक आमंत्रण जैसा था। उन्होंने कलकत्ता और राजस्थान हाईकोर्ट के कुछ अन्य मामलों का भी उल्लेख किया। एक अन्य वकील ने जिला अदालत के एक मामले की जानकारी दी, जहां बंद कमरे में होने वाली कार्यवाही में कई लोग मौजूद थे और सुनवाई के दौरान पीड़िता को कथित तौर पर परेशान किया गया। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि ऐसे सभी उदाहरण प्रस्तुत किए जाते हैं, तो अदालत व्यापक दिशा-निर्देश जारी करने पर विचार कर सकती है। उन्होंने कहा कि असंवेदनशील टिप्पणियां न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को प्रभावित करती हैं, बल्कि समाज पर भी गलत असर डालती हैं। कभी-कभी ऐसे व्यवहार पीड़ितों पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने के लिए भी किए जाते हैं।

## लोकसभा और राज्यसभा में गरमागरम बहस, अमित शाह और खरगे में वार-पलटवार

**नई दिल्ली।** चुनाव सुधार आज लोकसभा में राजनीतिक रूप से गरमागरम बहस का केंद्र बिंदु



रहा। सदन ने संसद के चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया है। इस चर्चा में चुनाव आयोग की भूमिका, चुनाव प्रचार खर्च में पारदर्शिता, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के प्रवेश पर अंकुश, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की विश्वसनीयता और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया सहित कई मुद्दों पर चर्चा हो रही है। वहीं, राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लेकर चर्चा हुई जहां अमित शाह और मल्लिकार्जुन खरगे के बीच वार-पलटवार का दौर देखने को मिला। संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से शुरू हुआ और 19 दिसंबर तक चलेगा

**लोकसभा की कार्यवाही**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को वोट चोरी को सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी कृत्य करार दिया और आरोप लगाया कि सत्तापक्ष में बैठे लोग इस कृत्य को अंजाम दे रहे हैं तथा आइडिया ऑफ इंडिया(भारत की अवधारणा) नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निर्वाचन आयोग तथा दूसरी संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप भी लगाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव से एक महीने पहले सभी राजनीतिक दलों को मशीन से पढ़ने योग्य मतदाता सूची उपलब्ध कराई।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में संसद परिसर में एनडीए पार्लियामेंट्री पार्टी की मीटिंग के लिए पहुंचे।

## टोल प्लाजा के हाईटेक कैमरों से कपल्स के प्राइवेट वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग

**लखनऊ (आरएनएस)।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सफर करने वालों की निजता खतरे में पड़ गई है। एक्सप्रेस-वे के हलियापुर टोल प्लाजा पर सुरक्षा के लिए लगाए गए 'एंट्री ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के हाईटेक सीसीटीवी कैमरों का दुरुपयोग कर अश्लील वीडियो बनाने और लोगों को ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस गंभीर प्रकरण की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई है, जिसमें टोल मैनेजर पर मिलीभगत का आरोप लगाया गया है।

> **सीएम तक पहुंची शिकायत**

शिकायतकर्ता का दावा है कि टोल कर्मी कैमरों को जूम करके राहगीरों और आसपास की महिलाओं के वीडियो रिकॉर्ड करते हैं और फिर उनसे उगाही करते हैं।

इस पूरे मामले में सबसे चर्चित घटना एक नवविवाहित जोड़े के साथ हुई ब्लैकमेलिंग की बताई जा रही है। शिकायत के मुताबिक, 25 अक्टूबर को आजमगढ़ का एक युवक अपनी पत्नी के साथ कार से लखनऊ जा रहा था। बल्दीराय थाना क्षेत्र के माइल स्टोन 93 के पास जब उनकी गाड़ी रुकी, तो कार के भीतर के निजी पलों को टोल प्लाजा के कंट्रोल रूम में बैठे कर्मियों ने सीसीटीवी कैमरे को जूम करके रिकॉर्ड कर लिया। आरोप है कि वीडियो दिखाकर उस युवक से 32,000 रुपये की वसूली की गई। हद तो तब हो गई जब पैसे देने के बाद भी आरोपियों ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि, वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन इस घटना ने टोल सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। शिकायत पत्र में सिर्फ राहगीरों ही नहीं, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों के उत्पीड़न का भी जिक्र है। आरोप है कि टोल प्लाजा के पास स्थित जरईकला, हलियापुर और गौहनियां गांवों की तरफ कैमरे घुमाकर शौच या घरेलू कार्यों के लिए निकली महिलाओं और लड़कियों के अश्लील वीडियो बनाए जाते हैं। इसके अलावा, दो



महीने पहले अयोध्या के मिल्कीपुर निवासी एक युवक से वीडियो के नाम पर 10,000 रुपये और एक ट्रक चालक से भी इसी तरह वसूली की गई। शिकायतकर्ता ने इसे एक संगठित अपराध बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस पूरे प्रकरण पर हलियापुर टोल प्लाजा के मैनेजर ने सफाई देते हुए खुद को बेकसूर बताया है। मैनेजर का कहना है कि उन्होंने किसी से कोई पैसा नहीं लिया है और उन पर लगे आरोप बेबुनियाद हैं। हालांकि, उन्होंने यह स्वीकार किया कि वीडियो बनाने और वायरल करने की हरकत उनके स्टाफ के ही किसी सदस्य द्वारा की गई है। मैनेजर के मुताबिक, टोल पर सात कर्मचारी तैनात हैं और मामले की आंतरिक जांच की जा रही है कि आखिर किसने यह ओछी हरकत की है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि दोषी के पकड़े जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**हार्ट अटैक** 2 बोरी यूरिया के लिए 2 दिन से काट रहा था चक्कर, लाइन में ही आया हार्ट अटैक

# खाद के लिए कतार में लगे किसान की मौत

**टीकमगढ़ (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में खाद (यूरिया) की भारी किल्लत अब जानलेवा साबित होने लगी है। सोमवार को यहां खाद लेने के लिए कतार

> **● मृतक जमुना कुशवाहा के छोटे भाई छक्की ने बताया कि उनका भाई पिछले दो दिनों से लगातार खाद के लिए परेशान था**

में अपनी बारी का इंतजार कर रहे 52 वर्षीय एक किसान की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। यह दुखद घटना जिले के बडोरा गांव स्थित एक सरकारी गोदाम पर हुई, जहां सुबह से ही किसानों की लंबी भीड़ जमा थी। मृतक किसान की पहचान जमुना कुशवाहा के रूप में हुई है, जो अपने खेत के लिए खाद का इंतजाम करने की जद्दोजहद में लगा था।

मृतक जमुना कुशवाहा के छोटे भाई छक्की ने बताया कि उनका भाई पिछले दो दिनों से लगातार खाद के लिए परेशान था। वह अपने गांव बजरुआ से करीब 8 किलोमीटर दूर बडोरा गोदाम तक सिर्फ दो बोरी यूरिया लेने के लिए चक्कर काट रहा था, लेकिन उसे खाद नहीं मिल पा रही थी। सोमवार को भी वह लाइन में खड़ा होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहा था, तभी अचानक उसे उल्टियां होने लगीं और वह चक्कर खाकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद स्थानीय तहसीलदार सतेंद्र गुर्जर ने तत्परता दिखाते हुए बीमार किसान को अपनी सरकारी गाड़ी



से तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। देहात थाने के प्रभारी चंद्रजीत यादव ने डॉ. दीपक ओझा द्वारा की गई पोस्टमार्टम की शुरूआती रिपोर्ट के आधार पर पुष्टि की है कि जमुना कुशवाहा की मौत हार्ट अटैक (दिल का दौरा) पड़ने से हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि टीकमगढ़ जिले में पिछले कई दिनों से यूरिया का गंभीर संकट बना हुआ है, जिससे किसान बेहद आक्रोशित हैं। खाद न मिलने के कारण जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। हालात इतने बेकाबू हो चुके हैं कि पिछले हफ्ते जतारा कस्बे में किसानों ने एक ट्रक से यूरिया की 30 से 40 बोरियां लूट ली थीं। वहीं, इस घटना वाले दिन ही सोमवार को बलदेवगढ़ और खरगापुर क्षेत्र के किसानों ने खाद की अनुपलब्धता से नाराज होकर टीकमगढ़-छतरपुर मार्ग पर करीब 3 घंटे तक चक्काजाम किया, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा।

## इंडिगो पर डीजीसीए का बड़ा एक्शन, रोजाना 110 फ्लाइट्स होंगी कम, सरकार ने दी जेल भेजने की चेतावनी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय विमानन क्षेत्र में पिछले एक हफ्ते से जारी उथल-पुथल के बीच नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो



एयरलाइंस पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। 2 दिसंबर से शुरू हुए फ्लाइट कैंसिलेशन के संकट और यात्रियों के बढ़ते गुस्से को देखते हुए नियामक ने इंडिगो को अपने फ्लाइट शेड्यूल में तत्काल प्रभाव से 5 प्रतिशत की कटौती करने का कड़ा आदेश दिया है। इस आदेश का सीधा मतलब है कि इंडिगो की रोजाना उड़ान भरने वाली करीब 110 फ्लाइट्स अब रद्द रहेंगी या उनके स्लॉट दूसरी एयरलाइंस को दिए जाएंगे, ताकि हवाई अड्डों पर फंसी भीड़ को राहत मिल सके। छत्रष्ट्र ने अपनी कार्रवाई का आधार इंडिगो की अव्यवस्था को बनाया है। नियामक का मानना है कि एयरलाइन पिछले कई दिनों से नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट नियमों और क्रू की भारी कमी के चलते परिचालन सुचारू रखने में विफल रही है। इसके चलते एयरपोर्ट्स पर अफरातफरी का माहौल है और लाखों यात्री परेशान हो रहे हैं।

# 8 बीघा अवैध प्लाटिंग पर चला विकास प्राधिकरण का बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** खुर्जा विकास प्राधिकरण,विकासबक्षेत्रान्तर्गत बीसा कॉलोनी में मै0 असलम द्वारा लगभग 03 बीघा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी एवं बीसा कॉलोनी के पीछे, बंबे के पास, शादाब द्वारा लगभग 05 बीघा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को प्राधिकरण सचल प्रवर्तन दल द्वारा स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया।

उक्त सील की कार्यवाही स्थानीय पुलिस बल एवं बुलन्दशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर द्वारा सक्षम प्राधिकारी के निर्देशन में सहायक अभियन्ता/ अवर अभियन्ता एवं अन्य सहायक स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। ध्वस्तीकरण/ सील अभियान प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ0 अंकुर लाठर के कुशल मार्गदर्शन में निरन्तर चलाया जा रहा है। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष ने अपील की है कि कोई भी





व्यक्ति बिना मानचित्र स्वीकृति के विकास / निर्माण न करें एवं किसी अवैध कॉलोनी के अन्दर भूखण्ड क्रय विक्रय न करें। स्वीकृत कॉलोनीयों की सूची प्राधिकरण की वेबसाइट www.bkdaup.com पर उपलब्ध है, उक्त सूची में अंकित स्वीकृति कॉलोनियों के अतिरिक्त समस्त कॉलोनीयां अनाधिकृत है, इस सम्बन्ध में समस्त जानकारी प्राधिकरण के हेल्पलाईन नं0-8191978666 पर भी प्राप्त की जा सकती है।

# पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया इनामी डकैत

**शामली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में हुई पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार रुपए का इनामी डकैत समयदीन उर्फ सामा को मार गिराया गया। समयदीन मूल रूप से कांधला कस्बे का रहने वाला था, लेकिन लंबे समय से कर्नाटक के तुमकुर में छिपकर रह रहा था। उस पर उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में 23 से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज थे।



समयदीन अक्टूबर में कांधला में मारे गए एक लाख के इनामी नफीस का साथी रह चुका था। नफीस के एनकाउंटर के बाद सामा पंजाब भाग गया था और वहां से लगातार पुलिस की पकड़ से बचता रहा। पुलिस को सूचना मिली कि थानाभवन थाना क्षेत्र के भेसानी के जंगलों में स्थित एक भट्टे पर समयदीन अपने साथियों के साथ डकैती की योजना बना रहा है। मौके पर टीम ने घेराबंदी की, लेकिन जैसे ही पुलिस आगे बढ़ी, बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में समयदीन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाबरी थाना प्रभारी राहुल सिसोदिया की जैकेट पर भी गोली लगी, लेकिन वह सुरक्षित हैं।

# प्रभारी महिला सैल,परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणाम स्वरूप 03 दम्पति को मिलाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर** । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में- पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 03 प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। प्रभारी महिला सैल/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।







# यूसुफ के हत्यारों को मिले सख्त सजा,परिवार को आर्थिक मदद दे सरकार : कांग्रेस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**छतारी/बुलंदशहर।** छतारी नगर के नगला बंजारा निवासी यूसुफ को डिबाई क्षेत्र के गांव भीमपुर में भीड़ द्वारा पीट पीटकर मौत के घाट उतारे जाने की घटना

**यूसुफ के परिजनों से मिले कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, इंसाफ का दिलाया भरोसा**

पर मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान नगला बंजारा पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर इंसाफ का भरोसा दिलाया । कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मृतक की मां सोना और पत्नी शकीला से पूरी घटना की जानकारी ली। पीड़ित परिजनों ने कहा कि अखबारों में पुलिस गलत और मनगढ़ंत बयान देकर मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यूसुफ की हत्या की गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीड़ित परिवार से मिलने के बाद एसएसपी ऑफिस में एसपी देहात से मिले और घटना पर आक्रोश व्यक्त किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन देकर यूसुफ के हत्यारों पर हत्या की धारा में मुकदमा तरमीम करने की मांग की और घटना की निष्पक्ष जांच कर सभी दोषियों को जेल भेजने की मांगना की। साथ ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की मांग भी प्रशासन से की है । साथ ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने अनूपशहर में कांग्रेस नेता इशांक उर्फ इशू शर्मा के घर हुई डकैती का खुलासा भी करने की मांग की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने एसपी देहात से मिलने के बाद कहा कि यूसुफ की भीड़ द्वारा जानबूझकर कर हत्या की गई है और माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया है । उन्होंने कहा कि आरोपियों को पुलिस गैर इरादतन हत्या का केस बताकर बचाने का प्रयास कर रही है जो स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुकदमे में हत्या की धारा बधाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मामला मोबलिंचिंग का है जिसे पुलिस दबाने का प्रयास कर रही है ।



पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छतारी के स्थानीय भाजपा नेता परिवार पर दबाव बना रहे हैं जो शर्मनाक है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, प्रशांत बाल्मिकी, देशदीपक भारद्वाज, शहर अध्यक्ष रवि लोधी, मनीष चतुर्वेदी, आशु कुरैशी, नईम मंसूरी, सादिक सैफी, सुरेंद्र उपाध्याय, कुंवर आदिल आदि मौजूद रहे ।

# एसएसपी के निर्देशन में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) में बुलन्दशहर पुलिस को मिला प्रथम स्थान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** माह नवम्बर में IGRS पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

**जिन थानों की रैंक अव्वल रही है उनमें IGRS निस्तारण का कार्य देख रहे पुलिसकर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा**

के लिए जनपद बुलन्दशहर प्रथम स्थान पर रहा है। IGRS पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जनपद के विभिन्न थाने क्रमशः कोतवाली नगर, कोतवाली देहात, औरंगाबाद, गुलावठी, चोला, स्याना, नरसेना, बीबीनगर, अरनिया, जहांगीरपुर, शिकारपुर, पहासू, अहमदगढ़, सलेमपुर, अनूपशहर, अहार, छतारी, नरौरा, रामघाट शीर्ष रैंक पर रहे हैं तथा शेष थानों पर अपेक्षित सुधार के लिए निर्देशित किया गया है। IGRS सैल के पुलिसकर्मियों को महत्वूपर्ण योगदान देने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र दिया गया।

जिन थानों की रैंक अव्वल रही है उनमें IGRS निस्तारण का कार्य देख रहे पुलिसकर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।

# कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन, दीघार्यु की कामना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं संसदीय दल की नेता श्रीमती सोनिया गांधी जी का 79वां जन्मदिन जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने केक काटकर सोनिया गांधी जी के दीघार्युष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने सोनिया गांधी जी के संघर्षमय जीवन, त्याग, राष्ट्र के प्रति उनकी समर्पित सेवा और संगठन को सशक्त बनाने के लिए किए गए योगदान पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि सोनिया गांधी जी ने देश की राजनीति को नई



दिशा देते हुए लगातार लोकतांत्रिक मूल्यों और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि सोनिया गांधी जी ने हमेशा देश हित और जनहित को सर्वोपरि रखा है और कांग्रेस कार्यकर्ताओ के लिए प्रेरणा स्त्रोत रही हैं। कांग्रेसजन उनके बताए मार्ग पर चलकर जनता की आवाज को और बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पद ठुकराकर उन्होंने कार्यकर्ता को पीएम बनाया यह मिसाल दुनिया में कहीं नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने हमेशा इतिहास रचा और लोगों का कल्याण किया है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, प्रशांत बाल्मिकी, मनीष चतुर्वेदी, शहर अध्यक्ष रवि लोधी, नईम मंसूरी, नरेंद्र चौधरी, देशदीपक भारद्वाज, ऋषि गौतम, कुंवर आदिल, सचिन वशिष्ठ, आशु कुरैशी, एसपी सिंह राजौरा, राजेंद्र जाटव, शोएब खान, इशू शर्मा, सादिक सैफी, विमलेश बाल्मिकी, चांद खान, जेपी शर्मा, सुरेंद्र उपाध्याय, नरेश शर्मा, कासिम खान आदि मौजूद रहे ।

# यस बैंक सिक्योरिटीज के नाम पर बनाई फर्जी वेबसाइट से साइबर फ्रॉड करने वाला अन्तर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** साइबर क्राइम थाना की बड़ी कार्रवाई,अमृतसर (पंजाब) से गैंग के 02 वांछित आरोपी गिरफ्तार 6 राज्यों की 2.05 करोड़ रुपये की 15 घटनाओं का खुलासा, 87.69 लाख रुपये रिकवर थाना साइबर क्राइम, कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने यस बैंक सिक्योरिटीज के नाम पर फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट बनाकर लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय साइबर गैंग के दो वांछित सदस्यों को अमृतसर (पंजाब) से गिरफ्तार किया है।पकड़े गए दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे व अलग-अलग राज्यों में दर्ज शिकायतों में वांछित थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 02 मोबाइल फोन, 01 सिम कार्ड व 01 एटीएम कार्ड बरामद किया है, जिन्हें ठगी की घटनाओं में इस्तेमाल किया जाता था। 6 राज्यों में 15 बड़ी घटनाओं का खुलासा साइबर क्राइम पुलिस द्वारा की गई गहन जांच में सामने आया कि यह गैंग महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली समेत कुल 6 राज्यों के नागरिकों को फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट बनाकर निशाना बनाता था।

# परिवार परामर्श केन्द्र डिबाई द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप 01 दम्पति को मिलाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। परिवार परामर्श केन्द्र डिबाई द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 01 प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक-दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-



खुशी अपना जीवन यापन करेगें। महिला परिवार परामर्श केन्द्र/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।

# महिला सुरक्षा व सम्मान का संदेश देने के लिए ऑरेंज पैदल यात्रा से गूंजा मुजफ्फरनगर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** इनरव्हील क्लब ऑफ मुजफ्फरनगर जिला 310 के सभी क्लबों द्वारा महिला हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 9 दिसंबर 2025 मंगलवार को ऑरेंज पैदल यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।यह यात्रा सुबह 9 बजे न्यू हॉरिजन पब्लिक स्कूल परिक्रमा मार्ग से प्रारंभ हुई। प्रतिभागियों के लिए सफेद व नारंगी वेशभूषा निर्धारित की गई थी।न्यू हॉरिजन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने महिला सुरक्षा व "खामोशी तोड़े,हिंसा रोके" संदेश वाले स्लोगन के साथ यात्रा में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।यात्रा के सफल संचालन में स्कूल की प्रधानाचार्य मीनाक्षी मित्तल का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन शालिनी गुप्ता व मंत्री अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर पैदल यात्रा को रवाना किया।क्लब अध्यक्ष नीलिमा शर्मा व सचिव भावना सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति



बढ़ती हिंसा पर रोक लगाना,समाज में संवेदनशीलता लाना और ह्लना का अर्थ ना ही होता हैह्व का स्पष्ट संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

अभियान में इनरव्हील क्लब मुजफ्फरनगर,लोटस,चैम्बर, विशाल,इरा और मैरीगोल्ड के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। पीडीसी संतोष शर्मा व आशा जैन ने आमजन से इस मुहिम में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।

# दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु गठित12 क्रिटिकल कोरियोडर टीम (सीसीटीम) के मंथन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आशीष मुद्गल द्वारा जनपद के थानों में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु गठित 12 क्रिटिकल कोरियोडर टीम (सी सी टीम ) के सदस्यों को सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार (फर्स्ट ऐड) के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात पूर्णिमा सिंह, यातायात प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




## सेहत

**बाजार में सज रही है मूंगफली की दुकान, मूंगफली हुई महंगी दाम सौ रुपए के पार तिल की तासीर गर्म : डॉ.विनोद शर्मा**

# मूंगफली में आयरन, जिंक मैग्नीशियम,पोटेशियम का अच्छा स्त्रोत, गरीबों के बदाम मूंगफली, की बढी मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सर्दी अपने पूरे यौवन पर है। मूंगफली ने बाजार में अपनी जगह बना ली है। वही लोगों करारी मूंगफली पहुंचाने के लिए सड़क किनारे ठीये भी जम हुए हैं। मूंगफली को गरीबों का बादाम कहा जाता है, क्योंकि मूंगफली में वही सभी विटामिन पाए जाते हैं जो हमें महंगे ड्राई फ्रूट्स में होते हैं। इस बार मूंगफली पर 20% की महंगाई भी है। वही गजक और तिलपट्टी की डिमांड बढ़ गई है। बाजार में जगह-जगह सर्दी के मेनी बेचने वाले लोगों ने दुकानें सजा दी हैं। मांग को देखते हुए गज्जक और तिल पट्टी बनाने का काम भी तेज हो गया है महंगाई के कारण दुकानदारों की ग्राहकों से चिक चिक भी होती है। डॉ विनोद कुमार शर्मा का कहना है कि तिल की तासीर गर्म होने के कारण यह



सर्दियों में फायदेमंद रहता है। हेमंती बढ़ाने में भी तिल और मूंगफली अच्छे रहते हैं मूंगफली वजन कम करने में भी मदद करती है क्योंकि मूंगफली खाने के बाद कुछ समय तक भूख का एहसास नहीं होता है। मूंगफली का सीजन 5 महीने का रहता है भट्टी की गरम-गरम मूंगफली खाने का अपना ही स्वाद है। लोगों को जो विटामिन सर्दी में चाहिए होते हैं वह मूंगफली खाने से मिल जाते हैं। वही ठंड को देखते हुए गरीबों के बदाम की मांग बढ़ गई है। हर कोई इसकी खरीदारी कर रहा है। मूंगफली इस बार 120 किलो बिक रही है। उधर सर्दी में इसका प्रतिदिन सेवन करने से जुकाम खांसी नहीं होती है क्योंकि यह काफी गर्म होती है,। बताते हैं कि सर्दियों के मौसम में मूंगफली के गुण शरीर के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। डॉ विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि मूंगफली हृदय के लिए बहुत अच्छा होती है यह बुरे क्रिस्टॉल को बताती है वही मूंगफली पेट के कैंसर ब्रेस्ट कैंसर और फंगल इंफेक्शन को कम करती है। इसके अंदर आयरन जिंक मैग्नीशियम पोटेशियम कैल्शियम, सेलेनियम मैगजीन कॉपर का बहुत अच्छा स्त्रोत है।

मूंगफली एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स से भरपूर होती है। इसलिए यह स्ट्रांग और दिल संबंधी समस्याओं के खतरे को कम करती हैं। वहीं गुड़ के साथ चीनी की गजक भी बाजार में उपलब्ध हैः। सर्दी के और पढ़ने के साथ इनकी मांग और बिक्री भी बढ़ेगी। गजब विक्रेताओं के कारखानों में कार्य कर गजक बनाने में जुटे हुए हैं दिल एवं गुण को मिलाकर गज्जक बनाई जा रही है। छोटा बाजार स्थित गज्जक विक्रेता सोनू सक्सेना ने बताया कि सर्दी बढ़ने पर बिक्री और बढ़ेगी।

# सरधना में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी, 25,000 रुपये निकाले और 8,650 रुपये की शॉपिंग की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** नगर में पुलिस चौकी के पास स्थित हिताची एटीएम पर कार्ड बदलकर लुटेरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। टाउन हाल रोड, सरधना निवासी मुबासशीर पुत्र अय्यूब ने बताया कि एटीएम पर मदद का बहाना बनाकर बदमाशों ने उनका कार्ड बदल दिया। कुछ ही देर में उनके खाते से 25,000 रुपये नकद निकाले गए और साथ ही 8,650 रुपये की शॉपिंग कर ली गई।



वारदात के बाद पीड़ित मुबासशीर का रो-रोकर बुरा हाल है। न्याय की गुहार लगाते हुए वह लगातार पुलिस के चक्कर लगा रहे हैं। पीड़ित ने प्रशासन से आरोपियों की गिरफ्तारी और राशि की रिकवरी की मांग की है।

# दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई 300 के नीचे,तेज हवाओं से मिली मामूली राहत,कल से छाएगा कोहरा

**नोएडा (आरएनएस)।** दिल्ली-एनसीआर में कई दिनों से बनी विषाक्त हवा के बीच मंगलवार सुबह लोगों को थोड़ी राहत मिलती दिखाई दी। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही सतही हवाओं ने वायु प्रदूषण को कुछ हद तक कम किया है। हवा की गति बढ़ने से प्रदूषक कण ऊपरी वायुमंडल में फैलने लगे हैं, जिसका असर सीधे तौर पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के स्तर पर देखा जा रहा है। शहर में प्रदूषण का स्तर लगातार 'बहुत खराबइ से 'गंभीरइ श्रेणी तक दर्ज किया जा रहा था, लेकिन आज कई मॉनिटरिंग स्टेशन 300 के नीचे आते दिखाई दिए। नोएडा में एक्यूआई में सुधार, कुछ स्टेशनों पर स्तर 255 के करीब सीपीसीबी और यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानक स्टेशनों के अनुसार नोएडा के सेक्टर-62 में एक्यूआई 255, सेक्टर-125 में एक्यूआई 313 और सेक्टर-116 में एक्यूआई 307 दर्ज किया गया। दिल्ली में भी कुछ जगहों पर स्थिति सुधरी दिखाई दी है।

दिल्ली के कई मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एक्यूआई 300 के नीचे दर्ज किया गया। उपलब्ध डेटा के अनुसारः पुसा झ 270, शादीपुर झ239, विवेक विहार - 323, वजीरपुर - 320 और आरके पुरम झ 313 एक्यूआई दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का पूवार्नुमानः कल से छाएगा कोहरा। आईएमडी की मौसम रिपोर्ट के अनुसार, 9 दिसम्बरः हल्की धुंध, तापमान अधिकतम 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस सुबह के समय हवा की गति 15-25 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। 10 दिसंबर को शैलो फॉग (हल्का कोहरा) रहने की संभावना है और तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।



इसी तरह 11 दिसम्बर को घना कोहरा छाने की संभावना जताई गई है और तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना हैं। मौसम विभाग का कहना है कि कल से सुबह के समय कोहरा बढ़ेगा, जिससे दृश्यता प्रभावित होने की संभावना है। तेज हवाएँ धीमी पड़ते ही प्रदूषण दोबारा बढ़ने की आशंका भी बनी हुई है।

# अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता के निर्देश पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दादरी।** नगर पालिका परिषद द्वारा अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता के निर्देश पर अवर अभियंता जयपाल सिंह व उत्कर्ष तोमर के नेतृत्व में 24 फूटा रेलवे रोड पर सड़क किनारे किये गये अस्थायी अतिक्रमण को हटाने हेतु कार्यवाही की गयी । अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने बताया कि रोड पर नोन वेन्डिंग जोन में अतिक्रमणकारी अस्थायी रूप से दुकान/ फड़ और ठेले लगाकर अतिक्रमण करते हैं,जिससे आने-जाने वाले सामान्य नागरिको को परेशानी का सामना करना पडता है एवं यातायात व्यवस्था भी बाधित होती है। जिन स्थानों से अतिक्रमण हटाया जायेगा पुलिस विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि जिन स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया है वहां पुनःअतिक्रमण न होने पाये यदि कोई अतिक्रमण करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध ठोस कार्यवाही की जाएगी । अवर अभियन्ता द्वारा बताया गया कि अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान में अवर अभियन्ता जयपाल सिंह एवं उत्कर्ष सिंह, बिजेंद्र, जेपी ,विक्रम, राजीव, राहुल इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहें।



# मेंक्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर के प्रज्ञान पब्लिक स्कूल मे मंगलवार को राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत कंपोजिट व उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की मेंक्विज प्रतियोगिता कराई गई। एआरपी हरेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता खंड शिक्षा अधिकारी मुहम्मद राशिद की अध्यक्षता में हुईं। जिसमे 120 बच्चों ने इसमें भाग लिया, जहां प्रथम राउंड में 25 बच्चों का चयन किया गया और सेकंड राउंड में इन 120 बच्चों मे से 10 बच्चों का चयन किया गया। इसके बाद थर्ड राउंड में इनमे से पांच बच्चे विनर रहे। इन बच्चों को साइंस किट, ट्रॉफी व शील्ड प्रदान की गई। साथ ही इन बच्चों के अकाउंट में सरकार द्वारा प्रोजेक्ट बनाने के लिए धनराशि भी दी जाएगी। इस मौके पर एआरपी हरेंद्र शर्मा, अर्चना शिरोमणि, सारिका गोयल, रति गुप्ता, सतपाल भाटी सहित 40 अध्यापक मौजूद रहे।




# जॉब-प्लेसमेंट के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा के थाना साइबर क्राइम व थाना फेस-1 नोएडा पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से मल्टी नेशनल कंपनियों में जॉब/प्लेसमेंट दिलवाने के नाम पर बेरोजगार युवाओ से ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए मास्टरमाइंड साइबर अपराधी विशाल कुमार पुत्र उमेश कुमार उम्र 23 वर्ष को सेक्टर-2 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त बी.ए पास है जिसके कब्जे से 01 लैपटॉप, 03 चैकबुक, 03 पासबुक, 19 डेबिट कार्ड, 29 सिम कार्ड, 30 मोबाइल फोन व 172 वर्क कालिंग सम्बन्धित डाटा बरामद किया गया है।

यह गिरोह फर्जी मेल आईडी, कॉल लेटर एंव अपॉइंटमेंट बॉड जैसे दस्तावेजो का उपयोग करते हुए लोगो से कमीशन के नाम पैसे ऐठता था। अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि कॉल सेन्टर के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को काल करके उनके मल्टिनेशल कम्पनी में नौकरी दिलाने का लालच देकर रजिस्ट्रेशन के नाम पर 4 हजार से 25 हजार रुपए की ठगी की जाती थी। विभिन्न कम्पनियो के नाम पर फर्जी ईमेल आईडी तैयार कर लोगों को ऑफर लेटर भेजकर उनसे प्लेसमेन्ट के नाम पर विभिन्न फर्जी बैंक खातों में धनराशि ट्रांसफर कराते थे। अभियुक्त, द्वारा करीब 10 से अधिक फर्जी बैक खातो में बेरोजगार युवको से लेनेदेन करते थे, जिन खातो में लाखो रुपए फ्रीज किये गये है इसके अतिरिक्त अभियुक्त पर कई धाराओं में मुकदमे दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।



**साइबर जागरूकता संदेश-**

नौकरी/जॉब ऑफर के नाम पर कोई अज्ञात व्यक्ति कॉल/ई-मेल कर पैसा मांगे तो सावधान रहें, कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट से सत्यापित करें। कभी भी अपना बैंक विवरण, ओटीपी, आधार, पैन या डेबिट कार्ड डिटेल अज्ञात व्यक्ति को न दें। साइबर ठगी की कोई भी घटना घटित होने पर पर तुरंत हेल्पलाइन नम्बर 1930 डायल करें या www.cyber-crime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।

## जनपद में एनडीआरएफ द्वारा फैमेक्स कार्यक्रम का आगाज

# कार्यक्रम में सर्पदंश व बाढ़ से बचाव की जानकारी दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** दिल्ली रोड स्थित एस.एस.वी. डिग्री कॉलेज में एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम द्वारा आपदाओं से बचाव एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। कार्यक्रम में 08वीं वाहिनी एनडीआरएफ गाजियाबाद की टीम ने प्राकृतिक, रासायनिक, जैविक, नाभिकीय एवं मानव निर्मित आपदाओं में राहत और बचाव कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। 08वीं वाहिनी एनडीआरएफ गाजियाबाद की टीम ने सीपीआर यानी कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन कि विस्तृत जानकारी दी।



सीपीआर एक जीवनरक्षक तकनीक है,जिसका उपयोग तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति की हृदयगति या सांस अचानक रुक जाती है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को यह विधि विस्तार से सिखाई गई। इसमें बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद हो जाए या वह सांस लेना बंद कर दे, तो तुरंत उसके सीने पर दबाव (चेस्ट कम्प्रेशन) दिया जाता है और कृत्रिम श्वसन (रेस्क्यू ब्रीदिंग) कराया जाता है। यह प्रक्रिया रक्त संचार और ऑक्सीजन की आपूर्ति को बनाए रखने में मदद करती है, जिससे व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। सरल शब्दों में, सीपीआर वह प्राथमिक उपचार है जो आपातकालीन स्थिति में अस्पताल पहुँचने से पहले किसी की जिंदगी बचाने का सबसे प्रभावी तरीका माना जाता है।




**बाढ़ से बचाव के उपाय**

बाढ़ से बचाव के उपाय बताए गए तैरने की तकनीक, नाव का नमूना बनाकर लोगों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया, तथा प्लास्टिक बोतलों को शरीर से बांधकर पानी में तैरने का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही लोगों को यह भी समझाया गया कि बाढ़ के समय घबराना नहीं चाहिए और सामूहिक सहयोग से ही सुरक्षित निकासी संभव होती है।

**हैमलिक पद्धति का प्रदर्शन किया**

एपडॉमिनल थ्रस्ट (हैमलिक पद्धति) का प्रदर्शन किया गया,प्रतिभागियों को समझाया गया कि यदि कोई बच्चा या व्यक्ति कुछ निगल ले तो उस समय व्यक्ति के पीछे खड़े होकर उसके पेट के ऊपर की ओर दबाव देना होता है, जिससे फंसी हुई वस्तु बाहर निकल जाती है।

**सर्पदंश से बचाव की दी जानकारी**

कार्यक्रम में जहरीले सांपों की प्रजातियों की पहचान कराई और बताया गया कि काटने की स्थिति में पट्टी कैसे बांधनी चाहिए। यदि गर्दन पर सर्प काट ले तो क्या करना चाहिए,साथ ही यह समझाया गया कि सर्पदंश के बाद घबराना नहीं चाहिए और तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए। प्रशिक्षण में यह बताया गया कि विष फैलने से रोकने के लिए प्रभावित अंग को स्थिर रखना आवश्यक है तथा समय पर उपचार से जीवन बचाया जा सकता है। अगर पैर मे सर्प काट ले उसके काटने से ऊपर कसके पटटी या को चीर बाँध देनी चाहिए जिससे की विष शरीर में ऊपर की आरे ना फैले तथा गर्दन पर सर्पदंश की स्थिति में पट्टी नहीं बांधनी चाहिए बल्कि रोगी को शांत रखकर तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए क्योंकि इस स्थान पर विष तेजी से फैल सकता है। इस अवसर पर प्रो0 संगीता अग्रवाल, प्रो0 आर0के0 शर्मा, डिप्टीडीन एच0आ0डी0, प्रो0 नवीन चंद सिंह प्राचार्य, 08वीं वाहिनी एनडीआरएफ गाजियाबाद की टीम स0उप0निर0 रामाकान्त सिंह यादव, हवलदार हुकुम सिंह, हवलदार प्रवीन कुमार,हवलदार मुन्ना कुमार, सिपाही दिनेश कुमार,जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से गजेन्द्र सिंह बघेल (आपदा विशेषज्ञ ),अमिता मिश्रा,सतीश कुमार, दीपक,नीरज कुमार,योगीराज व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मांगे पूरी नहीं हुई तो16 दिसम्बर के बाद उग्र होगा आंदोलनः मास्टर श्योराज सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा।** विभिन्न संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदाधिकारी कर चुके हे मांगों को लेकर पूर्व में महापंचायत यीडा अधिकारियों ने दिया आगामी 16 तारीख की वार्ता का समय।

रबूपुरा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर रोनिजा गांव में चल रहा भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति का धरना प्रदर्शन 135 वे दिन भी जारी रहा। आज का धरना प्रदर्शन जिलाध्यक्ष उदयभान चौधरी की अध्यक्षता में जारी रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह ने कहा कि आगामी 16 तारीख को यमुना विकास प्राधिकरण में किसान संगठनों की वार्ता तय है अगर वार्ता में मांगे नहीं मांगी गई तो धरना उग्र रूप धारण करेगा। वहां मौजूद सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि जब तक किसानों की, आबादी निस्तारण, अतिरिक्त मुआवजा, आवासीय प्लॉट, स्थानीय कंपनियों में कोटे के आधार पर नौकरी, घरों की घरोंनी, जल दोहन, आदि मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। इस दौरान राजेन्द्र सोलंकी, मनवीर सिंह, ओमवीर सिंह, राजन सिंह, शिले सिंह, शिवचन्नी, सतीश मलिक, नेत्रपाल सिंह, हरिओम सिंह, सुनील भाटी, रज्जू सिंह आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नेशनल हाईवे स्थित किंग्स विला बैंक्विट हॉल पर जीएसटी विभाग की छापेमारी में 5 करोड़ से अधिक की वित्तीय अनियमितता हुई उजागर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ़्फ़रनगर (डा०एमए तोमर)।** नेशनल हाईवे पर स्थित प्रसिद्ध किंग्स विला-7 बैंक्विट हॉल में जीएसटी विभाग की टीम ने छापेमारी कर व्यापक जांच की। विभागीय टीम द्वारा कई घंटों तक चले इस निरीक्षण में रिकॉर्ड की गहन पड़ताल की गई जिसमें प्रारंभिक जांच में पाँच करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार को कथित रूप से छुपाए जाने की बात सामने आई है। सूत्रों के अनुसार जांच टीम को बैंक्विट हॉल में आयोजित कार्यक्रमों से होने वाली आय के वास्तविक आंकड़ों और विभाग को भेजी गई विवरणियों में भारी अंतर मिला।विभाग ने संबंधित दस्तावेजों को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अनियमितताओं की पुष्टि होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह जांच संयुक्त आयुक्त राज्य कर मुजफ्फरनगर सिद्धेश चंद्र दीक्षित मुजफ्फरनगर के निर्देशन में मनोज कुमार शुक्ला उपायुक्त राज्य कर मुजफ्फरनगर के द्वारा अपनी टीम के साथ की गई। जिसमें शोभित श्रीवास्तव उपायुक्त योगेंद्र प्रसाद सिंह, मोहम्मद दानिश सहायक आयुक्त राजेंद्र शर्मा, सरदार अहमद राज्य कर अधिकारी शामिल रहे। जीएसटी विभाग की इस कार्रवाई से जिले के अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी हड़कंप मचा हुआ है।




## सिर चढ़ा इश्क का बुखार

## परवरिश के अभाव में पूर्व में दो बच्चियों की हो चुकी है मौत, महिलाओं पर टीवी सीरियलों का पड़ रहा बुरा प्रभाव

# आठ वर्ष में दो दर्जन से अधिक मम्मियां हुई प्रेमियों के साथ फरार, दिन पूर्व मम्मी दो बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ हुई फुर्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** कहते है कि इश्क वह आंधी है जो थामे नहीं थमती। ऐसे ही धारा प्रवाह में बह कर अपना और अपने बच्चों का जीवन तबाह कर रही हैं मम्मियां। जनपद में बीते आठ वर्षों में दो दर्जन से अधिक महिलाएं अपने बच्चों को रोता बिलखता छोड़ प्रेमी के साथ फरार हो गयी। जिनमें अभी तक कई मम्मियों का कोई सुराग नहीं लग सका है। इतना ही नहीं,पूर्व में परवरिश के अभाव में एक महिला की दो बच्चियां तो तडफ-तडफकर जान दे चुकी हैं। दो दिन पूर्व थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में मम्मी अपने दो बच्चों को छोड़कर 18 वर्षीय प्रेमी के साथ फरार हो गयी। इस हाईटेक युग में टीवी सीरियलों की बाढ़ क्या आई? उन्होंने शादीशुदा महिलाओं के जीवन जहर सा घोलकर रख दिया है। खासकर टीवी सीरियलों में तो पति-पत्नी के बीच वो की अहम भूमिका दिखाई जाती है और मध्यम से मध्यम परिवार की महिलाओं को चमक-दमक व आभूषणों से परिपूर्ण दिखाया जाता है। ऐसे ही दिखने की लालसा परिवार की महिला के कदम बहकने लगते हैं और जब एक बार कदम घर की दहलीज से बाहर निकल गए तो फिर थमते नहीं।

आपको बता दें,के करीब आठ वर्ष पूर्व मोहल्ला कामसमपुरा निवासी कल्लो काल्पनिक नाम अपने चार छोटे छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़कर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी थी। जिस पुलिस ने मेरठ से बरामद कर लिया था। जिसके बाद कल्लों ने अपने पति के साथ घर जाने के स्थान पर प्रेमी के साथ जाने की इच्छा जताई। आदर्शनगर कालोनी निवासी सुलिया (काल्पनिक नाम) का तो पत्नी के घर से जाने के बाद घर ही तबाह हो गया। परवरिश के अभाव में उसकी दोनों मासूम बेटियां अकाल मौत का ग्रास बन गईं थी। गढ़ क्षेत्र के गांव निवासी मुन्नी काल्पनिक नाम अपने चार बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। शहर के मोहल्ला निवासी भोला की पत्नी रेशमा दोनों काल्पनिक नाम ससुराल से अपने मायके जाने को कह गयी थी। लेकिन मायके पहुंचकर अपने प्रेमी के साथ फुर्र हो गयी। शहर मोहल्ला साकेत निवासी शालू काल्पनिक नाम अपने तीन बच्चों को छोड़कर अपने कुंवारे प्रेमी के साथ फरार हो गयी। जबकि शालू ने तो अपनी एक पुत्री की शादी भी कर दी है। सिंभावली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने तीन बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ फरार फरार हो गयी। जिसे पुलिस ने प्रेमी सहित बरामद भी कर लिया। मम्मी की जिद् के चलते पुलिस ने उसे प्रेमी के साथ भेज दिया।





अलका निम

अब थाना हापुड़ देहात क्षेत्र निवासी 40 वर्षीय दो बच्चों की मां अपने 18 वर्षीय प्रेमी के साथ लाखों रुपये के जेवरात व 80 हजार की नगदी लेकर फरार हो गयी। और अपने दो बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गयी। महिला के एक दस वर्षीय बेटा व आठ वर्षीय बेटी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मम्मियों पर चढ़ते इश्क के बुखार के चलते न जाने कितने मासूमों की जिंदगी तबाह हो रही है फिर भी आये दिन किसी न किसी मम्मी को इश्क का बुखार चढ़ जाता है। जिसके चलते वे अपने बच्चों को रोता बिलखता छोड़ अपने प्रेमी के साथ फरार हो जाती है।

परिवार परामर्श समिति की सदस्य व नारी दहेज उन्मूलन संस्था की प्रदेश अध्यक्षा अलका निम ने बतायाकि शिक्षा का अभाव व परिवारों में नैतिक मूल्यों का पतन होने के कारण महिलाएं अपने बच्चों को छोड़कर जा रही है। जो कि गंभीर विषय है।

# ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल में प्रभु नागराज बने वाइस प्रेसिडेंट, रमाशंकर पांडे को मिली कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल सेक्टर में युवाओं को कौशल देने वाली प्रमुख संस्था ऑटोमोटिव स्किल?स डेवलपमेंट काउंसिल (एएसडीसी) ने अपने लीडरशिप टीम में दो अहम नियुक्तियां की हैं। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (ल्टरक) के कॉर्पोरेट अफेयर्स हेड प्रभु नागराज को नया वाइस प्रेसिडेंट, जबकि टाटा ग्रीन बैटरियों के पूर्व सीईओ और एएसडीसी गवर्निंग काउंसिल के सदस्य रमाशंकर पांडे को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

लगभग 35 साल के अनुभव वाले प्रभु नागराज ग्राहक सेवा, ब्रांड रणनीति, रोड सेफ्टी और पॉलिसी एडवोकेसी में लंबे समय से काम कर रहे हैं। वह सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग के स्किलिंग ग्रुप के सह-अध्यक्ष भी हैं और भारी उद्योग मंत्रालय की कई अहम समितियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। इलेक्ट्रिक और



डिजिटल तकनीक के बढ़ते दौर में उनकी नियुक्ति से एएसडीसी को लाभ मिलेगा। 28 साल से अधिक का अनुभव



रखने वाले रमाशंकर पांडे ऑटोमोबाइल और ऑटो-कंपोनेंट उद्योग में एक बड़ा नाम हैं। वह तकनीशियनों के सशक्तिकरण, सड़क सुरक्षा और ग्राहक अधिकारों के पक्ष में लगातार सक्रिय रहे हैं। उनका अनुभव एएसडीसी के वित्तीय और रणनीतिक ढांचे को और मजबूत करेगा। अरऋ के चेयरपर्सन विंकेश गुलाटी ने दोनों का स्वागत करते हुए कहा कि इनकी विशेषज्ञता—निर्माण, सड़क सुरक्षा, स्किलिंग और उद्योग नीति—देश में भविष्य की ऑटोमोबाइल वर्कफोर्स तैयार करने में बड़ी भूमिका निभाएगी। अपनी नियुक्ति पर प्रभु नागराज ने कहा कि मोबिलिटी सेक्टर तेजी से बदल रहा है। ऐसे समय में स्किलिंग सबसे अहम है, और मैं इस दिशा में मिलकर काम करने को उत्साहित हूं। वहीं अरऋ की पहली गवर्निंग काउंसिल बैठक में स्वागत किए गए श्री रमाशंकर पांडे ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में हमें स्किल्स को आकांक्षी बनाना होगा। हमें डिग्री और डेज़िग्नेशन के मोह से बाहर निकलकर कौशल को महत्व देना चाहिए। एएसडीसी में उनकी नई भूमिका इसी पर फोकस होगा।

# भारत सरकार गृह मंत्रालय,महानिदेशक नागरिक सुरक्षा द्वारा प्रायोजित नागरिक सुरक्षावार्डन,स्वयं क्षमता निमार्ण का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के दिये निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** कृते उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा ने पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय, महानिदेशक नागरिक सुरक्षा द्वारा प्रायोजित नागरिक सुरक्षा के वार्डन, स्वयं क्षमता निमार्ण का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के अनुपालन में दिनांक 09.12.2025 की पूर्वान्ह 10:30 बजे से रामलीला मैदान, कविनगर के ऑडिटोरियम में वार्डन, स्वयंसेवक क्षमता निमार्ण प्रशिक्षण का द्वितीय सत्र आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में गुलाम नबी सहायक उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वारा आग का त्रिभुज और आग बुझाने के सिद्धान्त एवं अग्नि की विधियों पर प्रकाश डाला गया। भोजन अन्तराल के उपरांत अग्निशमन विभाग से आये हुए अधिकारी द्वारा अग्निशमन दल का गठन एवं आग की वर्गीकरण, आग लगने के कारण एवं आग से बचाव पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

उक्त प्रशिक्षण में विमलेश, भण्डार अधीक्षक, हर्ष वर्मा, डिवीजनल वार्डन, आरक्षित एवं दीपक अग्रवाल, डिवीजनल वार्डन टाउन हॉल प्रखण्ड नागरिक सुरक्षा द्वारा प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक आयोजन में नागरिक सुरक्षा के समस्त स्टॉफ तथा वरिष्ठ वार्डनों द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। तत्पश्चात प्रशिक्षण का सांय 04:30 बजे प्रशिक्षण का समापन किया गया।

# संदीप त्यागी रसम बने शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान के एनसीआर क्षेत्र के संगठन मंत्री

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान अंतर राष्ट्रीय स्तर पर सनातन संस्कृति की सेवा मे अनवरत संलग्न संगठन है शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान का गुरूग्राम स्थित विश्व शांति केन्द्र मे दो दिवसीय प्रेरणा एवं परिचय बैठक का आयोजन किया गया।

इस गुणवत्तापूर्ण आयोजन में मार्गदर्शक संरक्षक पूज्य संत विजय कौशल जैन संत आचार्य लोकेश मुनि गुरू पवन सिन्हा व सीपी चौहान की पावन उपस्थिति में संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रशांत कोतवाल ने संदीप त्यागी रसम को शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान ने अपना संगठन मंत्री एनसीआर क्षेत्र घोषित किया शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान आस्था के केन्द्र मंदिर को शक्ति केन्द्र बनाने के लिए कार्य कर रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मंदिर अर्थात मठ मंदिर गुरूद्वारा जिनालय सब इसमे निहित हैं।

इस अवसर पर उपस्थित तीनो संतजन ने अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए संदीप त्यागी रसम को गुलाब का पुष्प आशीर्वाद स्वरूप भेंट किया इस आयोजन मे







बी एल सोनी (रि आईपीएस) को संगठन का राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। संदीप त्यागी रसम के साथ इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के बालकिशन गुप्ता पंडित अशोक भारतीय रितेश शर्मा गीता त्यागी अरूण शर्मा राजेश योगीराज चरणसिंह नीरज गोयल सूबे सिंह राणा उपस्थित रहे संदीप त्यागी रसम ने संगठन के शीर्ष नेत्रत्व का आभार व्यक्त किया व शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय महामंत्री संजय शर्मा संगठन मंत्री प्रशांत कोतवाल सहसंगठन मंत्री रवि कटारिया का आभार व्यक्त किया व संगठन ने जो विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने का हर सम्भव प्रयास करने का आश्वासन दिया केडी पाठक रवि कटारिया व राष्ट्रीय महामंत्री संजय शर्मा ने अलग अलग सत्र में अपने कुशल संचालन से आयोजन को सफल बनाया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में गाजियाबाद बनेगा नंबर वन नगर आयुक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** स्वच्छता के क्षेत्र में नगर निगम ने एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए न केवल शहर का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। 25 सितंबर 2025 को आयोजित एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अंतर्गत एक घंटे (सुबह 8:00 से 9:00 बजे) में 15,156 लोगों ने स्वच्छता गतिविधियों में हिस्सा लेकर अभूतपूर्व सहभागिता का प्रदर्शन किया। इस अद्वितीय अभियान ने जनभागीदारी की शक्ति को नए सिरे से उजागर किया, जिसमें नगर निगम के कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों तथा आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार विशाल सफाई अभियान का नेतृत्व अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा किया गया, नगर निगम टीम ने व्यापक तैयारी करते हुए शहर में जागरूकता और साफ सफाई की गतिविधियाँ संपादित कीं। अभियान का उद्देश्य केवल

### नगर निगम ने रचा स्वच्छता का नया इतिहास, एक घंटे में 15156 प्रतिभागियों ने मिलकर चलाया स्वच्छता अभियान, बनाया इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड

है, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा टीम को अवार्ड सर्टिफिकेट और मेडल प्रदान करके सम्मानित किया। यह सम्मान न केवल नगर निगम की मेहनत और प्रतिबद्धता की पहचान है, बल्कि शहरवासियों की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी का प्रमाण भी है।

अभियान के दौरान शहर के विभिन्न इलाकों में सफाई अभियान चलाए गए, जिसके तहत सड़कों, पार्कों, सार्वजनिक स्थलों और सामुदायिक क्षेत्रों की सफाई की गई। नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु कई स्थानों पर जागरूकता रैलियाँ और संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। स्कूल-कॉलेज के छात्रों, रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, स्वयंसेवी समूहों





सफाई करना भर नहीं था, बल्कि नागरिकों में यह संदेश प्रसारित करना था कि स्वच्छता तभी स्थायी परिणाम देती है जब हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए और सामूहिक प्रयास से शहर को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान करे, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में गाजियाबाद नगर निगम का नाम दर्ज हुआ जिस पर नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश सहित समस्त टीम,सफाई मित्रों, स्वच्छ भारत मिशन टीम को शुभकामनाएं देते हुए उत्साह वर्धन किया गया ।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि ऐतिहासिक सफलता को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है जो कि शहर के लिए बहुत ही उत्साह का विषय और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने बड़ी संख्या में जुटकर इस अभियान को अभूतपूर्व सफलता दिलाई। नगर आयुक्त द्वारा टीम का उत्साहवर्धन करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में गाजियाबाद को प्रथम नंबर लाने के लिए मोटिवेट किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को भी मेहनत के साथ योजना बनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए । महापौर सुनीता दयाल द्वारा उपलब्धि पर शहरवासियों और सभी प्रतिभागियों का शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता निरंतर प्रक्रिया है और यह रिकॉर्ड जनता के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

# राजेंद्र नगर सेक्टर-5 में बद्रीनाथ धाम सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**बुलन्द सांदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन भक्तिमय वातावरण के बीच जारी है। मंगलवार को कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। भक्ति संगीत, कीर्तन और मंत्रोच्चार से पूरा परिसर आध्यात्मिक माहौल में डूबा रहा।

कथा का वाचन भागवत आचार्य पत्रिका आश्रम वशी तप पुत स्वामी श्री गरुड़ध्वज जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। महाराज ने अपने प्रवचन में श्रीमद् भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा मन, बुद्धि और आत्मा को पवित्र करने वाला अद्भुत माध्यम है। उन्होंने भक्तों को जीवन में संतुलन, श्रद्धा और सेवा भाव अपनाने का संदेश दिया। महाराज ने ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद भक्ति और भगवान की करुणा पर आधारित प्रसंगों को सरल भाषा में सुनाकर उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान कई बार श्रद्धालु तालियों और ह्लजय श्रीरामह्व, ह्लजय श्रीकृष्णह्व के जयकारों से वातावरण गुंजायमान करते रहे। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन कथा से पूर्व भव्य भजन संध्या का आयोजन भी किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर व्यवस्था को लेकर बद्रीनाथ धाम सेवा समिति के पदाधिकारी विशेष रूप से सक्रिय दिखे। श्रद्धालुओं के लिए बैठक व्यवस्था, जलपान, सुरक्षा और वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था की





गई है। समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में कथा में भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य, गोवर्धन लीला और रास लीला जैसे प्रमुख प्रसंगों का वाचन किया जाएगा। कथा का आयोजन 7 दिनों तक चलेगा, जिसके समापन पर हवन और भंडारे का आयोजन होगा। श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# कारखाने के लाईसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया है तो अपने कारखाने का लाईसेंस वेबसाईट पर ऑनलाईन करें

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कृपांशु गुप्ता सहायक निदेशक कारखाना उ०प्र०, कारखाने के लाईसेंस का क्षेत्र गाजियाबाद एवं हापुड़ में संचालित समस्त कारखानों के दखलकारों, प्रबन्धकों को सूचित किया है कि कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत पंजीकृत ऐसे कारखाने जिनके द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करते हुये अपने कारखाने के लाईसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया गया है तथा वर्तमान में इनके द्वारा अपने कारखाने का संचालन बिना लाईसेंस प्राप्त किये किया जा रहा है को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने कारखाने का लाईसेंस नवीनीकरण निवेश मित्र वेबसाईट पर ऑनलाईन कराते हुये कारखाना अधिनियम के प्राविधानों का कढ़ाई से अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दृष्टि में विभाग द्वारा नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अपनाई जाने की विवशता होगी।

# युवाओं, युवतियों को रोजगार, स्वरोजगार से जोडकर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाना तथा हर हाथ को काम सरकार की पहली प्राथमिकता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी कार्यालय जिला सेवायोजन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि युवाओं, युवतियों को रोजगार, स्वरोजगार से जोडकर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाना तथा हर हाथ को काम सरकार की प्राथमिकताओं में है। सरकार के संकल्प पत्र में युवाओं को रोजगार पर विशेष बल दिया गया है।

उक्त के क्रम में श्रम एवं सेवायोजन की ओर से "वृहद रोजगार मेला" का आयोजन किया जा रहा है। यह एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आगामी दिनांक 18 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 10 बजे जनपद गाजियाबाद स्थित आर०डी० इंजी० कॉलेज, में किया जा रहा है। इस वृहद रोजगार मेलें में विभिन्न पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। बेरोजगार अभ्यर्थियों को निम्न पदों पर नियुक्त किया जायेगा। (रिलेशनशिप अफसर, रिलेशनशिप मैनेजर, एरिया सेल्स मैनेजर, प्रोडक्शन ऑपरेटर, क्वालिटी ऑपरेटर, एजेंट,सिटी करियर, एजेंट,बीमा सखी, Operators-in प्रोडक्शन डिपार्टमेंट, F&A फ्रेशर आदि)।

**उक्त मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल रोजगारसंगम..up.gov.in पर पंजीकृत होकर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं**

उक्त पदों पर चयनित उम्मीदवारों को पंद्रह हजार से पचास हजार रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा। चयनित अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवास एवं भोजन सुविधा नियोक्ता द्वारा दी जायेगी। अतः उक्त मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल रोजगारसंगम. up.gov.in पर पंजीकृत होकर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण एवं अन्य किसी असुविधा की स्थिति में जिला सेवायोजन कार्यालय, में सम्पर्क कर सकते है।

# भारत के सबसे लंबे इंसान करण सिंह पहुंचे गाजियाबाद, फोटो खिंचवाने के लिए उमड़ा हुजूम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** भारत के सबसे लंबे व दुनिया के दूसरे नम्बर सबसे लंबे इंसान करन सिंह गाजियाबाद

- **गौरव बंसल ने करण सिंह और मोहित गुर्जर को राधा कृष्ण की चांदी की छवि देकर किया विशेष सम्मान**
- **शॉपिंग करने गए करण को नहीं मिले अपने साइज के जूते और कपड़े**

पहुंचे। यहां उन्होंने गौसेवक और भारत गौरव अवार्डी मोहित गुर्जर और समाजसेवी गौरव बंसल से मुलाकात की। इस विशेष अवसर पर शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला और लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इतने लंबे इंसान को देखकर लोगों में उनसे मिलने की और सेल्फी लेने की होड़ सी मच गई।

गाजियाबाद आगमन के बाद करण सिंह ने मोहित गुर्जर और गौरव बंसल के साथ शगुन स्वीट्स का दौरा किया। इस दौरान उनका शगुन स्वीट्स की ओर से भव्य स्वागत किया गया। दुकान के मालिक हर्ष बंसल ने करण सिंह और मोहत गुर्जर का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

वहीं समाजसेवी गौरव बंसल ने भी करण सिंह और मोहित गुर्जर को राधा कृष्ण की चांदी की छवि देकर विशेष सम्मान किया। इस मौके पर करण सिंह ने गौरव बंसल के साथ भोजन भी किया।गौरव बंसल ने कहा कि गाज़ियाबाद के लिए गर्व का क्षण है कि विश्व प्रसिद्ध व्यक्तित्व करण सिंह और हमारे गाजियाबाद आए है।



करण मूल रूप से सहारनपुर के रहने वाले हैं। वह फिलहाल मेरठ के भंगेला में अपने फार्म हाउस में रहते हैं।

**नहीं मिले अपने साइज के कपड़े और जूते**

गाजियाबाद पहुंचने पर करण सिंह शॉपिंग करने भी कई स्थानों पर गए। यहां न तो उन्हें अपने नाप के कपड़े ही मिले और न ही जूते। इसके बाद दुकानदार ने उनके पैरों का नाप लेकर स्पेशल डिमांड पर 20 नम्बर का जूता बनवाने के लिए भेजा है।

**9 फीट के बैड पर सोते हैं करण सिंह**

करण सिंह ने बताया कि जब वह 8 साल के थे तब वह साढ़े 6 फीट के थे। वह अब 18 वर्ष के हैं और उनकी हाइट 8.2 फीट है। उनका बिस्तर भी 9 फीट का है। करण कक्षा 12 में पढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि तुर्की के सुल्तान कोसेन उनसे बस कुछ इंच ही लंबे हैं। करण को भरोसा है कि उम्र के साथ वह इस रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ देंगे। करण के नाम फिलहाल तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं।

**जन्म भी रहा है खास**

करण सिंह का जन्म भी बेहद खास रहा है। वह दुनिया के सबसे भारी और लंबे नवजात शिशु के रूप में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हैं। जन्म के समय उनकी लंबाई 3 फीट और वजन 8.87 किलोग्राम था। करण के पिता संजय सिंह की लंबाई 6.5 फीट है, जबकि उनकी मां श्वेतलाना 7 फीट लंबी हैं. श्वेतलाना बास्केटबॉल की राष्ट्रीय खिलाड़ी और कोच भी रह चुकी हैं।

करण सिंह की अप्रत्याशित ऊँचाई और मोहित गुर्जर की लोकप्रियता के चलते शगुन स्वीट्स में फोटो और वीडियो लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। सोशल मीडिया पर भी इस विज़िट की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इस मोके पर मयंक सूद फाउंडर हैप्पी टेल्स फाउंडेशन व अंकित पाल भी मौजूद रहे।

पार्टनरशिप

विपिन शहंशाह हलवाई द्वारा बनाए गए प्रसाद की बहुत प्रशंसा की गई

# वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी और GNIDA ने नोएडा कैंपस स्थापित करने के लिए पार्टनरशिप को औपचारिक रूप दिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (GNIDA) ने आज वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (हरव) के साथ उत्तर प्रदेश का पहला विदेशी यूनिवर्सिटी कैंपस नोएडा में स्थापित करने के लिए अपनी पार्टनरशिप को औपचारिक रूप दिया। यह समझौता GNIDA के क्षेत्र को वैश्विक शिक्षा और इनोवेशन हब के रूप में स्थापित करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में आगे बढ़ाने के विजन के अनुरूप है। इस समझौते पर हस्ताक्षर नई दिल्ली के आईटीसी मौर्या में ऑस्ट्रेलिया सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और भारत के उच्च शिक्षा समुदाय के वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में हुए।

प्रमुख उपस्थित लोगों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, अतिरिक्त मुख्य सचिव, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास और निगम आलोक कुमार, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार एमपी अग्रवाल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर और वाइस प्रेसिडेंट प्रोफेसर जॉर्ज विलियम्स, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी की प्रोवोस्ट प्रोफेसर डेबोरा स्वेनी, डेलॉइट के निदेशक अरविंद गुप्ता और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के अउएड सौम्या श्रीवास्तव शामिल थे। उनके साथ ऑस्ट्रेलिया सरकार के शिक्षा मंत्री मा0 जेसन क्लेयर सांसद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के अध्यक्ष डॉ. विनीत जोशी और (GNIDA) IIT रोपड़ और हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक नेता भी शामिल थे। यह पार्टनरशिप ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी परिसर के भीतर हरव के नए कैंपस की स्थापना का समर्थन करती है और सस्टेनेबिलिटी, जल प्रबंधन, कृषि,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिजनेस





इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में वैश्विक शिक्षण, अनुसंधान और उद्योग-जुड़े शिक्षण तक पहुंच को मजबूत करेगी। अपने चरणबद्ध लॉन्च के हिस्से के रूप में, यूनिवर्सिटी पहले साल में बिजनेस एनालिटिक्स, मार्केटिंग, डेटा साइंस, सस्टेनेबल वॉटर फ्यूचर्स और एग्रीकल्चर में प्रोग्राम पेश करने की योजना बना रही है,जिसके बाद दूसरे साल में इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप और सप्लाई चेन मैनेजमेंट में टइअ प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा, उत्तर प्रदेश शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों में तेजी से बढ़ रहा है, और इस तरह की पार्टनरशिप यह दिखाती हैं कि दुनिया अब हमारे राज्य के विकास एजेंडा पर कितना भरोसा करती है। एक प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई यूनिवर्सिटी का आना सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं है, यह हमारे युवाओं, खासकर लड़कियों के लिए अवसरों का एक नया क्षितिज खोलता है, जो असाधारण उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। यह कैंपस उन्हें उन महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करेगा, जिन्हें राज्य के भीतर हासिल करना पहले मुश्किल था। जैसे-जैसे उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, इस तरह के सहयोग कुशल, भविष्य के लिए तैयार प्रतिभा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे जो भारत की विकास गाथा में सार्थक योगदान देगी।

इस सहयोग पर विचार करते हुए, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास और निगम के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक कुमार ने कहा यह सहयोग हमारे युवाओं की आकांक्षाओं और राज्य में उनके लिए उपलब्ध अवसरों के बीच के अंतर को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर प्रदेश में देश की सबसे युवा आबादी में से एक है, और ग्रेटर नोएडा ने पहले ही खुद को प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और नवाचार के लिए एक संपन्न केंद्र के रूप में स्थापित कर लिया है। मुझे विश्वास है कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी की उपस्थिति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और उभरते क्षेत्रों में वैश्विक विशेषज्ञता लाकर इस इकोसिस्टम को और मजबूत करेगी। यह रणनीतिक साझेदारी उच्च-गुणवत्ता वाले शैक्षणिक रास्ते और उद्योग-संरेखित कौशल बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है जो छात्रों को कल की अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार करते हैं।

ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करते हुए, ऑस्ट्रेलिया सरकार के शिक्षा मंत्री, जेसन क्लेयर टढ ने कहा यह साझेदारी शानदार तरीके से ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच युवाओं को एक स्थायी और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी भविष्य के लिए जरूरी कौशल हासिल करने में मदद करने की साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है।

# स्वर्गीय ओमप्रकाश गोयल की स्मृति में सेवा कार्य,भंडारे का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** स्वर्गीय ओमप्रकाश गोयल की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर नगर के वरिष्ठ व्यापारी राजेश मोहन गोयल आकाश इलेक्ट्रॉनिक की ओर से किसान धर्म कांटे के समीप श्रद्धा एवं सेवा भावना के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में नगरवासियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में राहगीरों और श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया।



कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय ओमप्रकाश गोयल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ की गई। भंडारे में भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे सभी को सहज रूप से प्रसाद उपलब्ध कराया जा सका।

इस अवसर पर राजेश मोहन गोयल ने कहा कि उनके पिता हमेशा समाजहित और परोपकार के कार्यों से जुड़े रहे। उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष पुण्यतिथि पर सेवा कार्य कर उन्हें नमन किया जाता है। आयोजन को सफल बनाने में परिवारजनों व सहयोगियों का उल्लेखनीय योगदान रहा। भंडारे के दौरान श्री भगवान, अशोक कुमार गोयल, हरिओम गोयल, नरेश सिंघल, दिनेश सिंघल, संजीव सहित गोयल परिवार के सदस्यों ने स्वयं प्रसाद वितरण कर सेवा की। नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने आयोजन की सराहना की।

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताः खेलकूद को बच्चे अपनी जीवनशैली में शामिल करें: योगेश गुप्ता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,सिंभावली।** जनपद के विकास खण्ड सिम्भावली के ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी योगेश गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वजन व हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को

## विजेता बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कृत किया

बीईओ ने पुरस्कृत किया। बीईओ योगेश गुप्ता ने बच्चों से खेलकूद को अपनी नियमित उत्साहवर्धन जीवन शैली में सम्मिलित करने को प्रेरित किया। बच्चे खेलकूद के माध्यम से अपना भविष्य भी संवार सकते है।

ब्लाक अध्यक्ष संदीप सिरोही द्वारा बच्चों को खेल के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है। खेलो के नियम पालन से स्वभाव का विकास होता है और मन एकाग्र रहता है।

जूनियर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने कहा कि खेल से खिलाडि?ों में सहिष्णुता,धैर्य एवं साहस का विकास होता है तथा सामूहिक विकसित होती है।प्रवीण शर्मा ने सभी छात्रों को खेल खेलने नियम पालन करने एवं अनुशासन में रहने की सीख दी बालक वर्ग में प्राथमिक स्तर कबड्डी में पीरनगर न्याय पंचायत





पीरनगर प्रथम,एवं बागड़पुर द्वितीय रहा। प्रा0 स्तर कबड्डी में बालक वर्ग में न्यायपंचायत पीर नगर प्रथम, एवं कनिया कल्याणपुर द्वितीय रहा। प्राथमिक स्तर खो-खो बालिका वर्ग में न्यायपंचायत पीरनगर प्रथम एवं बागड़पुर द्वितीय रहा। उच्च प्रा0 स्तर खो-खो बालिका वर्ग में न्यायपंचायत दतियाना प्रथम एवं कनिया कल्याणपुर द्वितीय रहा।50 मी. दौड़ में प्राथमिक स्तर बालक में शिवा प्रथम एवं बालक वर्ग में हिमान्शु नार हरोड़ा द्वितीय रहा। 100 मी. दौड में 30 प्राथमिक स्तर पर जिशान वेंट में प्रथम एवं शिवम दयानगर द्वितीय रहा। खण्ड शिक्षा अधिकारी योगेश गुप्ता द्वारा सभी विजयी छात्रा को पुरस्कार स्वरूप मेडल वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर अंजू तोमर, आशा, लक्ष्मी, सुबोध, ललित एवं नदीम, ममता सिरोही आदि मौजूद थे।

# पिलखुवा के खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** दिल्ली में आयोजित नॉर्थ इंडिया रॉ पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में पिलखुवा की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर नगर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में उत्तर भारत के अलग-अलग राज्यों से आए 400 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिससे मुकाबले का स्तर काफी उच्च रहा।

पिलखुवा के खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में उत्कृष्ट शक्ति प्रदर्शन किया। राजेश ने 74 किग्रा सब-जूनियर वर्ग में 520 किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान प्राप्त किया। शिवम ने 66 किग्रा जूनियर वर्ग में 515 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं अनश ने 66 किग्रा सब-जूनियर वर्ग में 95 किलोग्राम बेंच प्रेस लगाकर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा कार्तिक ने 74 किग्रा वर्ग में 290 किलोग्राम और योगेंद्र ने




58 किग्रा वर्ग में 135 किलोग्राम भार उठाकर विजेता बने। अनुज ने भी अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर टीम की सफलता में योगदान दिया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कोच जीतेंद्र कुमार व कोच असगर अली उर्फ खान नेशनल स्ट्रांग मैन ऑफ इंडिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। प्रतियोगिता के दौरान कोच जीतेंद्र कुमार और शाहरुख टीम के साथ मौजूद रहे। प्रतियोगिता से लौटने पर पिलखुवा पहुंचने पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। एमडी अकबर अली, श्री बिरज मोहन सिंह नगर अध्यक्ष भारतीय किसान संघ, नेपाल कुमार, राजू ढकोलिया व एमडी शरीफ ने फूल-मालाएं पहनाकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उमेश सारस्वत भी उपस्थित रहे।

# चेकिंग में दो शातिर वाहन पुलिस के हत्थे चढ़े, चोरों के कब्जे से बाइक के पार्ट्स व बाइक काटने के उपकरण बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद की सदर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग में दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से मोटर साइकिल के पार्ट्स व बाइक काटने के उपकरण बरामद किये है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार बिष्टद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह के निर्देश पर जनपद में वाहन चोरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान में दौरान कोतवाली पुलिस ने अशोक इंटर कालेज के निकट से दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से मोटर साइकिल के पार्ट्स व बाइक काटने के उपकरण बरामद किये है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार वाहन चोरों के नाम ललित पुत्र बिजेन्द्र निवासी ग्राम सरावा व हर्षित शर्मा पुत्र राजीव शर्मा निवासी ग्राम सरावा थाना हापुड़ नगर व जिला हापुड़ है।



# धौलाना पुलिस ने एक महिला व एक बाल अपचारी चोर को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** थाना धौलाना पुलिस ने एक महिला व एक बालअपचारी चोर को गिरफ्तार कर दो चोरी की घटनाओ का खुलासा किया है। इन दोनों से पुलिस ने चोरी के करीब 18 हजार रू तथा सोने, चांदी के जेवर आदि बरामद किए है । पुलिस ने बताया

## धौलाना क्षेत्र में घरों को बनाते थे निशाना

गिरफ्तार महिला का नाम नईमा पति मारूफ निवासी ग्राम दौताई थाना गढ़मुक्तेश्वर हापुड़ , हाल निवासी शहीद नगर साहिबाबाद गाजियाबाद है ।जबकि दूसरा इसके साथ नाबालिग है। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला ने अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर गत दिनों थाना क्षेत्र में दो घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इनके पास से 17900 रू, एक मोबाइल, सोने, चांदी के जेवर आदि मिले है।




# हापुड़ विकास क्षेत्र में गरजा एचपीडीए का बुलडोजर, 13000 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग कराई ध्वस्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ के

- **प्राधिकरण की कार्यवाही से कालोनाइजरों में मचा हैं, हड़कंप**
- **जनता से अपील,मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य व प्लाटिंग करें: प्रभारी सचिव**

निर्देश पर प्राधिकरण के अधिकारियों ने मंगलवार को पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से हापुड़ विकास क्षेत्र में दो स्थानों पर 13000 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने की कार्यवाही कराई गयी। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माणकर्ताओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव,सक्षम अधिकारी अमित कादियान ने बताया कि हापुड़ विकास क्षेत्र के थाना देहात क्षेत्र में विनोद कुमार जैन द्वारा एलएन रोड पर 3000 वर्ग मीटर व योगेन्द्र अग्रवाल द्वारा संस्कार स्कूल के पीछे साकेत कालोनी में 10000 वर्ग मीटर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया।

उन्होंने अवैध निर्माणकर्ताओ व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निमार्णों को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निर्माणो को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी।



प्रभारी सचिव ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा दिसंबर माह में अलग-अलग तिथियों में अभियान चलाकर अवैध निर्माण व प्लाटिंग को ध्वस्तीकरण किया जायेगा। इस अभियान में प्रवर्तन प्रभारी ऋषि कुमार शर्मा,अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद रहा।

**टीकाकरण** | 10 से 25 दिसंबर तक गोवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जायेगा

# आओ मिलकर टीका पशुओं को लगवायें,लम्पी स्किन डिजीज से इन्हें बचाएंः डा.मिश्रा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**हापुड़।** जनपद में लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम हेतु जिले में 10 से 25 दिसंबर तक समस्त गोवंशीय पशुओं में निःशुल्क एल0एस0डी0 टीकाकरण करने के लिए अभियान संचालित किया जायेगा। एल0एस0डी0 टीकाकरण अभियान हेतु

## जिले को टीकाकरण करने के लिए 48 हजार वैक्सीन प्राप्त

जनपद को 48000 वैक्सीन प्राप्त हुयी है। इस अभियान के लिए डा0 ओमवीर सिंह, उ0मु0प0चि0अ0,सदर हापुड़ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि लम्पी स्किन डिजीज एक विषाणुजनित रोग है जो अधिकांश गोवंशीय पशुओं मे पाया जाता है। इस रोग से प्रभावित गोवंश में तेज बुखार, आंख व नाक से पानी गिरना,पैरो में सूजन, पूरे शरीर मे कठोर एवं चपटी गांठ आदि प्रकार के लक्षण पाये जाते हैं। कभी-कभी सम्पूर्ण शरीर की चमड़ी विशेष रूप से सिर, गर्दन, थूथन, थनों, गुदा व अण्डकोष या योनिमुख के बीच के भाग पर गांठो के उभार बन जाते है। गम्भीर रूप से प्रभावित गोवंश में नैक्रोटिक घाव, श्वसन पथ में घाव होने से सांस लेने में कठिनाई हाती है। पशु का वजन घट जाता है, शरीर कमजोर हो जाता है एवं अत्याधिक कमजोरी से पशु की मृत्यु भी हो सकती है। गाभिन पशुओं में गर्भपात हो सकता है, दुधारू गोवंश में दुग्ध उत्पादन काफी कम हो जाता है।





उन्होंने बताया कि पशुचिकित्सालय सदर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जा चुकी है। उक्त बीमारी के सम्बन्ध में किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर कन्ट्रोल रूम प्रभारी दिनेश कुमार,पशुधन प्रसार अधिकारी,के मो0नं0 7417315284 एवं हैल्प लाइन नम्बर 1962 पर अवगत करायें।

उन्होंने पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने समस्त गोवंशीय पशु में टीकाकरण अवश्य करायें,तथा गोवंशीय पशुओं में उक्त बीमारी से सम्बन्धित लक्षण प्रकट होने पर कुछ सावधानियों जैसे सर्वप्रथम निकटतम पशु चिकित्साधिकारी को सूचित करें। प्रभावित पशुओं को स्वस्थ पशु से अलग रखे,पशुओं को सदैव स्वच्छ पानी पिलायें, पशु के दूध को उबालकर पिये, पशुओं को मच्छरों/मक्खियों, किलनी आदि से बचाने हेतु कीटनाशक दवाईयों का प्रयोग करें। यदि किसी पशु की मृत्यु होती है तो शव को खुले में न फेंके एवं वैज्ञानिक विधि से दफनायें।

# कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** नगर कांग्रेस कमेटी पिलखुवा की ओर से मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष, यूपीए की चेयरपर्सन एवं सांसद सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर कांग्रेस अध्यक्ष की अध्यक्षता में दोपहर लगभग दो बजे किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकताओं ने केक काटकर एवं मिठाई वितरित कर सोनिया गांधी के स्वस्थ, दीर्घ एवं सक्रिय जीवन की कामना की। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मदन सिंह चौहान ने कहा कि सोनिया गांधी ने त्याग, संघर्ष और समर्पण के साथ देश व पार्टी का नेतृत्व किया है। उनका योगदान कांग्रेस के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, मदन सिंह चौहान, रविंद्र कसाना, मोहम्मद परवेज, एडवोकेट गुलफाम, आदेश शर्मा, लालबहादुर, नफीस, विक्की शर्मा, इज्जरूक, जयपाल सिंह, ओमकार त्यागी, सोनू अब्बासी, आमिर मलिक, शौरव शर्मा, मोहम्मद दाऊद खान सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



अंत में सभी कांग्रेस कार्यकताओं ने संगठन को और मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# सरकारी ऐप्स की सुरक्षा भगवान भरोसे



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

केंद्र सरकार ने 'संचार साथी ऐप हर स्मार्ट फोन में प्री इंस्टाल कराने का आदेश वापस ले लिया है। जितने सहज तरीके से सरकार इस मामले में पीछे हटी है वह मामूली नहीं है। यह हैरान करने वाली बात है कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार की ओर से इस मामले में कोई प्रतिरोध ही नहीं किया गया। पहले दिन एक आदेश जारी हुआ, जिसमें कहा गया कि तीन महीने में हर स्मार्ट फोन में 'संचार साथीइ ऐप इंस्टाल होकर आएगा और पुराने फोन में सॉफ्टवेयर अपडेट करने पर यह इंस्टाल हो जाएगा। कहा गया कि यह ऐप फोन चोरी हो जाने पर उसे खोजने में मदद करेगा और साइबर फ्रॉड से बचाएगा। जब इसका विरोध हुआ तो एक दिन दूरसंचार मंत्री ने कहा कि इस ऐप को डिलीट करने का विकल्प यूजर्स के पास होगा। इसके बाद भी विरोध जारी रहा तो अगले दिन संचार विभाग ने कहा कि यह ऐप प्री इंस्टाल नहीं होगा। लोग चाहें तो इसे डाउनलोड करके इंस्टाल कर सकते हैं। सवाल है कि क्या सरकार को नहीं पता था कि अगर किसी ऐप को हर स्मार्टफोन में अनिवार्य करने का आदेश दिया जाएगा तो उसका विरोध होगा? सरकार को निश्चित रूप से पता था। उसको यह भी पता था कि विपक्ष भारत को सर्विलेंस स्टेट बनाने के आरोप लगाएगा। फिर भी सरकार की ओर से यह आदेश जारी किया गया। इसका अर्थ है कि सरकार लोगों को आजमा रही थी। विपक्ष को भी आजमा रही थी। सरकार यह देखने का प्रयास कर रही थी कि ऐसे किसी कदम का कितना विरोध हो सकता है। ऐसा मानने का कारण यह है कि अगर सरकार इस आदेश को लेकर गंभीर होती तो इतनी आसानी से पीछे नहीं हटती। दूसरा कारण यह है कि संचार विभाग की ओर से जो तर्क दिया गया है वह बहुत लचर है। संचार विभाग ने कहा है कि डेढ़ करोड़ लोगों ने इसे डाउनलोड कर लिया है, इसका अर्थ है कि इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है इसलिए इसको अनिवार्य करने का फैसला वापस लिया जा रहा है। सोचें, कहां तो सौ करोड़ स्मार्टफोन्स में ऐप प्री इंस्टाल कराना था और कहां डेढ़ करोड़ डाउनलोड पर सरकार संतुष्ट हो गई? उस डेढ़ करोड़ डाउनलोड में भी कितना ऐप एक्टिवेट होगा और कितना डिएक्टिवेट रहेगा यह पता नहीं है। तभी लग रहा है कि 'संचार साथीइ ऐप को लेकर दिया गया आदेश तदर्थ था और एक प्रयोग था, यह इससे भी साबित होता है कि इस बारे में कोई तकनीकी जानकारी नहीं दी गई। ध्यान रहे इस ऐप का जो दायरा है उससे साफ था कि सिम लेने के लिए इस्तेमाल की गई आईडी के साथ साथ मोबाइल नंबर, यूजर की लोकेशन, डिवाइस की पहचान यानी आईएमईआई का डाटा सरकार के पास रहेगा। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि डाटा कितने समय तक और कहां सुरक्षित रखा जाएगा। ऐप का सोर्स कोड पता नहीं है और न स्टोरेज को सुरक्षित रखने के लिए किस स्तर का इनक्रिप्शन हो रहा है यह स्पष्ट है। इसकी निगरानी किसके पास होगी और कौन कौन एजेंसी या लोग इसके डाटा को एक्सेस कर पाएंगे यह भी नहीं बताया गया है। यह डाटा किसी थर्ड पार्टी को उपलब्ध हो सकता है या इसका कारोबारी इस्तेमाल हो सकता है, इस बारे में भी स्पष्टता नहीं है। अगर सरकार गंभीर होती तो इन सबके बारे में पहले से बताया जाता। सरकार को यह भी पता था कि अगर यह आदेश लागू किया गया तो कानूनी रूप से इसे अवैध घोषित कर दिया जाएगा। ध्यान रहे सुप्रीम कोर्ट ने पुत्तुस्वामी केस में 2017 में निजता को लेकर एक अहम फैसला सुनाया था। इसमें सर्वोच्च अदालत ने लीगलिटी यानी वैधता, नीड यानी आवश्यकता और प्रोपोर्शनलिटी यानी अनुपात के तीन पैमाने तय किए थे। निजता के मामले में सरकार के हर आदेश को इन तीन कसौटियों पर कसने की जरुरत है।

# गोवा हादसा: झुलसती संवेदनाएं और नाकाम होती व्यवस्था



ललित गर्ग

एक बार फिर एक भीषण आग ने 25 मासूम जिंदगियों को छीन लिया। गोवा के नाइट क्लब में हुई यह त्रासदी केवल आगजनी नहीं, बल्कि हमारे सिस्टम की जड़ता, गैर-जिम्मेदारी और नैतिक पतन की ज्वलंत मिसाल है। गोवा का जो नाइट क्लब आग की चपेट में आया, वह नियमों की अनदेखी करके तो चलाया ही जा रहा था, उसमें आग से बचाव के उपाय भी नहीं किए गए थे। रही-सही कसर इससे पूरी हो गई कि नाइट क्लब में आने और जाने का रास्ता बेहद संकरा था। आग की चपेट में आने वालों की संख्या इसलिए अधिक बढ़ गई, क्योंकि बचने के लिए उन्होंने जिस रास्ते को सुरक्षित समझा, वहां पहले से ही लोग फंसे हुए थे। इस तरह से आनंद और उत्सव का स्थल अचानक जीवन समाधि में बदल गया, वह अनेक सवाल हमारे सामने खड़े करता है, क्या हम सीखने की क्षमता खो चुके हैं? क्यों हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजा घोषित होता है, कुछ दिन हंगामा होता है और फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है? पूर्व में मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, सूरत और अनेक शहरों में समान दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। होटल, मॉल, थिएटर, अस्पताल, फैक्ट्री, कोचिंग सेंटर-लापरवाही की आग में झूलसनों वालों की संख्या बढ़ी है, लेकिन हमारी संवेदनशीलता का स्तर छोटा होता जा रहा है। आगजनी की घटनाओं का सिलसिला तो लगातार है, परंतु सुरक्षा मानकों के प्रति हमारी उदासीनता और घोर लापरवाही भी उतनी ही स्थायी है। यह बात स्पष्ट है कि हादसे किसी तकनीकी गलती का परिणाम भर नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और राजनीतिक मिलीभगत की देन भी हैं।

गोवा अपनी पहचान पर्यटन से बनाता है। नाइट लाइफ, समुद्री तटों का आनंद, मनोरंजन गतिविधियां और विदेशी पर्यटक इसका स्वाभाविक आकर्षण हैं। ऐसे प्रदेश में इस प्रकार का हादसा केवल मानवीय त्रासदी नहीं, बल्कि छवि और अर्थव्यवस्था का गहरा नुकसान भी है। भारत की टूरिज्म इंडस्ट्री पहले ही प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा को लेकर चुनौतियों से जूझ रही है। यह घटना विश्व के सामने एक सवाल बनकर खड़ी है-क्या भारत सुरक्षित पर्यटन देश है? क्या यहां गैर-जिम्मेदाराना ढांचे और भ्रष्ट तंत्र के बीच किसी का जीवन सुरक्षित रखा जा सकता है? इस प्रकार के हादसों में दो बड़े चरित्र सामने आते हैं-सरकार की सुस्ती और आयोजकों की लालचपूर्ण मानसिकता। अधिकांश नाइट क्लब, बार, पार्क या मनोरंजन स्थल ऐसे होते हैं जहां प्रवेश शुल्क, अवैध संचालन और आर्थिक लाभ का बड़ा खेल चलता है। इमारतों की मंजूरी, फायर सुरक्षा की अनुमति, बिजली के तारों का रखरखाव, निकास मार्ग-ये सभी चीजें फाइलों में तो दर्ज होती हैं, लेकिन जमीन पर गायब रहती हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की सजगता की जगह संबंध और ह्यसुविधा शुल्क काम करता है। निरीक्षण के नाम पर औपचारिकता ढहती है और बीते हुए हादसे केवल याद बनकर रह जाते हैं।

नाइट क्लब तक पहुंचने का रास्ता इतना संकरा है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को 400 मीटर दूर खड़ा होना पड़ा। सजावट के लिए ताड़ के सूखे पत्तों का इस्तेमाल किया गया था, जिसने आग और भड़का दी। भीड़भाड़ वाली जगहों पर एंट्री से ज्यादा महत्वपूर्ण इमरजेंसी एग्जिट पॉइंट्स होते हैं, लेकिन इस क्लब में लगता है कि इसकी भी कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे कई लोग भटक कर किचन में पहुंच गए, जहां से बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। यह नाइटक्लब बिना मंजूरी के चल रहा था। लोकल अथॉरिटी के मुताबिक, निर्माण अवैध था।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर हम हादसों को नियति क्यों मान लेते हैं? हर घटना के बाद नेताओं के बयान आते हैं-दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, उच्च स्तरीय जांच की जाएगी, मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन क्या कभी हमने दोषियों को सजा होते देखा है? कभी किसी अधिकारी को बर्खास्त होते देखा है? क्या किसी क्लब



या होटल की अनुमति स्थायी रूप से रद्द की गई? जवाब अधिकतर नहीं है। यही वह सत्य है जो बताता है कि हमारा समाज हादसे को दुख तो मानता है पर समस्या नहीं मानता। अजीब विडंबना यह है कि हादसे के शिकार गरीब या आम नागरिक होते हैं, लेकिन इस त्रासदी से गुजरी व्यवस्थाओं को कोई चोट नहीं लगती। वे फिर उठते हैं, नए सजावटी बोर्ड लगा लेते हैं और जनता को फिर से आकर्षित कर लेते हैं। व्यवस्था में भ्रष्टाचार और मानव-मूल्यों का ह्रास दोनों मिलकर ऐसी घटनाओं को जन्म देते हैं। यह केवल प्रशासनिक नाकामी नहीं, बल्कि सामूहिक नैतिक ह्रास भी है। आयोजक केवल लाभ देखते हैं; प्रशासन केवल कागजों पर निशान देखता है; समाज घटना को क्षणिक दुख समझकर भूल जाता है।

वैश्विक स्तर पर देखें तो किसी भी विकसित या उत्तरदायी समाज में जन-स्थलों पर सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। नियमित निरीक्षण, कठोर दंड, मानकों का अनिवार्य पालन और पारदर्शिता बुनियादी तत्व हैं। भारत में ये मानक केवल कानूनी पुस्तकों में रहते हैं। सवाल यह नहीं कि हादसे क्यों होते हैं, सवाल यह है कि सीख क्यों नहीं ली जाती। गोवा का यह हादसा एक चेतावनी है, अकेले गोवा के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए। हम विकास, पर्यटन और आधुनिक जीवनशैली की बात करते हैं, लेकिन सुरक्षा, नियंत्रण और मानवीय संवेदनशीलता को हाशिए पर छोड़ देते हैं। यह घटना बताती है कि यदि व्यवस्था की लापरवाही और लालच के बीच नागरिक की सुरक्षा कुचलती रही तो हम आधुनिक ढांचे बनाकर भी असुरक्षित रहेंगे। किसी भी राष्ट्र की उन्नति उसके नागरिकों की सुरक्षा पर टिकी होती है, न कि केवल चमक-दमक पर।

गोवा घटना ने सरकार की छवि को ध्वस्त किया है। पर्यटन उद्योग की नींव हिलाई है और नागरिक विश्वास को चोट पहुंचाई है। गोवा के जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 16 प्रतिशत से ज्यादा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस साल जनवरी से सितंबर के बीच 6.23 प्रतिशत ज्यादा टूरिस्ट गोवा पहुंचे। ऐसे में यह घटना राज्य की अच्छी छवि पेश नहीं करती, जहां पहले ही टैक्सी चालकों की मनमानी और पर्यटकों के साथ अभद्रता की कुछ समस्या रही है।यदि घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकनी है तो कुछ कठोर कदम उठाने होंगे, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई, वास्तविक निरीक्षण प्रणाली, भ्रष्टाचार पर अंकुश और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर दंड। परंतु दुख यह है कि हमारा इतिहास बताता है, हम कठोर कदम उठाने से बचते हैं। आज इस त्रासदी के बाद शोक जताना पर्याप्त नहीं है। इस पर गंभीर चिंतन जरूरी है। हम केवल जिम्मेदारी टाल देने की प्रवृत्ति में नहीं जी सकते। हर हादसा हमें यही याद दिलाता है कि सुरक्षा संस्कृति, जिम्मेदार शासन और नैतिक व्यवसायिक आचरण के बिना कोई भी समाज सुरक्षित नहीं हो सकता। यह घटना केवल 25 लोगों की मौत नहीं, बल्कि चेतावनी है कि यदि हमने नहीं सीखा, तो अगली त्रासदी निकट ही खड़ी है।

हमारे नीति-नियंताओं को यह समझना होगा कि इस तरह की घटनाएं केवल जान-माल को ही क्षति नहीं पहुंचातीं, बल्कि देश की बदनामी भी कराती हैं। इस तरह की घटनाएं यही रेखांकित करती हैं कि नया और विकसित बनने के आकांक्षी भारत में नियम-कानूनों की हर स्तर पर उपेक्षा होती है और इस देश में जिम्मेदारी के साथ कोई काम मुश्किल से ही किया जाता है। मानकों और सुरक्षा उपायों की रेगुलर चेकिंग अथॉरिटीज की जिम्मेदारी है। बिना लाइसेंस चल रहे क्लब, होटल या रेस्तरां को बंद कराने के साथ यह जानना भी जरूरी है कि आखिर ये खुल कैसे जाते हैं और फिर कैसे धड़ल्ले से चलते रहते हैं। हमें यह मानना होगा कि जीवन की कीमत केवल शब्दों में नहीं, व्यवस्था में भी झलकनी चाहिए। जब तक हमारी नीतियों में कठोरता नहीं आएगी, जब तक भ्रष्टाचार की जड़ें नहीं काटी जाएंगी और जब तक नागरिक-केंद्रित शासन स्थापित नहीं होगा, तब तक मनोरंजन के नाम पर मौतें होती रहेंगी। गोवा का नाइट क्लब हादसा केवल आग नहीं-हमारे विवेक, शासन और मानवता की विफलता है। अब यह हमारे हाथ में है कि हम इसे भूलें या इसे परिवर्तन की शुरूआत बनाएं।

## अब सरकार से भरोसा उठ गइल

ट्रिपल इंजन क ई सरकार
इहे बा राजधानी क हाल
कूछ त बोला ये सरकार
एकर के बा जिम्मेदार ,


गाड़ी के धुँआ की फैक्ट्री के पानी
किसानन क पराली की दोष देई दीवाली
हर रोज बिगड़त बा दिल्ली के हवा पानी
बस नाम के बाटे राजधानी मे रहत बानी ,

चारो तरफ धुँआ धुँआ
आधुनिक बारिश फेल भइल
केजरी भी अब नइखे
केके केहू अब कोई दोष देई,

दिल्ली मे दिलवा घुटत बा
लागत नइखे अच्छा दिन आई
हवा पानी सब अशुद्ध भइल
केहू केतना पेड़ लगाई,

यमुना के पानी और धुँआ राजधानी के
लागत बा कबो साफ ना हो पाई
अब सरकार से भरोसा उठ गइल
अब इल्जाम केहू केके लगाई,

गाँव से बेहाल भइल हाल राजधानी के
आम जनता केसे कहे अपने परेशानी के
कूछ त बोला ये सरकार ये राजधानी पे
आखिर के बा जिम्मेदार दिल्ली के हवा पानी पे।




महेश कुमार प्रजापति

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# भाषाओं पर मंडराता मंडराता विलुप्ति का खतरा



डॉ.विजय गर्ग

वैज्ञानिक तकनीक के माध्यम से कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस का ऐसा उपकरण बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो जानवरों की भाषाओं को समझ सके। यदि ऐसा संभव हुआ, तो यह मानव इतिहास में एक नई क्रांति होगी, क्योंकि पशु-पक्षी प्रकृति के प्रति अत्यंत संवेदनशील होते हैं और कुछ तरंगों से इस तरह स्पंदित होते हैं कि आने वाली घटनाओं की अनुभूति उन्हें पहले ही हो जाती है भारतीय वांग्मय में ऐसे कुछ पात्रों का उल्लेख है, , जो पशु-पक्षी की बात सुनते थे। यदि एआई इस गुण को जनसामान्य को उपलब्ध करा पाता है. तो तकनीक निश्चित रूप से जीवन को एक नए सांचे में ढालने मदद करेगी। मगर जो मनुष्य समाज पशु-पक्षियों की भाषाओं को समझने का प्रयास कर रहा है, वही अपनी पारंपरिक भाषाओं को लेकर असंवेदनशील होता जा रहा है इसका अनुमान संयुक्त राष्ट्र संघ की एजेंसी 'यूनेस्को' के उस मानचित्र से लगाया जा सकता है, जो उसने दुनिया की संकटग्रस्त भाषाओं के बारे में जारी किया है। 'एटलस आफ द वर्ल्ड्स लैंग्वेज इन डेंजर' के अनुसार, इस समय दुनिया की 1576 भाषाओं पर गंभीर संकट मंडरा रहा है, यानी वे लुप्त होती प्रतीत हो रही हैं। इसके अलावा, हजारों अन्य भाषाएं भी दम तोड़ती नजर आ रही हैं। भाषाएं केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे किसी समाज विशेष की हजारों साल की परंपराओं और उसके अनुभवों की वाहक भी होती हैं। इस बात का अनुमान राजस्थानी भाषा के विभिन्न रूपों से लगाया जा सकता है। पश्चिमी राजस्थान का बड़ा भू-भाग मरुस्थल है। इस क्षेत्र में बरसात का अपना महत्त्व होता है राजस्थानी भाषा में विक्रमी कैलेंडर के महीने में होने । वाली बारिश के लिए एक अलग नाम है चैत्र माह में होने वाली बारिश को चड़पड़ाट, बैसाख की बारिश को हलोतियो और जेठ माह की बारिश को झपटो कहा जाता है। इसी तरह से अन्य माह में में होने वाली बारिश के लिए लिए अलग--अलग । संबोधन हैं उन्हें क्रमशः सरवांत ( आषाढ़), लेर (सावन), झड़ी (भाद्रपद), मोती (आश्विन), कटक (कार्तिक), फांसरड़ो (मार्गशीर्ष), पावट (पोष), मावठ (माघ) और फटकार (फागुन की बारिश ) कहा जाता है। ठीक इसी तरह राजस्थानी भाषा में ऊंट के 270 को समझने केसे अधिक पर्यायवाची शब्द हैं। ऐसे में राजस्थानी संस्कृति व लिए उसकी भाषा को समझना और सहेजना आवश्यक भाषाएं समाज की सांस्कृतिक पहचान भी होती हैं। ब्रिटिश शासनकाल में भारत भारत लार्ड मैकाले की ओर से सुझाई गई अंग्रेजी आधारित शिक्षा पद्धति लागू करने ( करने का एक उद्देश्य यह भर था कि भारतीयों को उनके सांस्कृतिक गौरव से वंचित किया जाए। अंग्रेज अधिकारियों के परस्पर पत्रव्यवहार से इस बात का खुलासा आजादी के बाद हुआ। किसी समाज की अभिव्यक्ति को कमजोर करने के लिए औपनिवेशिक ताकतें इस तरह के हथकंडे अपनाया करती थीं।

पिछली सदी में औसतन हर तीन महीने में एक देशज भाषा लुप्त हुई है। भाषाविदों का मानना है कि इसी तरह की स्थितियां रहीं, तो दुनिया में इस समय काम में आने वाली भाषाओं में से आधी इस सदी के अंत तक यानी अगले पचहत्तर वर्षों में लुप्त हो जाएंगी। यह आशंका इसलिए भी डराती है, क्योंकि वर्ष 1950 से 2010 के बीच दुनिया की 230 भाषाएं लुप्त हो चुकी हैं और यूनेस्को के अनुसार, हर चौदह दिन में एक भाषा समाप्त हो रही है। कुछ भाषाएं तो मानव समाज की लापरवाही के कारण मृत अवस्था में पहुंच गई हैं।

अंडमान द्वीप समूह में एक भाषा बोली जाती थी 'बो'। उसे बोलने वाले धीरे-धीरे कम होते चले गए। अंत में बोआ नाम की एक 85 वर्षीय महिला बची जो इस भाषा को बोल एवं समझ सकती थीं। संस्थागत स्तर पर उनसे संवाद करके इस भाषा के संग्रहण का काम होता, तो कदाचित इसे अगली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सकता था, मगर ऐसा नहीं हुआ। 26 जनवरी 2010 को बोआ का निधन हुआ और उनके साथ ही 'बो' ने भी दम तोड़ दिया । ऐसा ही 'खोरा' भाषा के साथ भी हुआ। प्री कोलंबियाई मैक्सिकन भाषा 'अयापानेको' के संदर्भ में तो और भी रोचक बात हुई इस भाषा को बोलने एवं समझने वाले दो ही व्यक्ति बचे थे भाषाविदों ने इन दोनों के परस्पर संवाद से इस भाषा को सहेजने का प्रयास किया, लेकिन इनके बीच आपसी विवाद पैदा हो गए।

इसलिए दोनों ने वर्षों तक एक-दूसरे से संवाद ही नहीं किया। इन वैयक्तिक पूर्वाग्रहों ने इस भाषा को संकट में धकेल दिया। रोजगार के सिलसिले में अपने पैतृक स्थान को छोड़कर दूसरी जगह जाने की प्रवृत्ति या विवशता ने भी लोगों को अपनी भाषाओं से दूर किया है।

पराये शहर वे अपने अस्तित्व और आर्थिक उन्नयन के लिए जूझते या भाषा के प्रति अपनी संवेदना को बचाते ?शिकागो विश्वविद्यालय में भाषाविद रहे सालिकोको मुफवेने की मातृभाषा कियानसी थी। यह भाषा कांगो गणराज्य में एक छोटे जातीय समूह द्वारा बोली जाती है।

# रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा परिणाम संतोषजनक है

ये अच्छा है कि भारत ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान उनकी प्रशंसा में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन उनका व्यवहार संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ देशों के संबंधों को मजबूत करेगा; यह पुतिन की यात्रा से स्पष्ट था। वास्तव में, ट्रम्प की पहली अध्यक्षता के दौरान, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संबंध एक मधुर हनीमून था, और पहली बार, हम रूस से दूरी बना रहे थे, जो आंशिक रूप से उचित था क्योंकि पुतिन का रूस सोवियत रूस नहीं था, सैन्य उत्पादों का स्तर बिगड़ रहा था और यह कोई विशिष्ट औद्योगिक प्रगति करने में सक्षम नहीं था। देश की महानता ट्रंप जैसे बौने को लेने लगी और उन्होंने दुनिया भर के कई लोगों को अमेरिका के खिलाफ खड़े होने का मौका दिया। हमने यही किया। क्योंकि आपके पास कोई विकल्प नहीं था। आपने ऐसे समय में रूस को बनाए रखने की समझदारी दिखाई है जब चीन ने संयुक्त राज्य अमेरिका को बाधित किया था, इसलिए इस यात्रा का स्वागत करें। यूक्रेन पर युद्ध थोपने के बाद पुतिन की यह पहली भारत यात्रा है, कुछ ही महीनों में चार साल हो जाएंगे, अमेरिका सहित हर कोई युद्ध को रोकने की कोशिश कर रहा है, लेकिन पुतिन ने इसे जाने नहीं दिया, इसलिए उन पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए, इसका हमें सस्ते तेल के रूप में लाभ हुआ, लेकिन अमेरिका द्वारा हम पर 50 प्रतिशत प्रतिबंध लगाने के बाद, हमें इसे छोड़ना होगा। यह स्पष्ट हो गया कि हमारी कंपनियों को रूसी तेल की अपनी खरीद कम करनी पड़ी, और संयुक्त राज्य अमेरिका एक ही तरफ था, और एक तरफ, रूस भी संकट में था क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हमारा अनुबंध टूट रहा था।लेकिन एक अदृश्य कोण है: चीन। क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका ने यूक्रेन पर आंखें मूंद लीं और यूरोप यूक्रेन के पीछे खड़ा हो गया, पुतिन ने एक अलग गठबंधन बनाया है: चीन, और पिछले कुछ महीनों में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पुतिन के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध, जो भारत, रूस और चीन के लिए आम पीड़ादायक बिंदु है। यह हमारे लिए दोहरी मार होगी यदि पुतिन तनाव को कम करने के लिए चीन और शी जिनपिंग के करीब आते रहें। यानी हमने जो कुछ भी किया है, उसके बावजूद ट्रंप हमसे भीख मांगने को तैयार नहीं हैं, शी जिनपिंग और चीन पर भरोसा करने का कोई मतलब नहीं है और ऐसे में अगर पुतिन भी हमसे दूरी बना लेते हैं तो हर कोई कहेगा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय कहेगा कि इससे बचना और रूस-चीन संबंधों को और सौहार्दपूर्ण होने से रोकना जरूरी था। इसे समझा नहीं जा सकता। इसलिए हम एक बार फिर कह सकते हैं कि नेहरू का 'गाद हमारा रूस है...' मैं इस रास्ते पर आ गया। अपनी यात्रा के दौरान, पुतिन ने नेहरू के लिए मार्ग प्रशस्त करने के अपने प्रयासों के हिस्से के रूप में 2030 तक



अशोक भाटिया

व्यापार को कई गुना बढ़ाने का संकल्प लिया। यह समझना जरूरी है कि आप जो विशेष वायु रक्षा प्रणाली 'एस-400' चाहते हैं, उसके बारे में क्या निर्णय लिया गया है। कुख्यात पहलगाम आतंकी हमले के बाद एस-400 सिस्टम ने भारत-पाक मुठभेड़ में निर्णायक भूमिका निभाई थी। इसलिए हमें इस प्रणाली को बड़े पैमाने पर चाहिए। राफेल के अलावा हम रूसी Su-57 फाइटर जेट भी खरीदना चाहते हैं। पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने उनकी यात्रा से पहले भारत के खरीद प्रयासों पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन के बीच चर्चा में ये विषय सामने आएंगे और उसके बाद क्या हुआ, इसका विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं है। वे सभी जानते हैं कि जब हम सैन्य उपकरणों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रहे हैं, तो हमें फिलहाल कई अन्य चीजों पर निर्भर रहना होगा।पाकिस्तान के साथ युद्ध में फ्रांस के 'राफेल' के साथ क्या हुआ, इसकी खबर हमारे लिए और रूस की 'एस-400' प्रणाली निर्णायक है। इस वास्तविकता के कारण, हमें रूस से हथियार खरीदने होंगे, भले ही गुणवत्ता गौण हो। एक समय में, रूसी उत्पाद हमारी सैन्य उत्पादन आवश्यकताओं के लगभग तीन-चौथाई हिस्से को पूरा करते थे। इस बीच, अनुपात घटकर एक तिहाई हो गया। क्योंकि हमने फ्रांस, अमेरिका और इजरायल से बहुत कुछ खरीदा है, लेकिन बदलती दुनिया की स्थिति में ऐसा लगता है कि हमें रूस वापस जाना होगा, जो हमारी जरूरत है, लेकिन रूस की जरूरतों को पूरा करते रहने की हमारी जरूरत और भी ज्यादा हो गई है। और दूसरी बात, अगर अमेरिका खुद पुतिन के साथ व्यापार पर बातचीत कर रहा है, तो हमें अमेरिका के डर से अपने व्यापारिक हितों में कटौती करने की कोई जरूरत नहीं है। कल आपको व्यापार समझौते के मुद्दे पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भिड़ना होगा। वहीं, रूस यूक्रेन के साथ सीजफायर के मुद्दे पर अमेरिका और यूरोप के साथ भी लड़ना चाहता है। इसलिए जबकि अन्य देश और देश ऐसा होने तक अपने व्यापारिक संबंधों को बनाए रख रहे हैं, हमारे लिए इसे नजरअंदाज करना बहुत गलत है। हमने ऐसा नहीं किया। मार्गदर्शक सिद्धांत कि दुश्मन का दुश्मन हमारा दोस्त है, एक बार बताया गया था, खासकर विदेशी संबंधों में। वर्तमान स्थिति में, सभी संबंध मूल रूप से केवल लेन-देन के हैं, जबकि दोस्तों और दुश्मनों की चर्चा व्यर्थ है। पुतिन की भारत यात्रा उसी व्यावहारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण थी। और आवश्यक। इस यात्रा के दौरान इन सभी आवश्यकताओं को पूरा किया गया। उनकी यात्रा के अवसर पर, रूस के आरटी समाचार चैनल ने अपनी सेवा फिर से शुरू की। इसलिए, हमारे 'प्रोपेगैंडा' चैनलों और प्रोपेगेंडा पत्रकारों के व्यवसाय में एक और जोड़ना। यह यात्रा पुतिन की जरूरतों को भी पूरा करती है। इस यात्रा का परिणाम संतोषजनक है क्योंकि यह सभी की जरूरतों को पूरा करता है।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** — मानसिक दबाव में आ सकते हैं, करियर का चयन किसी के कहने पर नहीं करे, एक से अधिक स्त्रोत आय के लिए खुलेंगे, विदेश में रहने का अवसर मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-65

**वृषभ** — घर गृहस्थी का सुख बना रहे उसके लिए प्रयासरत रहेंगे, ज्योतिषी, अध्यापक, धर्म गुरु है तो प्रभाव बढ़ेगा, बच्चों का कर्ज उतारना पड़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-78

**मिथुन** — अपने जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे, प्रोफेसर, किताब व्यवसाय, मेडिकल, पीसीएस जैसे क्षेत्र में बढ़ने का अवसर मिलेगा, पत्नि, संतान सभी से संतुष्ट रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-83

**कर्क** — सबसे अलगाव अनुभव होगा, जीवन को समझने का प्रयास करेंगे, नौकरी पाने की भागदौड़ थोड़ी बढ़ेगी, नया मकान या वाहन मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-62

**सिंह** — विदेश में जॉब मिल सकती है, विषयों में रुचि बढ़ेगी, खुद के लिए ज्यादा समय देंगे, कहीं कोई शिविर लगा सकते हैं, अपने विरोधियों पर काबु पा लेंगे। भाग्य प्रतिशत-74

**कन्या** — अस्पताल के चक्कर लग सकते है, व्यस्तता बढ़ेगी, पुलिस, कानून, खेल, डिफेंस जैसे क्षेत्र में सफलता मिलेगी, बाल झड़ना, पेट समस्या खड़ी हो सकती है। भाग्य प्रतिशत-79

**तुला** — किसी भी तरह की पार्टनरशिप बेहतर चलेगी, किसी बात के प्रति शक और नकारात्मकता से भी बचे, भाग्य का साथ मिलेगा, किसी चीज के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-67


**वृश्चिक** — क्रोध पर काबु रखें, काम का लाभ लेने में परेशानी होगी, मन काम में लगेगा, जीवन साथी को कुछ व्यक्तिगत परेशानी हो सकती है। भाग्य प्रतिशत-53

**धनु** — कानून, स्त्री प्रसाधन, रेस्टोरेंट, शैक्षिक कार्य द्वारा जीवन अच्छा होगा, पूजा पाठ का लाभ मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-81

**मकर** — मन भगवान की भक्ति में लगेगा, नौकरी या व्यवसाय में से कुछ चुनने की दुविधा रह सकती है, खर्चे बढ़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-63

**कुंभ** — अच्छे संबंध का लाभ मिलेगा, सामाजिक स्टेटस बढ़ेगा, पूर्व दिशा का कोई मकान, दुकान ले सकते है, बड़ा पैसा किसी चीज में खर्च होने के लिए हिसाब लगा सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-74

**मीन** — वाणी द्वारा बिगड़ा कार्य भी बना लेंगे, किसी रिश्तेदार से मन मिलेगा, वायु यात्रा करने का अवसर मिल सकता है, सरकारी कागज पर हस्ताक्षर कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-76



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# पिछडा वर्ग के प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने राहुल गांधी की महारैली भाग लेने की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** कांग्रेस पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शेरपाल सिंह सविता जी ने पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद जी वह पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव से दिल्ली अकबर रोड कांग्रेस हेड ऑफिस इंदिरा भवन पर मुलाकात की और उनका जोरदार स्वागत किया और अलीगढ़ की राजनीति पर भी चर्चा हुई, रामलीला मैदान दिल्ली में न्याय योद्धा जननायक राहुल गांधी जी के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ महा रैली को को सफल बनाने पर भी चर्चा हुई। सविता ने ओबीसी के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारी यो कार्यकताओं से अनुरोध है कि महारैली को सफल बनाने के लिए



ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए गांधी जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़गे जी तथा ओ बी सी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल जय हिंद जी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# 15 दिसम्बर से गन्ना किसान जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना देंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गन्ना किसानो की एक आवश्यक बैठक राष्ट्रीय सचिव डॉ शैलेन्द्र पाल सिंह के बड़ौला हाजी स्थिति आवास पर हुई जिसमें सभी पदाधिकारियों को आंदोलन के लिए कार्य वितरित किए गए तथा बड़ी संख्या में एकत्रित होकर आंदोलन को सफल बनाने की तैयारी की।

जिलाध्यक्ष बंटी जादौन ने कहा कि अलीगढ़ मण्डल में एक मात्र चीनी मिल साथा अलीगढ़ में 3 साल से बन्द है 2022और 2024 के चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री भी चीनी मिल के नवीनीकरण की घोषणा कर चुके है लेकिन चीनी मिल नहीं बन रही इसलिए 15 दिसम्बर से जिलाधिकारी कार्यालय पर 300 से 400



ट्रैक्टरों के साथ हजारों गन्ना किसान अपने हुक्का बिस्तर के साथ अनिश्चित कालीन डेरा डालेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अजीत पाल सिंह राघव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह जी भी 15 दिसम्बर से धरने में शामिल होंगे। साथा चीनी मिल संघर्ष मोर्चा एवं किसान मजदूर संगठन अलीगढ़ के प्रत्येक पदाधिकारी को 30ट्रैक्टर 200आदमी को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचना है जिससे गन्ना किसानो की आवाज माननीय मुख्यमंत्री जी के कानों तक पहुंच सके।

# श्री मंगल गैस एजेंसी द्वारा उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** एचपी श्री मंगल गैस एजेंसी, इंद्रा





नगर लाल मंदिर के पास, द्वारा आज उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित किए गए। एजेंसी पर कुमार पुष्पेंद्र सूर्यवंशी की मौजूदगी में कनेक्शन वितरण प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई। गैस कनेक्शन प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। लगभग 1 वर्ष से गैस कनेक्शन के लिए भटक रही एक महिला को भी आज कनेक्शन मिला, जिससे वह भावुक हो उठी। महिलाओं ने बताया कि पहले वे परंपरागत चूल्हों पर धुएँ में रोटियाँ बनाती थीं, लेकिन अब गैस चूल्हे पर स्वच्छ, सुरक्षित और तेजी से भोजन तैयार कर पाएंगी। कार्यक्रम के दौरान एजेंसी कर्मियों ने लाभार्थियों को गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग, रेगुलेटर लगाने की विधि और आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी प्रदान की। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री जी का तहे दिल से धन्यवाद किया और कहा कि उज्ज्वला योजना ने उनके जीवन में वास्तविक बदलाव लाया है। इस मौके पर एजेंसी के मालिक श्री साहब सिंह अमित राज तोमर, कुमार पुष्पेंद्र सूर्यवंशी, पवन माहौर पवन कुमार सहित एजेंसी के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध सर्जरी पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई अब तक, 47 इकाईयों का औचक निरीक्षण, कई सील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिले में अवैध चिकित्सा प्रैक्टिस एवं बिना मानक सुरक्षा व्यवस्थाओं के की जा रही सर्जरी को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार कठोर अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० नीरज त्यागी ने बताया कि विभाग किसी भी स्थिति में अवैध चिकित्सा गतिविधियों या लापरवाही को सहन नहीं करेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि जिले में गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में अस्पताल पंजीकरण एवं झोलाछाप नियंत्रण के लिए नामित नोडल अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। विगत महीनों में 47 निजी चिकित्सीय इकाईयों का निरीक्षण किया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि मंगलवार को 4 अस्पतालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। निरीक्षण के दौरान जहाँ भी अवैध सर्जरी, बिना पंजीकरण संचालन, या एलोपैथिक योग्यता के विपरीत चिकित्सा पाई गई, वहाँ तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की गई है। कई संदिग्ध इकाईयों को सील किया गया है और कुछ के विरुद्ध सीलिंग की प्रक्रिया प्रचलन में है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० त्यागी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप आमजन को सुरक्षित एवं मानक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के



लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है। अवैध चिकित्सा कार्य किसी भी दशा में जारी नहीं रहने दिए जाएंगे और भविष्य में भी ऐसे प्रतिष्ठानों पर इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कॉग्रेस कार्यकर्ताओ ने सोनिया गांधी के जन्म्दिन बधाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

*अलीगढ़।* कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने श्रीमती सोनिया गांधी जी का जन्म्दिन पर बर्छी बहादुर पर चादर चढ़ा कर मनाया और उनको लंबी उम्र की दुआएं मांगी देश में अमर और शांति के लिए प्रार्थना की। अल्पसंख्यक विभाग के मंडल अलीगढ़ कोऑर्डिनेटर विंसेंट जोयल ने कहा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय राजनीति की कुशल शिल्पकार, श्रीमती सोनिया गांधी जी को जन्मदिन की अनंत मंगल कामनाएँ।

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व प्रदेश महासचिव सागर सिंह तोमर ने बताया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी को 78 जन्म दिवस अलीगढ़ कांग्रेस परिवार उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और उन्नत जीवन की कामना करता है। श्रीमती सोनिया गांधी जी में जितनी भारतीयता है आज की राजनीति में दुर्लभ है सादगी संस्कार जिम्मेदारी एक भारतीय बहू, पत्नी, माँ का पूरा आदर्श



जनता देर करती है, पर न्याय जरूर करती है। 2004 इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। कर्ज माफी से लेकर मनरेगा तक सबसे वंचितों को ताकत देने वाला नेतृत्व श्रीमती सोनिया गांधी ने किया था। कार्यक्रम में उपस्थित विंसेंट जोयल सागर सिंह तोमर महानगर कांग्रेस महासचिव दीपक भारद्वाज जिला सचिव संजय दिवाकर सुरेश पासवान बघेल विनय कुमार मैक्रीन रजलास रविंद्र कुमार सलीम आदि।

# क्यामपुर दलित बस्ती में निर्माण रोकने पर दलितों में रोष: विक्रम जीनवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** महर्षि वाल्मीकि सेना के प्रदेश अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विक्रम जीनवाल वाल्मीकि के नेतृत्व में सैकड़ो वार्ड नंबर 41 दलित बस्ती की माता बहने एवं बुजुर्ग युवा साथी स्मार्ट सिटी कार्यालय पर पहुंचे जहां उन्होंने अपनी पीड़ा नगर आयुक्त के समक्ष रखी इस मौके पर बोलते हुए प्राथिया श्रीमती सविता देवी पत्नी श्री अशोक कुमार निवासी असादपुर क्यामपुर पोस्ट देवी नगला वार्ड नंबर 41 अलीगढ़ ने व अनेको माता बहनों अन्य कई लोगों के मकान के सामने 15 फीट चौड़ा रास्ता व नाले की पटरी है जिस पर नगर निगम 16 फीट चौड़ा रास्ता को पक्का करने का कार्य कर रहा है कर रहा था जिसको लेकर क्यामपुर के एक बड़े माननीय व उनके परिजनों द्वारा रास्ते के कार्य होते हुए को रुकवा कर हम दलितों के यहां से कार्य को रुकवा दिया गया है साथ ही हमारे दरवाजे के पास से मात्र



10 फीट चौड़ा रास्ता देने की बात कर रहे हैं जबकि प्रार्थया के बैनामे में 15 फीट चौड़ा रास्ता दर्ज है व अन्य प्रार्थियों के बनामे में भी दर्ज है ऐसे ही अन्य कई लोगों का रास्ते एवं बनाने में दर्ज हैं किंतु हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए क्यामपुर के एक बड़े माननीय ने हमारा रास्ता रुकवा दिया गया है वह कार्य करने वाले ठेकेदारों से कहते हैं कि यह नहर विभाग सिंचाई विभाग कार्य मे बाधा डाल रहा है किंतु जब पूर्व में पीछे से जो नाला बनता चला आया है हम सभी मोहल्लेवासी आपसे मांग करते हैं कि उपरोक्त कार्य को नियम अनुसार वैसे ही होने दिया जाए हम लोगों के साथ कोई सौतेला व्यवहार ना हो हमारे साथ कोई अन्याय न हो आपसे यही मांग एवं आशा रखते हैं हमें पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय नगर आयुक्त महोदय क्यामपुर में दलित बस्ती में चल रहे कार्य को बिना किसी भेदभाव के हमारे यहां पर भी कार्य कराया जाएगा एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के विकास से हमें वंचित न रह पाएंगे यह हम सभी क्यामपुर दलित बस्ती के लोग आपसे आशा एवं पूर्ण विश्वास रखते हैं भाजपा का नारा है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास उसी को ध्यान में रखते हुए हमारा भी विकास होना चाहिए यही हम मांग करते हैं महर्षि वाल्मीकि सेना के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम जीनवाल वाल्मीकि ने बताया कि जो कार्य पीछे से होता चला आया है ।

# यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक क्षेत्र में लॉजिस्टिक पार्क के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया तेज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की टप्पल-बाजना अर्बन सेंटर महायोजना के अंतर्गत प्रस्तावित लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि ग्राम स्यारौल (रकबा 55.6398 हे.) और डोरपुरी (रकबा 110.0334 हे.) की भूमि का अर्जन प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकार अधिनियम 2013 एवं उत्तर प्रदेश नियमावली 2016 के नियम 7(3) के अंतर्गत सामाजिक समाघात आंकलन एजेंसी द्वारा तैयार ड्राफ्ट रिपोर्ट पर जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। जनसुनवाई कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि ग्राम स्यारौल, तहसील खैर में 29 दिसंबर को 11 बजे पंचायत भवन स्यारौल में उपजिलाधिकारी खैर और ग्राम डोरपुरी में 30 दिसंबर को 11 बजे उपजिलाधिकारी खैर जनसुनवाई करेंगे। डॉ. गुप्ता ने बताया कि एसआईए की प्रारूप रिपोर्ट का अवलोकन कलेक्ट्रेट अलीगढ़ स्थित कक्ष संख्या-26 में किया जा सकता है। प्रस्तावित भूमि के हितबद्ध कृषकों से अपील की गई है कि वे रिपोर्ट से संबंधित अपनी आपत्तियाँ या सुझाव लिखित रूप में प्रस्तुत करें और निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर आयोजित लोक सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि समग्र प्रक्रिया पारदर्शी, न्यायसंगत और सभी पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए पूरी की जाए।

# दाऊद खां में मिला अज्ञात शव, पहचान के लिए बुलाया लापता इंस्पेक्टर की मां को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** महुआ खेड़ा से लापता हुए निलंबित इंस्पेक्टर की तलाश के प्रयास में पूरा जोर लगाए हुए है। इसी कड़ी में अब जीआरपी क्षेत्र से लेकर आसपास के जिलों में मिले अज्ञात शवों के जरिये भी उसे तलाशा जा रहा है। इसी क्रम में जीआरपी अलीगढ़ ने दाऊद खां क्षेत्र में मिले एक शव से मिले सामान के सहारे निरीक्षक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके लिए निरीक्षक की मां को नोटिस भेजकर बुलाया गया है।

गाजियाबाद के कविनगर क्षेत्र के अवंतिका कॉलोनी निवासी व अलीगढ़ पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर अनुज कुमार महुआखेड़ा क्षेत्र की प्रभात नगर कॉलोनी में रहते थे। लापरवाही पर इंस्पेक्टर को निलंबित किया गया था। हालांकि इंस्पेक्टर ने एसएसपी के समक्ष अपना पक्ष भी नहीं रखा था। इंस्पेक्टर अनुज कुमार 17 सितंबर को गायब हो गए। मां सुशीला ने इसकी जानकारी पुलिस को देने के साथ ही शासन व हाईकोर्ट स्तर पर शिकायत की। तब उसके गायब होने का मुकदमा दर्ज किया गया। साथ में उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। आसपास के जिलों में मिले अज्ञात शवों से भी पहचान के प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में सभी को अनुज का विवरण भेजा गया है। जिसमें उन सामानों का भी उल्लेख है, जो लापता होने के समय



उसकी मां के द्वारा अनुज के पास बताए गए थे।

इसी क्रम में जीआरपी अलीगढ़ को दाऊद खां के पास अनुज के गायब होने के तीसरे दिन एक शव मिला था। हालांकि उस समय अज्ञात में शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया। मगर सामान सुरक्षित है। मां के द्वारा दिए गए विवरण से सामान का मिलान होता दिख रहा है। जिसके आधार पर जीआरपी ने अनुज की मां को नोटिस के जरिये सूचना भेजी है। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक इतना ही बताते हैं कि यह एक प्रक्रिया है। उस प्रक्रिया के तहत डीसीआरबी से यह प्रयास कराए जा रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों के लिए सोलर पम्प पाने का स्वर्णिम अवसर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना (वर्ष 2025-26) के तहत जिले के किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उप कृषि निदेशक चौधरी अरुण कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत इच्छुक किसान 15 दिसम्बर, 2025 तक विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सोलर पम्प ग्रामीण किसानों को सिंचाई के लिए एक किफायती, पर्यावरण अनुकूल और स्थायी ऊर्जा समाधान प्रदान करते हैं। ऐसे में पात्र किसान समय से पहले विभागीय पोर्टल पर जाकर अपनी बुकिंग सुनिश्चित कर लें, जिससे योजना का लाभ लेने में कोई बाधा न आए। उन्होंने बताया है कि अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिए किसान वेबसाइट पर उपलब्ध निदेशों का पालन कर सकते हैं।

### अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न का वितरण 10 दिसंबर से

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ ।** जिले के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह दिसम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 10 दिसंबर से 20 दिसंबर के मध्य कराया जाना है। इस सम्बन्ध में जिलापूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह ने राशन कार्ड धारकों को विस्तृत जानकारी दी है उन्होंने बताया कि अन्त्योदय अन्न योजना के राशन कार्डधारकों को 14




किलोग्राम गेहूं, 15 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल एवं 06 किलोग्राम मक्का (उपलब्धतानुसार चावल के स्थान पर) कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति कार्ड निःशुल्क वितरण प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर किया जायेगा। मक्का का स्टॉक समाप्त होने के पश्चात लाभार्थियों को 21 किलोग्राम चावल वितरित किया जायेगा पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्ड धारकों को 02 किलोग्राम गेहूं, 02 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल एवं 01 किलोग्राम मक्का (उपलब्धतानुसार चावल के स्थान पर) कुल 05 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति यूनिट निःशुल्क वितरण प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर किया जायेगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं मक्का को मिलाकर वितरण स्केल 03 किलोग्राम प्रति यूनिट रखा जायेगा। मक्का का स्टॉक समाप्त होने के पश्चात लाभार्थियों को 03 किलोग्राम चावल वितरित किया जायेगा उन्होंने बताया कि अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर से दिसम्बर 2025 के सापेक्ष 03 किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से 54 रुपए में वितरण सुनिश्चित किया जायेगा।

कथा

## संत-भक्ति की महिमा पर कृष्ण प्रिया दीदी का प्रवचन

# गौशाला में भक्तमाल कथा का छठवां दिवस सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** स्थानीय गौशाला परिसर में आयोजित भक्तमाल कथा के छठवें दिन पूजा श्री कृष्ण प्रिया दीदी ने अपने प्रवचन में हरिराम व्यास, तुलसीदास, मीराबाई, सूरदास जैसे महान संतों की अद्वितीय भक्ति का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि संतों की निष्ठा, सेवा और प्रभु-भक्ति ही उनके दिव्य जीवन की आधारशिला रही, जिसके कारण स्वयं भगवान को उनके हृदय में स्थान देना पड़ा दीदी ने बताया कि ह्लजो भक्त संतों की भक्ति, गुरु सेवा और गौमाता की सेवा में स्वयं को समर्पित कर देता है, वह भगवत-प्राप्ति का अधिकारी बन जाता है नाभादास जी द्वारा वर्णित नारद के पूर्व जन्म का प्रसंग समझाते हुए उन्होंने संतों की भक्ति की गहराई पर प्रकाश डाला हरिराम व्यास जी के प्रसंग पर दीदी ने कहा कि उनकी कंठी और माथे



का तिलक उनकी अनन्य भक्ति का प्रतीक था। उन्होंने प्रभु-भक्ति के बल पर भवसागर को पार किया। उन्होंने यह भी कहा कि संतों के प्रति अटूट श्रद्धा और आध्यात्मिक समर्पण ही मोक्ष का प्रथम साधन है अपने भजनोंअच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम और कौन कहते हैं भगवान आते नहीं, तुम मीरा की तरह बुलाते नहीं –के माध्यम से उन्होंने सभी भक्तों को भक्ति में दृढ़ रहने का संदेश दिया अंत में गौमाता की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जो भक्त गौ सेवा कर लेता है, उसे स्वतः भगवत-प्राप्ति का मार्ग मिल जाता है आज के यजमानः

कृष्णा गुप्ता, मनीष गुप्ता, हरीश भारद्वाज, बबीता, तरंग गुप्ता, अनीश गुप्ता, अनिल, विजय सांवरिया, संगीता सांवरिया, प्रेम सागर सांवरिया, राजलक्ष्मी उपस्थित प्रमुख श्रद्धालु कृष्णा गुप्ता, लक्ष्मी नारायण, लक्ष्मी, अविनाश कोल, उमेश (ऑटोमोबाइल्स), वंदना, श्याम जी, संजय सिंह, राकेश जी, यतेंद्र डिब्बा, दिव्यांशु, दीपक गुप्ता, गौशाला मीडिया प्रभारी विशाल देशभक्त सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों का कलक्ट्रेट में शैक्षिक भ्रमण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/ बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल बहजोई के कक्षा 6 से 9 तक के लगभग 200 छात्रों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक विशेष शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान छात्रों ने जिला

### जिलाधिकारी की बच्चों को सीख, घर का भोजन करें इस्तेमाल, फास्ट फूड से बच्चे

प्रशासन के विभिन्न कार्यालयों का अवलोकन कर सरकारी कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त किया। भ्रमण के अंतर्गत छात्रों ने डीएम कार्यालय, एसपी कार्यालय, एनआईसी, डीपीएमयू, डीपीओ, सीडीओ कार्यालय सहित कई महत्वपूर्ण विभागों का दौरा किया।अधिकारियों ने बच्चों को विभागों में होने वाले कार्य, फाइल प्रबंधन, डिजिटल सेवाओं और जनकल्याण



योजनाओं के संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण का मुख्य आकर्षण कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया से हुई विशेष मुलाकात रही। जिलाधिकारी ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे जीवन में कर्मयोगी बनें, अपने भीतर निरंतर सुधार लाएँ और सदैव अनुशासन व ईमानदारी को अपनाएँ– इन्हीं गुणों से वे भविष्य में बड़ी सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

जिलाधिकारी ने छात्रों से कहा कि घर का भोजन करना चाहिए तथा फास्ट फूड से बचना चाहिए। मन पर विजय प्राप्त करके ही अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।जिलाधिकारी ने छात्रों से अपील की कि प्लास्टिक डिस्पोजल का प्रयोग न करने को लेकर लोगों को जागरूक करें। छात्रों ने अधिकारियों से कई प्रश्न पूछे और प्रशासनिक व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, डिजिटल भारत परियोजनाओं तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ हासिल कीं। विद्यालय प्रबंधन ने इस शैक्षिक भ्रमण को छात्रों के समग्र विकास हेतु अत्यंत उपयोगी बताया। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे भ्रमण से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, प्रशासनिक समझ और सामाजिक जागरूकता बढ़ती है।

# सर्पदंश से मौतों को रोकने के लिए संभल के ठाठी गांव में चलाया गया जागरूकता अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास )।** जनपद के गांव ठाठी स्थित एनपीएस इंटर कॉलेज में सोमवार को सर्प दंश मृत्यु मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ऑल इंडिया वाइल्डलाइफ रेस्क्यू ग्रुप के सदस्य जिया उल हक और उनकी टीम ने किया। कार्यक्रम में

### सर्पदंश होने पर झाड़-फूंक या देसी नुस्खों पर भरोसा न करे सीधे सरकारी अस्पताल : जाबुल



छात्र-छात्राओं को भारत में पाई जाने वाली सांपों की विभिन्न प्रजातियों, जहरीले-गैर जहरीले सांपों की पहचान, सर्पदंश से बचाव के उपाय तथा सांप काटने पर तुरंत क्या करना चाहिए, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि भारत में हर साल सर्पदंश से 50,000 से अधिक लोग अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें से अधिकांश मौतें समय पर सही उपचार न मिल पाने के कारण होती हैं।

जिया उल हक ने बच्चों को समझाया कि सांप से डरने की बजाय उससे सुरक्षित दूरी बनाकर रखनी चाहिए और किसी भी सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या देसी नुस्खों पर भरोसा करने की बजाय तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचना चाहिए। यह अभियान जिला प्रशासन के निर्देश पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय की अनुमति से तथा वन विभाग के सहयोग से निशुल्क चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम में एनपीएस इंटर कॉलेज के मैनेजर नेक पाल सिंह, प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बच्चों ने इस उपयोगी जानकारी के लिए रेस्क्यू टीम को धन्यवाद दिया और ऐसे आयोजनों की निरंतरता की मांग की। ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश की घटनाएं आम होने के कारण इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम जीवन रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान (फेज 5.0) के तहत जनपद सम्भल में पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थानों की महिला पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित चौपालों में बालिकाओं और महिलाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े अधिकारों, समस्याओं के त्वरित निस्तारण तथा उपलब्ध सरकारी सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने, आत्मनिर्भर बनने और जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही प्रमुख योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान भारत योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनाकृकी जानकारी पंपलेट के माध्यम से वितरित की। इसके साथ ही पुलिस विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930कृकी जानकारी देकर मोबाइल पर पैनिक बटन और आपातकालीन कॉल की कार्यप्रणाली का डेमो भी प्रस्तुत किया गया।

# राधा गोविंद इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को पुलिस ने दिए साइबर क्राइम से बचने के टिप्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास )।** विद्यार्थियों को पुलिस द्वारा साइबर क्राइम से बचने के प्रति जागरूक किया गया तथा इसके प्रति टिप्स दिए गए। मंगलवार को थाना नखासा क्षेत्र के गांव सुजातपुर के स्कूल राधा गोविंद इंटर कॉलेज में क्राइम इंस्पेक्टर व एस आई राखी व महिला कांस्टेबल और के द्वारा स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम ठगी से बचने के लिए और अन्य महिला सशक्तिकरण और स्कूल की छात्राओं के लिए सम्भल पुलिस के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।



# ठंड ने बढ़ाई रौनक,गर्म कपड़ों के बाजार में उमड़ी खरीददारों की भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**चंदौसी।** प्रदेश में तापमान लगातार गिरने के साथ ही नगर के बाजारों में गर्म कपड़ों की खरीदारी अचानक तेज हो गई है। सुबह-शाम की जमकर बढ़ रही ठिठुरन के बीच लोग स्वेटर, मफलर, जैकेट, कैप और थर्मल पहनावे खरीदने बाजारों में पहुंच रहे हैं। दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी रहने से व्यापारियों के चेहरे भी खिले नजर आ रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार पिछले एक सप्ताह में बिक्री में करीब 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। महिलाएं और बच्चों के लिए नए डिजाइन वाले स्वेटर और जैकेट की मांग ज्यादा देखी जा रही है। इसी के साथ लोहा मार्केट में भी हाथ से बुने स्वेटर, टोपी और मफलर की खूब बिक्री हो रही है। ग्राहकों का कहना है कि ठंड अचानक बढ़ने से गर्म कपड़ों की जरूरत भी बढ़ गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान में अगले कुछ दिनों तक शीतलहर के आसार जताए जाने के बाद लोग पहले से ही तैयारी कर रहे हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए दुकानदारों ने भी नए स्टॉक मंगवाकर दुकानों में सजाना शुरू कर दिया है। उधर, बच्चों के स्कूल खुलने के समय सुबह की ठंड के कारण अभिभावक भी गर्म ऊनी पहनावे खरीदने में जुटे हैं। बाजारों में रौनक बढ़ने से व्यापारी सीजन की अच्छी बिक्री की उम्मीद कर रहे हैं।

# संभल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आज जिला कार्यालय चंदौसी रोड सम्भल पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी ने केक काटकर सोनिया गांधी की लंबी उम्र एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इसके उपरांत कार्यकताओं ने स्थानीय अस्पताल हसीना बेगम हॉस्पिटल पहुंचकर मरीजों में फल वितरित किए कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आरिफ



तुर्की ने की तथा संचालन अमित कुमार उठवाल जी किया आरिफ तुर्की ने कहा कि।नारीशक्ति की प्रतीक चिन्ह सोनिया गांधी जी सेवा व समर्पण की प्रतिमूर्ति, सौहार्द व सद्भाव की पर्याय तथा ममता व त्याग की मूरत हैं उनका व्यक्तिगत एवं राजनैतिक जीवन हमेशा प्रेरणा का नवदीप जलाकर हम सभी को रास्ता दिखाता रहेगा इस अवसर पर शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम महिला जिला अध्यक्ष कल्पना सिंह नगर अध्यक्ष साहू संजीव कुमार डीके वाल्मीकि छिददा खा सलीम सैफी कोस्तुभ रस्तोगी दाऊद पाशा सफी सैफी अक्षय कुमार सिंह सलाउद्दीन सैफी रईस मसूदी जयप्रकाश सहगल बब्बू कलीम भाई यासीन अंसारी मोअज्जम हुसैन डॉ मरगूब अंजार मंसूरी फुरकान कुरैशी सरफराज नोमान हैदर राशिद हुसैन सैफी शिशु पाल निसार भूरा आदि मौजूद रहे।

# 21 से 26 दिसंबर तक आम आदमी पार्टी संजय सिंह के नेतृत्व में निकालेगी वोट बचाओ संविधान बचाओ पदयात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा 21 से 26 दिसंबर तक वोट बचाओ - संविधान बचाओ पदयात्रा आयोजित की जाएगी, जिसका मार्गदर्शन उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह करेंगे। जो रामपुर से प्रारंभ होकर मुरादाबाद और अमरोहा जिलों में सम्पन्न होगी। पदयात्रा के दौरान प्रमुख जनसभाएँ रामपुर , मुरादाबाद, तथा पाकबाड़ा क्षेत्र, और अमरोहा में आयोजित की जाएँगी। रामपुर को यात्रा के प्रारंभिक केंद्र के रूप में चुना गया है 'पदयात्रा के मीडिया प्रभारी के रूप में आतिर हुसैन को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा बरेली में आयोजित तैयारी बैठक में संजय सिंह की



मौजूदगी में प्रांत अध्यक्ष द्वारा की गई। आतिर हुसैन प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर (उर्दू), राज्य-स्तरीय मीडिया प्रबंधन और प्रवक्ता के रूप में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने बताया कि निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें सभी सम्बन्धित जिलों के मीडिया कर्मियों से संवाद स्थापित कर एक प्रभावी मीडिया कोऑर्डिनेशन ग्रुप तैयार करने का निर्देश दिया है, ताकि पदयात्रा की कवरेज अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित और व्यापक रूप से सुनिश्चित की जा सके।

# नगर में बढ़ती चोरियों से दहशत, पुलिस गश्त बढ़ने के बाद भी नहीं थम रहे हाथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** नगर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से आमजन में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते दिनों विभिन्न मोहल्लों में घरों, दुकानों और बंद पड़े प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए जाने के बाद लोगों में रोष देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ाए जाने के दावों के बावजूद चोर बदस्तूर सक्रिय हैं।

कई बार चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद भी हुए, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी न होने से लोगों में नाराजगी है।मोहल्लावासियों ने बताया कि चोर मौके का फायदा उठाकर कीमती सामान, नकदी और मोबाइल आदि उड़ा ले जा रहे हैं। पीड़ित परिवारों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात में गश्त और अधिक बढ़ाने तथा संवेदनशील इलाकों में निगरानी मजबूत करने की मांग की है।

# अमरोहा पुलिस की करतूत,चोरी के आरोप में मासूम बच्चे के लगाया करंट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा महताब अमरोहवी)।** अमरोहा में एक नाबालिग बच्चे के साथ पुलिस चौकी पर मारपीट और करंट लगाने का आरोप लगा है। बच्चे को पर्स चोरी के शक में पकड़ा गया था। उसके पिता ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित एक शिकायत पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है। शिकायतकर्ता फुरकान पुत्र यासीन निवासी मोहल्ला कुरैशी ने मंगलवार को अमरोहा कलेक्ट्रेट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 दिसंबर को शाम 4 बजे उनके 10 वर्षीय बेटे आसिम को तीन अन्य बच्चों के साथ भूड़ चौकी पुलिस ने एक बैंकेट हॉल से पर्स चोरी के आरोप में पकड़ा था। फुरकान का आरोप है कि चौकी पर तैनात सिपाही नीतीश ने 36 घंटे तक मासूम बच्चे को हिरासत में रखा और शराब पीकर उसे यातनाएं दी पटे से पीटा और करंट लगाया और 18 हजार रुपए लेने के बाद उसे छोड़ा चोटों के निशान बच्चे के शरीर पर साफ नजर आ रहे थे पिता ने यह भी बताया



कि पुलिस वालों ने पहले उसे भी दो घंटे तक मारा बाद में बच्चे को घर से उठा कर ले गए जब उन्होंने विरोध किया तो चौकी के सिपाही ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी इस मामले में सीओ सिटी अभिषेक यादव ने कहा है कि आरोपों की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 4.32 लाख रुपये वापस न देने पर दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** हयातनगर पुलिस ने 4.32 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई मोहल्ला भालेबाज खां सरायतरीन निवासी विशाल शर्मा की शिकायत पर की गई है। विशाल शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मोहल्ले के अंकित पाठक और संजीव शर्मा ने उनसे 8.35 लाख रुपये उधार लिए थे। रकम वापस न मिलने पर 6 जुलाई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

इसके बाद मोहल्ले के कुछ जिम्मेदार लोगों ने एक पंचायत कराई। इसमें आरोपियों ने 4.32 लाख रुपये लौटाने पर सहमति जताई। उन्होंने ढाई लाख रुपये का एसबीआई बैंक सरायतरीन का चेक दिया और 1.82 लाख रुपये नकद बाद में देने का वादा किया। विशाल शर्मा ने जब ढाई लाख रुपये का चेक बैंक में जमा किया, तो उन्हें पता चला कि संबंधित खाते पर रोक लगी हुई है। इस बारे में शिकायत करने पर आरोपियों ने उन्हें धमकाया। थाना प्रभारी उमेश कुमार सोलंकी ने पुष्टि की है कि धोखाधड़ी और धमकी देने के इस मामले में मोहल्ला भालेबाज खां सरायतरीन निवासी अंकित पाठक और संजीव शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**कब्जा** टेंपो चालकों से हर माह 250 की अवैध वसूली! कल्लू नामक व्यक्ति चला रहा पूरा रैकेट

# मुख्य चौराहे पर अवैध टेंपो स्टैंड का कब्जा, यातायात व्यवस्था चरमराई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** शहर के मुख्य चौराहे के बिल्कुल पास अवैध रूप से संचालित टेंपो स्टैंड ने यातायात व्यवस्था को संकट में डाल दिया है। आधी सड़क पर कब्जा जमाए टेंपो चालक दिनभर रोड पर ही सवारियां बिठाते हैं, जिसके चलते इस भीड़भाड़ वाले इलाके में जाम लगना आम बात हो गई है। हैरानी की बात है कि इतने व्यस्त स्थान पर चल रही अव्यवस्था के बावजूद विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह बेखबर बने हुए हैं।

टेंपो चालकों का आरोप है कि कल्लू नामक व्यक्ति उनसे 250 रुपये प्रति माह वसूलता है। बदले में वह उनकी गाड़ियां सड़क पर खड़ी करवाकर सवारी बिठाने, तथा किसी भी प्रकार की पुलिस कार्यवाही से बचाने की जिम्मेदारी लेता है। यह व्यवस्था न सिर्फ अवैध है, बल्कि



शहर की यातायात प्रणाली के साथ खुली खिलवाड़ भी है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि आधी सड़क को स्टैंड बना देने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है, लेकिन इस समस्या की ओर प्रशासनिक विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

अवैध वसूली और बदइंतजामी का यह मामला अब सवाल खड़ा कर रहा है कि आखिर इतनी बड़ी अनियमितता पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है।

# अभिलेखागार मुरादाबाद से दस्तावेज मंगाए जाएं सम्भल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** मंगलवार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार को दिया गया। जिसमे कहा गया है कि राजस्व भूअभिलेखगार मुरादाबाद से समस्त अभिलेख भू अभिलेखागार सम्भल स्थित बहजोई अविलंब मगाये जावे क्योंकि फरियादियो एवम बाद कारियो को मुरादाबाद अभिलेखागार से कोई किसी प्रकार की खतौनी, नक्शों, जिल्द, आदि की सत्य प्रतिलिपि नहीं जारी नही हो रही है बाद कारियो के सभी काम नकलो से संबंधित प्रभावित हो रहे है । इस समय सभी सत्य प्रतिलिपि भू अभिलेखागार संभल से जारी होती है, अभी तक अधिकतर रिकॉर्ड तहसील संभल का मुरादाबाद भू अभिलेख कार्यालय में जमा है जो संभल नहीं लाया गया है जिस कारण



नकलें नही जारी हो रही है। यह बहुत बड़ी समस्या है जिस पर संबंधित जनपद के अधिकारी गंभीर नहीं है। संस्था इस समस्या को दृष्टिगत रखते हुए मांग करती है कि त्वरित रिकार्ड मुरादाबाद से मंगवाकर समाधान किया जावे, ज्ञापन देते समय महंत भगवानदास शर्मा, महिपाल,दिनेश कुमार, देवी सिंह, नितिन शर्मा, साजिद हुसैन,जोगेंद्र शर्मा मोजूद रहे।

# सरधना में लाइनमैन पर गोली चलाने वाला आरोपी अंकुश उर्फ राहुल तालियान गिरफ्तार,पिस्टल बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** बीते रविवार को राकेशपाल, जो लाइनमेन का कार्य करते हैं, और अभियुक्त प्रदीप पुत्र सोनबीर, ग्राम छुर के बीच बिजली के तार खींचने को लेकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान प्रदीप ने राकेशपाल को गाली दी और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी अंकुश उर्फ राहुल तालियान और एक अन्य व्यक्ति मोटरसाइकिल से आकर राकेशपाल पर हमला करने लगे। अंकुश ने जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, जिससे राकेशपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल राकेशपाल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना सरधना पुलिस



टीम ने मंगलवार सुबह आरोपी अंकुश को छुर से गोटका जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 32 बोर की पिस्टल भी बरामद की।पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ आगे कानूनी कार्रवाई की जा रही है और फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# ठंड से गौवंश की रक्षा हेतु अमेटी शाखा ने गर्म कंबल वितरित कर किया भव्य गौ सेवा कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** भारत विकास परिषद् मुजफ्फरनगर की अमेटी शाखा द्वारा गौशाला, नई मंडी गौशाला रोड पर गौ सेवा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें शीत ऋतु के चलते गौ माता एवं गौवंश की सुरक्षा के लिए गर्म कंबलों (ओढ़नी) का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में प्रांतीय प्रकल्प संयोजक "गौ संवर्धन" लोकेश गुप्ता मुख्य अतिथि रहे जिन्होंने इस सेवा कार्य की प्रशंसा की।कार्यक्रम संयोजक उदय गर्ग,महक गर्ग,अंशुल जैन और पायल जैन ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सेवा कार्य में अतीन सिंघल, अकुल अग्रवाल, अमित तायल, गौरव गर्ग, नितिन गुप्ता, अरविंद शर्मा,पंकज गर्ग, विनय अग्रवाल, नवनीत मित्तल, सचिन सिंघल,गौरव मित्तल एवं कुलभूषण मित्तल




सहित कई सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। गौ सेवा चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा कि गौ माता की सेवा करना हमारा परम धर्म है और सर्दियों में गौवंश की सुरक्षा हेतु हर संभव प्रयास किया जाएगा। अध्यक्ष मितिन मित्तल,सचिव संवित जैन और शाखा संयोजिका सुरभि अग्रवाल ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए उनके सहयोग की सराहना की।

# सरधना में पुलिस मुठभेड़: गोकशी की तैयारी कर रहा नवाब गोली लगने से घायल,दो आरोपी फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** थाना पुलिस को देर रात सूचना मिली कि नहर पटरी मार्ग स्थित एक बाग में कुछ लोग गोकशी की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और चारों ओर से घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपियों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी की पहचान नवाब उर्फ. नवाबुद्दीन पुत्र इकराम, निवासी रूहासा, थाना दौराला, मेरठ के रूप में हुई। पुलिस ने उसे उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। उसके दो साथी – वसीम उर्फ. काना निवासी इस्लामाबाद सरधना और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति अंधेरे का फायदा



उठाकर फरार हो गए।मौके से पुलिस ने एक गाय, दाव, रस्सा, गौकशी के औजार, तथा 315 बोर का तमंचा, 01 खोखा कारतूस और 01 जिंदा कारतूस बरामद किए।पुलिस के अनुसार आरोपी नवाब के खिलाफ पहले से गौवध अधिनियम, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रताप ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को तुरंत रवाना किया गया। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर जानलेवा हमला किया, जिसके बाद आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी।एक आरोपी घायल होकर गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो फरार हैं। मौके से गौकशी के औजार और अवैध हथियार बरामद हुए हैं।फरार आरोपियों की तलाश जारी है और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सरधना में एसआईआर कार्य अंतिम चरण में, एसडीएम ने किया निरीक्षण—दस्तावेजों की सटीकता पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** नगर में चल रहा एसआईआर (समीक्षा एवं पुनरीक्षण) कार्य अब अंतिम चरण में पहुँच गया है। मंगलवार को एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने सरधना तहसील पहुँचकर पूरे अभियान का विस्तृत निरीक्षण किया।

उन्होंने क्षेत्रवार तैयार किए जा रहे गणना प्रपत्रों, मैपिंग दस्तावेजों और फॉर्मों के मिलान की गहनता से जाँच की। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 11 दिसंबर की अंतिम तिथि तक सभी कार्य पूरी निष्पक्षता और सटीकता के साथ पूरे कराए जाएँ। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



इसी दौरान वरिष्ठ समाजसेवी शाहवेज अंसारी भी विभिन्न बूथों पर पहुँचे और बीएलओ से मिलकर प्रपत्रों व मैपिंग डेटा की स्थिति जानी। उन्होंने बीएलओ शालिनी जैन के साथ मिलकर शेष दस्तावेजों की जाँच करवायी।शाहवेज अंसारी ने कहा– एसआईआर कार्य में जनता के दस्तावेजों की सटीकता सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है।

हम प्रयास कर रहे हैं कि 11 दिसंबर से पहले सभी रिकॉर्ड पूरी तरह सही रूप में तैयार हो जाएँ। बीएलओ शालिनी जैन ने बताया कि अंतिम समय सीमा से पहले सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार कर लिए जाएँगे। मैदान स्तर पर लगातार निरीक्षण और निगरानी के चलते एसआईआर कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और उम्मीद है कि निर्धारित तिथि तक पूरा अभियान सफलतापूर्वक पूरा हो जाएगा।

# हाईकोर्ट बेंच की मांग पर 17 दिसंबर को सरधना बंद, सरधना बार एसोसिएशन ने सहयोग की अपील की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की खंडपीठ स्थापित करने की मांग लंबे समय से उठती रही है। इस मांग को आगे बढ़ाने के लिए हाईकोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में 22 जिलों के अधिवक्ता, विभिन्न राजनीतिक-गैर राजनीतिक संगठन और आम जनता लगातार आंदोलनरत हैं। इस आंदोलन में कई संगठनों ने समय-समय पर सहयोग भी दिया है। इसी संदर्भ में समिति की बैठक 15 नवंबर को कैराना स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के बार भवन में हुई, जिसमें 17 दिसंबर (बुधवार) को सम्पूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश बंद करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत मेरठ बंद को भी पूर्ण समर्थन देने का आह्वान किया गया है। बंद को सफल



बनाने के लिए विभिन्न व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और अन्य समूहों का समर्थन जुटाया जा रहा है।

सरधना बार एसोसिएशन ने भी सभी संगठनों, व्यापारियों और सहयोगियों से अपील की है कि वे 17 दिसंबर को मेरठ बंद में अपने-अपने बैनर के साथ शामिल होकर आंदोलन को मजबूती दें। साथ ही सरधना बार एसोसिएशन ने समर्थन पत्र भेजकर इस न्यायसंगत मांग का साथ देने की भी अपील की है।सरधना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड० विक्रम त्यागी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना से क्षेत्र की जनता को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय मिल सकेगा। इसलिए इस आंदोलन को सफल बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# एसएसपी ने साइबर क्राइम पर की समीक्षा बैठक में त्वरित कार्रवाई और जागरूकता बढ़ाने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में आयोजित साइबर अपराध समीक्षा बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में समस्त क्षेत्राधिकारियों,साइबर थाना प्रभारी,जनपद के सभी थानों पर नियुक्त साइबर सेल प्रभारी एवं उनकी टीमें मौजूद रहीं।बैठक में नोडल अधिकारी साइबर क्राइम,पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।एसएसपी ने निर्देशित किया कि साइबर अपराध से संबंधित सभी शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा पीड़ितों की आर्थिक क्षति की अधिकतम रिकवरी हेतु बैंक, वित्तीय संस्थान व हेल्पलाइन 1930 से समन्वय मजबूत किया जाएफिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी/यूपीआई ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग,नकली कस्टमर केयर व निवेश/जॉब फ्रॉड जैसे



मामलों में तेज और प्रभावी कार्रवाई के आदेश दिए गए।साइबर सेल को तकनीकी विश्लेषण,डिजिटल साक्ष्य संरक्षण,वॉलेट ट्रेसिंग और लॉग विवरण संग्रहण पर विशेष जोर देने को कहा गया। विद्यालयों, कॉलेजों, बाजारों और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर साइबर जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही फ्रॉड में प्रयुक्त खातों,मोबाइल नंबरों, डिवाइसों और सिम की तत्काल ब्लॉकिंग एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए गए.इंटर-स्टेट साइबर गैंगों पर कार्रवाई हेतु अन्य राज्यों की एजेंसियों से समन्वय बढ़ाने पर भी बल दिया गया।

एसएसपी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक थाने में साइबर शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दिखा देशभक्ति का उत्साह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानसठ रोड मुजफ़्फ़रनगर में सशस्त्र सेना झंडा दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति की



भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुई। विद्यार्थियों को सशस्त्र बलों के महत्व,उनके बलिदान और राष्ट्र सुरक्षा में योगदान की जानकारी दी गई। एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने झंडा दिवस के प्रतीक झंडे वितरित किए और सैनिक कल्याण हेतु स्वैच्छिक सहयोग राशि एकत्र की।कार्यक्रम में सभी कैडेट्स ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की।विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्रहित,सैनिक सम्मान और देशभक्ति की भावना को सदैव सर्वोपरि रखेंगे।

# फर्जी पुलिस बनकर ठगी करने वाला शातिर आरोपी पुलिस की वर्दी,चाकू व मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम ए तोमर)।** थाना शाहपुर पुलिस ने वांछित एवं वारंटी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए गांव-गांव एवं थाना क्षेत्र में फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को मोहित पुत्र ओम सिंह निवासी ग्राम कुटवी थाना शाहपुर ने एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति पुलिस की पोशाक और टोपी पहनकर उसकी माता व भाई से 3000 रुपये ठगकर फरार हो गया।इस संबंध में थाना शाहपुर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम को आरोपी की तलाश में लगाया गया तथा पुलिस टीम ने




सोमवार को गांव गांव में जाकर फर्जी पुलिस कर्मी बनकर ठगी करने वाले शातिर अभियुक्त मनोज कुमार उर्फ गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम धनौरा थाना दोघट जिला बागपत को पुलिस की वर्दी एक नाजायज चाकू,एक मोटरसाइकिल के साथ ग्राम बझधाडा की ओर जने वाले रास्ते पर जंगल में लिंक मार्ग से गिरफ्तार करते हुए अभियुक्त के कब्जे से 2000 रुपये नकद,अभियुक्त का आधार कार्ड,पुलिस की वर्दी,पुलिस बेल्ट (खाकी),पुलिस के लाल रंग के जूते,एक नाजायज चाकू,मोटरसाइकिल वढ 12 इफ 5543 बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में जनपद बागपत,मुरादाबाद अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरिओम सिंह,कांस्टेबल धीरज कुमार,कांस्टेबल सोनू कुमार शामिल रहे।

# सस्ते दामों पर दवाएं उपलब्ध कराने को हर ब्लॉक में खुलेंगे पशु औषधि केंद्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एमएतोमर)।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि पशुपालकों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के लिए अब प्रत्येक विकासखंड स्तर पर पशु औषधि केंद्र स्थापित किए जाएंगे।यह केंद्र भारतीय जन औषधि केंद्रों की तर्ज पर संचालित होंगे।किसान सेवा केंद्र एवं सहकारी समितियां इन केंद्रों को खोलने के लिए 5,000 रुपये शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।आवेदक को फार्मेसिस्ट का पंजीकरण विवरण,120 वर्ग फुट दुकान स्थान का प्रमाण तथा ड्रग सेल लाइसेंस प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केंद्र व सहकारी समितियों के पात्र आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।यह योजना भारत सरकार के पशुधन स्वास्थ्य नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP) के अंतर्गत संचालित होगी, जिससे पशुपालकों को महंगी दवाओं के बोझ से राहत मिलेगी।

# सरधना में शादी समारोह में युवक ने पिस्टल लहराई, वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** थाना क्षेत्र के कस्बा सरधना में एक शादी समारोह के दौरान एक युवक ने हाथ में पिस्टल लेकर वीडियो बनाया और उसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया। वीडियो में युवक ब्लैक सूट में दिखाई दे रहा है और शादी में एंट्री से पहले पिस्टल को खोलकर हवा में घुमाता दिखाई दे रहा है। प्रशासन पहले से ही शादी समारोहों में हथियारों के प्रदर्शन और हर्ष फायरिंग के मामलों को लेकर पूरी तरह सतर्क है। बावजूद इसके कुछ लोग ऐसे आयोजनों में हथियार लेकर पहुँच रहे हैं और उनके वीडियो सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं। प्रशासन ने बताया कि ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन सवेरा: बुढ़ाना पुलिस की बड़ी सफलता, 261 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** बुढ़ाना थाना पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा- नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 02 अवैध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से 261 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है।यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक,मेरठ जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा,पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह तथा थाना प्रभारी बुढ़ाना के नेतृत्व में की गई। मंगलवार को थाना बुढ़ाना पुलिस टीम भसाना मील से नदी मंदिर जाने वाले मार्ग पर गश्त के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर पड़ी। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे जिन्हें पुलिस टीम ने पीछा कर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए पकड़ लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम विकास पुत्र इन्द्रपाल, निवासी टांडा माजरा थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर एवं सोनू पुत्र जनेश्वर निवासी कुरताना, थाना गढ़ी पुख्ता शामली है जिनके कब्जे से 261 ग्राम स्मैक (अंतर्राष्ट्रीय मूल्य लगभग 50 लाख रुपये है)बरामद की है।पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे सस्ते दाम पर अवैध मादक पदार्थ खरीदकर फुटकर में ऊंचे दामों पर बेचते हैं और इसी अवैध व्यापार से आर्थिक लाभ कमाते हैं। आज भी वे स्मैक बेचने पहुंचे थे, तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री,उपनिरीक्षक संदीप सिंह,उपनिरीक्षक गजेन्द्र सिंह,उपनिरीक्षक छविकांत सिंह,हेड कांस्टेबल नीरज त्यागी,हेड कांस्टेबल अमरदीप,हेड कांस्टेबल सुनील कुमार,हेड कांस्टेबल निर्वेश कुमार,हेड कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह शामिल रहे।गिरफ्तार अभियुक्त शातिर तस्कर हैं।इनके विस्तृत आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**शपथ समारोह** भ्रष्टाचार ना केवल व्यक्तिगत, परिवार, सस्थान या समाज के लिए ही दीमक है, बल्कि यह स्वस्थ एवं स्थिर लोकतंत्र की राह में सबसे बड़ा रोड़ा- सुधीर गिरि

# वेंक्टेश्वरा में अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्ट्राचार निरोधक दिवस पर भ्रष्ट्राचार वैश्विक अभिशाप एवं लोकतंत्र के लिए खतरा विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार व भ्रष्ट्राचार विरोधी शपथ समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्ट्राचार निरोधक दिवस पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगौष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें देशभर से पधारे वक्ताओ ने एकसुर में भ्रष्ट्राचार को वैश्विक अभिशाप बताते हुए इसे स्वस्थ व स्थिर लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। इसके साथ ही उपस्थित स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओ को अपने-अपने कार्यक्षेत्रो में ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ काम करते हुए राष्ट्र सेवा की शपथ दिलायी।श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्ट्राचार निरोधक दिवस पर भ्रष्ट्राचार वैश्विक अभिशाप एवं लोकतंत्र के लिए खतरा विषय पर संगौष्ठी एवं शपथ समारोह का शुभारम्भ



प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, उपभोक्ता मामलो के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ0 श्रीगोपाल नारसन, कुलसचिव प्रो0 पीयूष कुमार पाण्डेय, डॉ0 राजेश सिंह आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि भ्रष्ट्राचार एक ऐसी दीमक है, जो ना सिर्फ व्यक्तिगत, परिवार, संस्था, समाज, प्रदेश व राष्ट्र बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय के साथ-साथ स्वस्थ व स्थिर लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है। आप पूरे विश्व परिदृश में देखे तो पता चलेगा कि दुनिया के जिस राष्ट्र में भ्रष्ट्राचार चरम पर है, वह पूरी तरह से आज पतन के रास्ते पर है। प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने कहा कि पिछले एक दशक में विभिन्न राज्यो में लोकपाल की नियुक्ति, कड़े भ्रष्ट्राचार निरोधक कानून एवं सूचना के अधिकार जैसी सेवाओ द्वारा भ्रष्ट्राचार पर कड़ाई से अंकुश लगाया जा रहा है। पर शत-प्रतिशत भ्रष्ट्राचार के खात्मे के लिए सरकार के साथ-साथ देश के प्रत्येक नागरिक को इस कलंक से राष्ट्र को बचाने एवं स्थिर लोकतंत्र के निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभानी होगी। अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्ट्राचार निरोधक दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय संगौष्ठी को वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ0 श्रीगोपाल नारसन, कुलसचिव प्रो0 पीयूष कुमार पाण्डेय, डॉ0 नीतू पंवार आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 सुमन कुमारी, डॉ0 आरती गुप्ता, डॉ0 राजवर्द्धन, डॉ0 जयवीर सिंह, एस0एस0 बघेल, डॉ0 श्रीराम गुप्ता, मेरठ परिसर निदेशक डॉ0 प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं अपना नाम ROSHAN ALI ANSARI से बदलकर ROSHAN ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे ROSHAN ALI के नाम से जाना पहचाना जाए।

ROSHAN ALI S/O ZAMEER HASAN
646,03 REHMATNAGAR, KHALAPAR
MUZAFFRNAGAR (U. P.) 251002

## संभल से जगद्गुरु शंकराचार्य से मिलने हिंदू जागृति मंच का प्रतिनिधि मंडल हरिद्वार रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** कल्कि अवतार स्थल अथवा तिथि के संदर्भ में एकाएक उपजा विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। हिंदू जागृति मंच एवं अन्य सामाजिक धार्मिक संस्थाएं अपने-अपने स्तर से भ्रामक स्थिति को दूर करने का भरसक प्रयास कर रही हैं। इसी क्रम में हिंदू जागृति मंच का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को प्रातः काल जगतगुरु शंकराचार्य श्री राज राजेश्वराश्रम जी महाराज से मिलने हरिद्वार रवाना हो गया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हिंदू जागृति मंच के प्रदेश मंत्री अंकुश त्यागी कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में संतोष कुमार गुप्ता, विकास कुमार, अजय कुमार शर्मा, राकेश कुमार शर्मा हरिद्वार पहुंचकर पूज्य पाद जगतगुरु शंकराचार्य श्री राज राजेश्वराश्रम महाराज से मिलेंगे और वहां पर संभल की भूमि पर उपजी भ्रामक स्थिति के निवारण की प्रार्थना की जाएगी। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि पीढ़ी दर पीढ़ी अब तक दुनिया भर के साधु संतों, महामंडलेश्वरों, शंकराचार्य संतों महात्माओं धार्मिक ऐतिहासिक पुस्तकों ग्रंथों और बुजुर्गों से सुनते समझते चले आ रहे हैं कि संभल भगवान श्री कल्कि विष्णु की अवतार स्थली है। परंतु एकायक भ्रम की स्थिति उत्पन्न होना समाज के लिए और धर्म प्रेमियों के लिए उचित और उपयुक्त नहीं है। इस निदान के लिए जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वराश्रम के श्री चरणों में प्रार्थना की जाएगी कि यथाशीघ्र अपने स्तरीय विद्वानों संतों महंतों से शास्त्रार्थ उपरांत जो उचित उपयुक्त हो उसे संभल की धरती पर परोसा जाए।

## मुख्यमंत्री ने "पार्टी के नेताओं को माइक्रो मैनेजमेंट का दिया मंत्र"मंडल में" चुनावी जमीन तैयार करने में जुटे मुख्यमंत्री"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुरादाबाद मंडल में 2027 की चुनावी जमीन तैयार करने में जुट गए। उन्होंने पार्टी के नेताओं को माइक्रो मैनेजमेंट का मंत्र दिया।

सर्किट हाउस में हुई समीक्षा बैठक में पार्टी के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को आगामी चुनाव के मद्देनजर एसआईआर में लापरवाही नहीं बरतने की नसीहत दी। कार्यकताओं को वहीं काम दिया तो आगामी चुनाव के लिए जरूरी है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री अभी से 2027 के लिए चुनावी मोड पर हैं।मुख्यमंत्री ने एसआईआर समीक्षा के दौरान विपक्षी दलों के जन प्रतिनिधियों को नहीं बुलाया। बैठक में सिर्फ पार्टी के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एसआईआर के साथ साथ पार्टी कार्यकताओं को आगामी चुनाव के लिए हर वार्ड में पात्रों को लाभ दिलाने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए'



भाजपा के पदाधिकारियों का कहना है कि बूथ अध्यक्षों के सक्रिय होने पर कई प्रकार के फीडबैक सामने आने लगेंगे। किन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। कितने लोग जरूरतमंद हैं। पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि बनवाने के पीछे वोटरों के संख्या में इजाफा करना है। इसी वजह से हर वार्ड में पात्रों को लाभ दिलाने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। इसका लाभ 2027 के चुनाव में प्रत्याशियों को मिलेगा। अधिकारियों को भी विकास परियोजनाओं को तेज करने के निर्देश दिए। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री ने 2027 के चुनावी जमीन को तैयार करना शुरू कर दिया है। विपक्षी दल सपा और कांग्रेस अभी एसआईआर में व्यस्त हैं। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि भाजपा फरवरी 2026 के बाद 2027 का चुनावी बिगुल फूंक देगी। पार्टी मई और जून का इंतजार नहीं करेगी। अभी विपक्षी दल अन्य कार्यों में व्यस्त हैं। विपक्षी दलों को मात देने के लिए अगले दो माह में पार्टी अन्य कार्यक्रम भी लाएगी।

## मुमेरे फुफेरे भाईयों के टक्कर मारकर घायल वाले अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी) ।** क्षेत्र के ग्राम रायव नगला निवासी श्याम सिंह ने थाना कुन्दरकी में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पुत्र राहुल गांव के मोनू सिंह के साथ बहन के घर को घूमने गया था। वहां से उनके खेत पर चले गए। जब उसका पुत्र राहुल मोनू सिंह के साथ वापस मोटरसाइकिल से खेत से घर को आने लगा तो मंसूरपुर गांव में उसका भांजा शशी खड़ा हुआ था उससे बात करने के लिए उसका पुत्र राहुल मोटरसाइकिल रुकवाने लगा उसी दौरान सात दिसंबर की शाम को किसी अज्ञात वाहन ने वाहन को तेज गति से चलाकर मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर चला गया जिस दुर्घटना में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया तथा शशी भी चपेट में आकर घायल हो गया। दोनों घायलों को गांगन पर स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। जहां पर राहुल की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## शादी होने के "35 दिन बाद प्रेमी के साथ गई नवविवाहिता" पत्नी की" जिद के आगे पति ने हारमानी"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शादी के मंडप में सैकड़ों लोगों के सामने साथ फेर लेने के बाद नवविवाहिता अपने पति को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई। पति भी पत्नी की जिद के आगे हार गया। तहसील क्षेत्र के थाना छजलैट में चार महीने पहले क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी पड़ोस के गांव की युवती से तय हुई थी। दो नवंबर को धूमधाम और पूरे रीति रिवाज से दोनों का विवाह संपन्न हुआ था।

विवाह के बाद से ही ससुराल वालों को दुल्हन का व्यवहार ठीक नहीं लग रहा था। वह पति व ससुराल वालों से दूर-दूर रहती। पहले तो ससुराल वालों ने समझा कि दुल्हन मां-बाप का घर छोड़ने के सदमे में है। रविवार की रात पति-पत्नी में अनबन हो गई। माहौल बिगड़ता देख पति ने 112 पुलिस को कॉल कर मामले की जानकारी दी।सोमवार को मामला छजलैट थाने पहुंचा। नवदंपती और दोनों के परिजन भी पहुंचे।

## सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की मासिक बैठक: सभी अधूरे कार्य 15 दिनों में पूरा करें: धर्मपाल बिश्नोई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की मासिक बैठक मंगलवार को मंडल कार्यालय मुरादाबाद की नलकूप कॉलोनी के मीटिंग हॉल में आयोजित की गई' बैठक में पुराने कार्यों की समीक्षा में पाया गया की कुछ कार्य अभी अधूरे हैं जिन्हें15दिनों में पूरा करने का आदेश अध्यक्ष ने दिया जिसमें नगला गांव में माइनर पर पुल की बाउंड्री बाल भी शामिल है' नेहरों की शील्ड सफाई के कार्य पर असंतोष व्यक्त किया अध्यक्ष ने कहा किजहां-जहां इस प्रकार की शिकायतें हैं उन्हें शीघ्र दूर कर दिया जाए। किसानों की मांग को देखते हुए सभी नेहरों में पानी छोड़ दिया गया है। धामपुर के पास एक नहर में कटिंग हो जाने के कारण नहर टूट कर खेतों में पानी भर गया जिसकी लिखित कार्यवाही कर दी गई है और नहर की मरम्मत करा कर सुचारू रूप से पानी



चला दिया गया है। इस समय नेहरों में कुलाबों की कोई समस्या नहीं है।

राजकीय नलकूपों में10नलकूप यांत्रिक दोष के कारण तथा 4 नलकूप विद्युत दोष के कारण बंद है जिन्हें एक सप्ताह के अंदर अंदर ठीक करा कर सुचारू रूप से पानी चलने का आदेश अध्यक्ष ने दिया। केवल नलकूप संख्या 80 विद्युत लाइन खराब होने के कारण एक माह में सुचारू रूप से कार्य करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 घंटे विद्युत आपूर्ति तथा ग्रामीण लाइन से जुड़े नलकूपों में 18 घंटे और नगरों से जुड़ी लाइन के नलकूप को 22 घंटा 30 मिनट विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। बैठक की अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई (उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन )ने की तथा संचालन प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई रवि प्रकाश सिंह , अधिशासी अभियंता नलकूप नीरज कुमार गुप्ता , अधिशासी अभियंता विद्युत राकेश कुमार , सहायक अभियंता नलकूप खंड 1 पूजा कुमारी , सहायक अभियंता नलकूप खंड 2 श्रद्धा भट्ट , लघु सिंचाई विभाग से सहायक अभियंता अजय कुमार गौतम , सहायक अभियंता सुशील कुमार , कपिल कुमार अवर अभियंता, राणा मनोहर विंदा सिंह , तथा अवर अभियंता आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बीमार "पति की मृत्यु की सूचना मिलते ही पत्नी ने भी दम तोड़ा" मंगलवार को दोनों का हुआ एक साथ "अंतिम संस्कार "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील क्षेत्र के गांव कुम्हरिया में बीमार बुजुर्ग पति की मौत का गम पत्नी नहीं सह सकी। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। मंगलवार को दोनों का अंतिम संस्कार किया गया।



क्षेत्र के गांव कुम्हरिया चकफेरी निवासी 61 वर्षीय इकबाल सिंह काफी समय से बीमार थे' इकबाल सिंह के भतीजे अधिवक्ता करतार सिंह के मुताबिक सोमवार को वह अमरोहा से दवा लेने गए थे। वहां उनकी मृत्यु हो गई। जैसे ही उनकी मृत्यु की सूचना गांव पहुंची तो स्वजन में कोहराम मच गया। पति की मौत का गम उनकी पत्नी नहीं सह सकी। 58 वर्षीय पत्नी प्रेमवती ने पति का शव गांव पहुंचते ही दम तोड़ दिया। एक साथ दंपती की मृत्यु होने से गांव में माहौल गमगीन हो गया। दोनों का आज अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट पर किया गया। बताते हैं कि पति-पत्नी का एक साथ अंतिम संस्कार काफी समय बाद यहां हुआ है ।

## सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) के दो पदों पर आवेदन आमंत्रित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निदेर्शों के अनुपालन में जनपद में शासकीय अधिवक्ताओं (फौजदारी/दीवानी) के रिक्त पदों के सापेक्ष पैनल गठन हेतु प्रक्रिया जारी है।पूर्व में जारी विज्ञप्ति के अंतर्गत प्राप्त सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) के आवेदन पत्र अधूरे पाए जाने पर उसे आंशिक रूप से निरस्त कर जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन उपरांत पुनः विज्ञप्ति जारी की गई है।अब सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) के दो पदों पर नई आबद्धता हेतु अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।इच्छुक अधिवक्ता अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में कलेक्ट्रेट स्थित वाद सहायक पटल पर 9 दिसंबर 2025 से 27 दिसंबर 2025 सायं 5 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## मुरादाबाद में अब सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए खुलेंगे "पशु औषधि केंद्र" पशुपालकों को सस्ती दवाइयां मिलेंगीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद में अब पशुपालकों को राहत देने के लिए सरकार ने पशु औषधि केंद्र खोले जाने की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जनपद के सभी उप जिला अधिकारियों, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारियों, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को पत्र जारी कर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।




मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील दत्त प्रजापति ने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की तर्ज पर अब पशुओं के लिए भी सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए यह व्यवस्था लागू की जा रही है। जिले में केंद्र खोलने के लिए फार्मासिस्ट का पंजीकरण प्रमाणपत्र, वैध ड्रग लाइसेंस और कम से कम 120 वर्ग फीट जगह होना अनिवार्य है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी, जिसके लिए इच्छुक आवेदक विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क 5000 रुपये निर्धारित किया गया है।विकास खंड में एक केंद्र स्थापित किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि योजना लागू होने से पशुपालकों को बाजार के मुकाबले काफी कम कीमत पर आवश्यक पशु दवाइयां सहजता से उपलब्ध हो सकेंगी।

## संभल में हिंदू जागृति मंच आयोजित करेगा काव्य कुंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** मंगलवार को हिंदू जागृति मंच ने आगामी 4 जनवरी को निरंतर 12 घंटे चलने वाला काव्य कुंभ (विशाल कवि सम्मेलन) डी के रिसोर्ट संभल में आयोजित करने का संकल्प लिया।

कोट पूर्वी में स्थित नगर अध्यक्ष सुभाष चंद्र मोंगिया के निवास पर संपन्न हुई हिंदू जागृति मंच की बैठक में अपने विचार रखते हुए नीरू चाहल ने नवोदित एवं प्रसिद्ध कवियों की कविता पाठ हेतु विशाल काव्य कुंभ आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। जिस पर चर्चा करते हुए सुनीता यादव, गंगा रस्तोगी, ज्योति गुप्ता, रूपाली गुप्ता, रानी मोंगिया, सुबोध कुमार गुप्ता, आशा गुप्ता, उमेश सैनी, श्यामशरण शर्मा आदि ने समर्थन करते हुए गहन विचार विमर्श उपरांत तय किया कि आगामी 4 जनवरी को प्रातः काल 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक निरंतर 12 घंटे चलने वाला विशाल कवि सम्मेलन काव्य कुंभ के रूप में हिंदू जागृति मंच द्वारा आयोजित किया जाएगा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने



कहा कि पिछले 3 वर्षों से हिंदू जागृति मंच निरंतर 12 घंटे चलने वाला काव्य कुंभ आयोजित करता रहा है उसी तर्ज पर संपूर्ण उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों के सिद्धहस्त कवि एवं कवयित्रियों को आमंत्रित किया जाना है। बिना किसी इंटरवल के निरंतर 12 घंटे अथवा उससे अधिक अखंड कविता पाठ होगा। डॉ. आलोक कुमार ने नगर एवं क्षेत्र के मूर्धन्य विद्वानों, समाजसेवियों, संस्था संचालकों तथा कविता प्रेमियों को विशेष रूप से आमंत्रित करने की बात कही। हिंदू जागृति महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने कहा कि हिंदू जागृति मंच के लिए समर्पित रहे अध्यक्ष स्वर्गीय डी के शर्मा की पुण्य स्मृति में हिंदू जागृति मंच द्वारा विशाल काव्य कुंभ आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन करके हिंदू जागृति मंच के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय डी के शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। बैठक में रमेश छाबड़ा, अजय कुमार शर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता सुभाष चंद्र मोंगिया ने की संचालन विकास कुमार वर्मा ने किया।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने "शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद रुचि वीरा" को दिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद रुचिवीरा को उनके दिल्ली आवास पर पहुंचकर सेवारत समस्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा द्वारा सांसद को बताया गया कि 01 सितम्बर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से देश भर के लगभग 20 लाख और प्रदेश के लगभग 2 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षक इस निर्णय से हतप्रभ व दुखी हैं।जिला उपाध्यक्ष व छजलैट के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने नई दिल्ली से वापस आने के बाद आज शाम" बुलंद संदेश "को बताया की आर टी ई एक्ट 2009 व एन सी टी ई की



अधिसूचना 23 अगस्त 2010 के लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर सेवारत रहने व पदोन्नति हेतु टेट की अनिवार्यता अव्यावहारिक है,ऐसे सभी शिक्षक नियुक्ति के समय पूर्ण योग्यता धारण करने के उपरांत ही शिक्षक पद पर नियुक्त हुए हैं । दिए ज्ञापन में आर टी ई एक्ट व एन सी टी ई एक्ट की विभिन्न धाराओं का वर्णन किया गया है। सांसद द्वारा इस अत्यंत गंभीर मुद्दे को जोरदार तरीके से सदन में उठाने का आश्वासन दिया गया। ज्ञापन के समय धर्मेंद्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, डॉ कपिल सिरोही व उपेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## संभल में निर्धारित सीमा में ही चल सकेंगे ई-रिक्शा यातायात पुलिस द्वारा ई-रिक्शाओं पर लिखवाया गया नगर क्षेत्र का नाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास )।** मंगलवार को जनपद भर में यातायात पुलिस द्वारा गाँव, देहात, नगर, सहित हाइवे पर दौड़ लगा रही ई रिक्शा पर लगाम लगाने के उद्देश्य से ई रिक्शों के शीशों पर लाल कलर की पट्टी रंगवा कर उनपर सफेद कलर से नगर क्षेत्र नाम लिखवाया गया। इसी के साथ यातायात प्रभारी दुष्यंत कुमार ने ई-रिक्शा चालकों को यातयात का नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी ई-रिक्शा चालक अपनी ई-रिक्शा लेकर नगर क्षेत्र से बाहर न जाए अगर ई रिक्शा हाइवे पर चलती पाई गई तो उसको वही रोक सीज की कार्यवाही की जाएगी। इसी उद्देश्य से जनपद भर में लाल कलर की पट्टी करवा कर सफेद कलर से नगर क्षेत्र का नाम लिखा जा रहा है। जिस से पता चल सके कि ई-रिक्शा किस क्षेत्र की है। और वह अपने नगर क्षेत्र तक ही दौड़ लगा सके। अब अगर सम्भल लिखी ई-रिक्शा बहजोई चन्दौसी असमोली आदि जगह मिलती है तो उसपर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



## पुलिस ने "चरस बरामद कर युवक का किया चालान" नशीले पदार्थ का कारोबार नहीं करने दिया जाएगा: सुदेश पाल सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** गस्त के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध को पड़कर हिरासत में ले लिया जिसके पास से 1600 नगद और 416 ग्राम चरस बरामद की गई पुलिस ने पकड़े गए युवक का चालान किया है।पुलिस गस्त के दौरान मुख्तियारपुर नवादा के निकट आशापुर कॉलोनी रोड पर पहुंची तो वहां उन्होंने एक संदिग्ध को पड़कर हिरासत में ले लिया जिसके पास से 416 ग्राम चरस एवं 1600 नगद बरामद किए गए पकड़े गए युवक ने अपना नाम कमल पुत्र जयंती निवासी आशापुर कॉलोनी बताया कहा कि वह नशीले पदार्थों की बिक्री कर धन कमाने का काम करता है। उल्लेखनीय है कि आशापुर कॉलोनी में नशे का कारोबार अपनी जड़ जमा चुका है



नशे की चपेट में आकर कई घर बर्बाद हो चुके हैं पुलिस ने एक बार फिर नशीले पदार्थ का कारोबार करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोला है थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह का कहना है कि अपने थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का कारोबार नहीं करने दिया जाएगा और इस कार्य में जो व्यक्ति लिप्त मिलेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

**बैठक** अगले साल चुनाव, एसआईआर में कोई लापरवाही न बरतें : योगी आदित्यनाथ

## मुरादाबाद में जनप्रतिनिधियों की बैठक, पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओ के साथ टोली बनाकर घर-घर जनसंपर्क करें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगले साल चुनाव है, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्टी के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता टोलियां बनाकर घर-घर जनसंपर्क करें। फर्जी वोटरों के नाम हटवाएं और सही वोटरों के नाम सूची से जुड़वाने का काम करें।सोमवार को मुरादाबाद पहुंचे सीएम योगी ने सर्किट हाउस में एसआईआर को लेकर मंडल के जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने एसआईआर की जिलेवार सरकारी रिपोर्ट को पढ़कर पार्टी के जनप्रतिनिधियों को सुनाया। कहा कि किस विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर की कितनी प्रगति हुई वह सब जानते हैं। जीते हुए जनप्रतिनिधियों



और हारे हुए प्रत्याशियों को स्थिति में सुधार लाने के लिए चेताया।इसके बाद पार्टी के जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों से कहा कि बूथ अध्यक्षों को सक्रिय करें। अभी कई क्षेत्रों में कमियां हैं। इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीएलए-1 और बीएलओ 2 के बीच समन्वय बनाकर कार्य करें। सूची से सही वोटर जुड़ने चाहिए। वहीं



फर्जी वोटरों को सूची से बाहर कराना होगा।मुख्यमंत्री ने प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी को एसआईआर की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को इस अभियान को गंभीरता के साथ लेना होगा'बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची 2003 के अनुसार मृत और फर्जी वोटरों के नाम कटवाएं। इसके लिए पार्टी के पदाधिकारियों को कार्यकताओं के साथ टोली बनाकर घर-घर जनसंपर्क करना होगा। बांग्लादेशी और रोहिंग्या वोटर नहीं बनेंगे। जनप्रतिनिधियों और पार्टी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के सुर में सुर मिलाया।

इस दौरान कृषि राज्यमंत्री बलेदव सिंह औलख, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह, मेयर विनोद अग्रवाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, आकाश सक्सेना, राजीव तरारा, महेंद्र खडगवंशी, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, गोपाल अंजान, जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला आदि मौजूद रहे।

## स्कूलों के पास "तंबाकू बेचने पर 13 दुकानों का चालान" 2600 का जुर्माना वसूला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों से सौ मीटर के दायरे में तंबाकू के उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। जिसकी धज्जियां खूब उड़ाई जा रही हैं। इसके दृष्टिगत एंटी टोबेको टास्क फोर्स ने पीली कोठी इलाके में स्कूलों के पास तंबाकू उत्पाद बेच रहीं दुकानों पर छापा मारा।टीम ने तंबाकू के उत्पाद बेचतीं तेरह दुकानों का चालान काटा और उनसे कुल 2600 रुपए का चालान काटा। एंटी टोबेको टास्क फोर्स के सदस्य एवं तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. प्रशांत राजपूत ने बताया कि कोटपा के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू का सेवन करने व शिक्षण संस्थानों के पास तंबाकू उत्पाद बेचने पर अधिकतम 200 रुपए का जुमार्ना है। जिसके मद्देनजर तंबाकू उत्पाद बेच



रही प्रत्येक दुकान से 200 रुपए का जुमार्ना वसूला गया। दुकानों पर मौजूद तंबाकू उत्पादों को वहां से हटवाया गया। कुल 22 दुकानें आ गईं, जिनसे कुल 3720 रुपए का जुमार्ना वसूला गया।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# प्रतिभा रांटा के हाथ लगी नागजिला,सान्या मल्होत्रा की छुट्टी कर बनीं कार्तिक आर्यन की हीरोइन

सिनेमाई दुनिया में नए सितारे तेजी से चमक रहे हैं और उनमें से एक हैं प्रतिभा रांटा। अपनी पहली ही फिल्म लापता लेडीज से उन्होंने दर्शकों का ध्यान खींचा और अब उन्हें कार्तिक आर्यन की आने वाली क्रिएचर कॉमेडी नागजिला में लीड हीरोइन बनने का मौका मिल गया है। लापता लेडीज में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट लीड एक्ट्रेस क्रिटिक्स का फिल्मफेयर पुरस्कार जीतने वाली प्रतिभा के लिए बेशक ये बड़ा मौका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लापता लेडीज में धूम मचाने वाली प्रतिभा अब कार्तिक आर्यन की फिल्म नागजिलाः नाग लोक का पहला कांड में लीड रोल में नजर आने वाली हैं। निर्देशक मृगदीप सिंह लाम्बा की इस क्रिएचर कॉमेडी फिल्म की शूटिंग इसी हफ्ते शुरू हुई है। इसके लिए निमार्ता-निर्देशक ने पहले अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा का नाम फाइनल किया था, लेकिन आखिरकार प्रतिभा ने बाजी मारते हुए फिल्म अपने नाम कर ली। प्रतिभा के पास मैडॉक फिल्म्स के साथ एक फिल्म है, जिसकी शूटिंग 2026 की शुरूआत में शुरू होगी। अगर तारीखों पर पेंच नहीं फंसा तो वो कार्तिक के साथ नागजिला में मुख्य भूमिका निभाएंगी। मृगदीप और निमार्ता उन्हें फिल्म में लेने को उत्सुक हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि वो अभी पर्दे पर ज्यादा उभरकर सामने नहीं आई हैं।

बता दें कि कार्तिक नागजिला में इच्छाधारी नाग प्रियंवदेश्वर प्यारे चंद की भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म के निमार्ता करण जौहर हैं। लापता लेडीज में जया के किरदार के लिए सुर्खियां बटोरने वाली प्रतिभा का जन्म शिमला में हुआ था। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने मॉडलिंग की और फिर मुंबई आ गईं। इसके बाद उनके अभिनय करियर की शुरूआत टीवी शो कुर्बान हुआ से हुई। हालांकि, किरण राव की लापता लेडीज से उनकी किस्मत चमकी। इसके बाद प्रतिभा को संजय लीला भंसाली की हीरामंडी भी मिली, जिसने उनके करियर में चार-चांद लगा दिए। इंस्टाग्राम पर प्रतिभा के 13 लाख फॉलोअर्स हैं।

# प्राइम वीडियो की ओरिजिनल सीरीज द पिरामिड स्कीम का ऐलान,मजेदार है कहानी, 2026 में होगा प्रीमियर

प्राइम वीडियो ने अपनी ओरिजिनल सीरीज, द पिरामिड स्कीम का ऐलान किया है. द वायरल फीवर ने इसे प्रोड्यूस किया है. श्रेयांश पांडे इसके क्रिएटर हैं. आशीष शुक्ला और श्रेयांश पांडे ने इसे डायरेक्ट किया है. यह ड्रामा सीरीज महत्वाकांक्षा और उसके परिणामों पर एक मजेदार लेकिन सोचने पर मजबूर करने वाला नजरिया पेश करती है.




द पिरामिड स्कीम एक बेचैन युवक गोल्डी की कहानी है, जिसकी मल्टी-लेवल मार्केटिंग बिजनेस के जरिए अमीर बनने की चाहत, परेशानी से भरे एक रोलरकोस्टर में बदल जाती है. इस तरह से यह न सिर्फ उसका भविष्य, बल्कि उसकी जॉइंट फैमिली का प्यार और विश्वास भी दांव पर लग जाता है। इस सीरीज में परमवीर चीमा, रणवीर शौरी, शेखर सुमन, अंजन श्रीवास्तव, स्मिता बंसल और अल्फिया जाफरी सहित कई कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं. 2026 में प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होने जा रही द पिरामिड स्कीम में हैं अचानक से आने वाले ट्विस्ट, हंसी के पल, दिल टूटने की भावनाएं और हसल कल्चर की असली झलक है, जो दिखाती है कि बड़े सपनों के पीछे लोग कितनी दूर तक जाते हैं और इस सफर में एक इंसान अपनी कौन सी दौलत खो सकता है।

मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी जारी किया है और अपनी सीरीज के सभी कलाकारों के चेहरे दिखाए हैं. इसमें एक्टर शेखर सुमन भी नजर आ रहे हैं. सीरीज के शूटिंग सेट पर सभी कलाकार अपने-अपने अंदाज में नजर आ रहे हैं।

# फिल्म के प्रमोशन के दौरान अनन्या पांडे ने बिकिनी में दिए पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे का सोशल मीडिया पर अक्सर बोल्ड अंदाज देखने को मिलता रहता है. वह अपने फोटोज से अपने तमाम चाहने वाले फैंस का ध्यान खींचती हैं. अनन्या पांडे ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक दिखाई है और अपनी बोल्ड अदाओं से सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है. एक्ट्रेस के फैंस तो उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं, वही, कई यूजर्स को उनका अंदाज पसंद नहीं आया और उन्होंने एक्ट्रेस को ट्रोल किया है. आइए जानते हैं कि अनन्या पांडे को लेकर लोगों ने क्या लिखा है.
अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं.



इन फोटोज में अनन्या पांडे का दिलकश अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है। अनन्या पांडे ने फोटोशूट के दौरान मोनोकिनी पहनकर एक से बढ़कर पोज दिया. अनन्या पांडे का कातिलाना अंदाज उनके फैंस को घायल कर रहा है. अनन्या पांडे ने फोटोशूट के दौरान मोनोकिनी पहनकर एक से बढ़कर पोज दिया. अनन्या पांडे का कातिलाना अंदाज उनके फैंस को घायल कर रहा है. अनन्या पांडे की तस्वीरों को देखकर फैंस उनकी तारीफ करते हुए कमेंट कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा है, वाह क्या अदाएं हैं. एक फैन ने लिखा है, खूबसूरत। अनन्या पांडे का ये अंदाज कई लोगों को पसंद नहीं आया. एक यूजर ने लिखा है, ऐसे कपड़े पहनने से सुंदर नहीं बन जाओगी. एक यूजर ने लिखा है, ये सब क्या है। अनन्या पांडे का ये अंदाज कई लोगों को पसंद नहीं आया. एक यूजर ने लिखा है, ऐसे कपड़े पहनने से सुंदर नहीं बन जाओगी. एक यूजर ने लिखा है, ये सब क्या है।


# यश अभिनीत टॉक्सिक की टीम ने अफवाहों को किया खारिज, 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म

टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स के निमार्ताओं ने फिल्म की देरी से रिलीज की अफवाहों पर विराम लगाते हुए रिलीज डेट की पुष्टि कर दी है। जानिए यश अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म टॉक्सिक को आप सिनेमाघरों में कब देख सकेंगे।

कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर जानकारी आई थी कि यश फिल्म के कुछ हिस्सों से खुश नहीं हैं और दोबारा शूटिंग करवाना चाहते हैं। इसलिए फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ सकती है, लेकिन ये सिर्फ अफवाहें थीं।

निमार्ताओं का जवाब केवीएन प्रोडक्शंस ने एक्स हैंडल पर देते हुए यश का एक शानदार पोस्टर शेयर किया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कैप्शन में लिखा, अभी 140 दिन बाकी हैं। टॉक्सिकद मूवी 19-03-2026 को रिलीज होगी।


ट्रेड एनालिस्ट तरन आदर्श ने एक्स हैंडल पर जानकारी देते हुए लिखा, अफवाहों पर विराम लगाएं... यश की अगली फिल्म टॉक्सिक में देरी या देरी नहीं हुई है। टॉक्सिक 19 मार्च 2026 को रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है, जो उगादी, गुड़ी पड़वा और ईद के त्यौहारी सप्ताहांत के लिए



बिल्कुल सही समय पर है। पोस्ट-प्रोडक्शन तब शुरू हुआ जब यश मुंबई में फिल्म रामायण की शूटिंग कर रहे थे। टीम अब शूटिंग के अंतिम हिस्से को पूरा कर रही है और जनवरी 2026 में इसका प्रचार शुरू होगा। यह फिल्म अंग्रेजी और कन्नड़ में एक साथ शूट की गई है। टॉक्सिक को हिंदी, तेलुगु, तमिल और मलयालम सहित कई भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में भी डब किया जाएगा। केजीएफ के बाद यश की ये पहली बड़ी फिल्म है। फैंस को लंबे इंतजार के बाद थिएटर में उनकी वापसी दिखेगी। टॉक्सिक का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है? फिल्म का निर्माण यश और वेंकट के नारायण ने किया है। इस फिल्म को केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस बैनर तले निर्मित किया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग का आखिरी शैड्यूल बेंगलुरु में चल रहा है। फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन का काम अप्रैल 2025 से शुरू हुआ, जब यश रामायण की शूटिंग कर रहे थे।

# सुबह जल्दी जागने के लिए अपनाएं ये 5 आसान और प्रभावी तरीके

सुबह जल्दी उठना एक अच्छी आदत है, जो आपके दिन को सकारात्मक और उत्पादक बना सकती है। यह आदत न केवल आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि आपके समय का सही उपयोग करने में भी मदद करती है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप सुबह जल्दी उठने की आदत डाल सकते हैं और अपने दिन की शुरूआत बेहतर तरीके से कर सकते हैं।



### सोने का समय तय करें

रात को सोने का एक निश्चित समय निर्धारित करें और उसे नियमित रूप से पालन करें। इससे आपका शरीर एक निर्धारित समय पर सोने के लिए तैयार हो जाएगा। यह आदत आपको पर्याप्त नींद लेने में मदद करेगी और सुबह जल्दी उठने की संभावना बढ़ाएगी। ध्यान रखें कि आपको 7-8 घंटे की नींद लेनी चाहिए ताकि आप ताजगी महसूस करें और दिन की शुरूआत ऊर्जा से भरपूर हो।

### अलार्म का सही उपयोग करें

अलार्म घड़ी का सही तरीके से उपयोग करना बहुत जरूरी है। अलार्म सेट करें और उसे दूर रखें ताकि आपको उठने के लिए उसे बंद करना पड़े। इससे आपकी नींद टूटेगी और आपको उठने में मदद मिलेगी। इसके अलावा अगर आप बार-बार अलार्म बंद कर देते हैं तो आप एक अतिरिक्त अलार्म सेट कर सकते हैं या अपने फोन में वाइब्रेशन मोड का उपयोग कर सकते हैं। इससे भी आपको उठने में आसानी होगी।

### सुबह उठते ही पानी पिएं

सुबह उठते ही एक गिलास पानी पीना बहुत फायदेमंद हो सकता है। यह आपके शरीर को तरोताजा करता है और आपके खाने को पचाने की प्रक्रिया को बढ़ावा देता है। इसके अलावा यह आपके पेट को जागृत करता है और शरीर से गंदगी को बाहर निकालने में मदद करता है। अगर आप चाहें तो इसमें नींबू का रस या शहद मिला सकते हैं, जिससे यह और भी पौष्टिक बन जाएगा और आपको ताजगी का एहसास होगा।

### हल्की कसरत करें

सुबह-सुबह हल्की कसरत करना आपके शरीर और मन दोनों के लिए अच्छा होता है। इससे न केवल आपकी शारीरिक ताकत बढ़ती है बल्कि मानसिक स्थिति भी बेहतर होती है। आप योग, स्ट्रेचिंग या हल्की दौड़ आदि कर सकते हैं। इससे आपका खून का दौरा बेहतर होता है और ऊर्जा स्तर बढ़ता है। नियमित कसरत से आपका दिन सकारात्मक और ऊजार्वान रहेगा, जिससे आप हर काम में अधिक उत्साह और ताजगी महसूस करेंगे।

### नाश्ता करना न भूलें

सुबह का नाश्ता सबसे अहम है, जिसे कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। पौष्टिक नाश्ता आपके ऊर्जा स्तर को बढ़ाता है और पूरे दिन के लिए तैयार करता है। इसके अलावा यह आपकी एकाग्रता क्षमता को भी सुधारता है और आपको स्वस्थ बनाए रखता है। नाश्ते में फल, दही या ओट्स शामिल करें ताकि आपकी डाइट संतुलित रहे। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप आसानी से सुबह जल्दी उठने की आदत डाल सकते हैं और अपने दिन की शुरूआत बेहतर बना सकते हैं।

# कंधे में दर्द होने पर आजमाएं ये घरेलू नुस्खे,जल्द मिलेगा आराम

कंधे में दर्द होना एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के लोगों को हो सकती है। यह दर्द अक्सर गलत मुद्रा में बैठने, भारी सामान उठाने या अचानक किसी चीज को खींचने के कारण होता है। इससे रोजमर्रा की गतिविधियों में काफी दिक्कत होती है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने कंधे के दर्द को कम कर सकते हैं और जल्दी राहत पा सकते हैं।

### गर्म सिकाई करें

गर्म सिकाई कंधे के दर्द को कम करने का एक सरल और प्रभावी तरीका हो सकता है। इसके लिए एक गर्म पानी की बोतल लें और उसे दर्द वाले हिस्से पर लगाएं। इसे लगभग 15-20 मिनट तक लगाकर रखें। यह रक्त प्रवाह बढ़ाने में मदद करता है और मांसपेशियों की जकड़न को कम करता है। ध्यान रखें कि पानी बहुत गर्म न हो, वरना त्वचा को जलन हो सकती है। नियमित रूप से इसका उपयोग करें।

### हल्दी का सेवन करें

हल्दी में खास तत्व होते हैं, जो सूजन कम करने में मदद करते हैं। यह गुण कंधे के दर्द को कम करने में सहायक हो सकता है। एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाकर पीने से शरीर में सूजन कम होती है और दर्द में राहत मिलती है। इसके अलावा आप हल्दी को खाने में भी शामिल कर सकते हैं, जिससे आपके शरीर को प्राकृतिक रूप से दर्द निवारण हो सके।

### तिल का तेल लगाएं

तिल का तेल ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो मांसपेशियों की सूजन



कम करने में मदद करता है। इस तेल को हल्का गर्म करके प्रभावित क्षेत्र पर मालिश करें। इससे रक्त प्रवाह बढ़ता है और दर्द में राहत मिलती है। नियमित रूप से इस उपाय का उपयोग करने से आपके कंधे की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और दर्द की समस्या कम होती है। यह एक सुरक्षित और प्रभावी घरेलू नुस्खा है, जिसे आप आजमा सकते हैं।

### अदरक की चाय पिएं

अदरक में ऐसे तत्व होते हैं, जो दर्द निवारक की तरह काम करते हैं। एक कप पानी में कुछ टुकड़े ताजे अदरक के डालकर उबालें, फिर इसे छानकर पीएं। इससे आपके शरीर की अंदरूनी सूजन कम होती है और दर्द में राहत मिलती है। अदरक की चाय पीने से न केवल कंधे का दर्द कम होता है, बल्कि यह आपकी सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है। नियमित रूप से इसका सेवन करें।

### योग और स्ट्रेचिंग करें

योग और स्ट्रेचिंग कसरत करने से भी कंधे का दर्द कम हो सकता है। विशेषकर उन योगासनों का अभ्यास करें, जो कंधों की मांसपेशियों को खींचते-खिंचते हैं जैसे भुजंगासन, वीरभद्रासन आदि। इसके अलावा रोजाना 10-15 मिनट स्ट्रेचिंग करने से भी फायदा होता है। इन घरेलू नुस्खों को अपनाकर आप अपने कंधे के दर्द से जल्दी राहत पा सकते हैं और अपनी दिनचर्या को बिना किसी रुकावट के जारी रख सकते हैं।

# तरन्नुम को न्याय दिलाने की मुहिम हुई तेज,मस्जिद पर धरने पर बैठे समाजसेवी मनीष चौधरी,जमीयत ने शनिवार तक मांगा समय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** पति पर बिना सहमति दूसरा निकाह करने का आरोप लगाने वाली तरन्नुम के मामले ने मंगलवार को तूल

### दूसरे निकाह के विवाद पर बुढ़ाना में हलचल, वार्ता के बाद फिलहाल आंदोलन स्थगित

पकड़ लिया जब समाजसेवी एवं राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष मनीष चौधरी पीड़ित पक्ष के साथ बुढ़ाना की मस्जिद के बाहर धरने पर बैठ गए।पुलिस कार्रवाई न होने से नाराज समाजसेवी ने 9 दिसंबर से बेमियादी पंचायत की घोषणा की थी जिसके तहत उन्होंने मस्जिद परिसर में शांतिपूर्ण धरना शुरू किया।धरना शुरू होते ही जमीयत उलेमा-ए-हिंद के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और बातचीत का दौर चला। बुढ़ाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।बाद में सभी पक्ष मदरसा जामिया दारूल फलाह में बैठक के लिए पहुंचे जहां जमीयत ने स्पष्ट किया कि फरमान ने दूसरे निकाह के बारे में गलत जानकारी दी थी और इस मामले में किसी मौलाना या मस्जिद की कोई भूमिका नहीं है।संगठन ने तरन्नुम को न्याय दिलाने का आश्वासन देते हुए विवाद के समाधान के लिए शनिवार तक का समय मांगा है।विदित हो कि शामली निवासी तरन्नुम की शादी वर्ष 2015 में मुजफ्फरनगर के गांव सांझक निवासी फरमान के साथ हुई थी।दंपति के तीन बच्चे हैं।तरन्नुम का आरोप है कि उसका पति बिना



अनुमति बुढ़ाना में दूसरी शादी कर उसके साथ रह रहा है।इस संबंध में की गई शिकायत पर उचित कार्रवाई न मिलने के बाद ही तरन्नुम ने समाजसेवी मनीष चौधरी से मदद मांगी थी।मनीष चौधरी ने बताया कि समाज के जिम्मेदार लोगों ने पीड़िता की पीड़ा समझते हुए न्याय दिलाने का भरोसा दिया है जिसके बाद उन्होंने शनिवार तक आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि यदि तय समय में समाधान नहीं हुआ तो संस्था कानूनी लड़ाई लड़ेगी।

बैठक में भारत लोक सेवा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केपी चौधरी,मोहम्मद आरिफ, शहजाद, नौशाद, फिरोज, फरीद, इकराम, नसीम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।मनीष चौधरी ने सुरक्षा व्यवस्था और सहयोग के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन व गोपनीय विभाग का धन्यवाद भी व्यक्त किया।

# जलेसर के भाजपा विधायक ने बूथों का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**एटा (एम ए खान)।** नगर पालिका जलेसर में मंगलवार को विशेष मतदाता सूची सत्यापन अभियान का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व उपजिलाधिकारी भावना विमल ने किया। इस अभियान में विधायक संजीव कुमार दिवाकर, बूथ लेवल एजेंट (बला), बूथ लेवल ऑफिसर (ब्लो) और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अभियान के तहत बूथों की अनुपस्थित, स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाता सूचियों का सत्यापन किया गया। ब्लो अधिकारियों ने घर-घर जाकर नामों का भौतिक मिलान किया और आवश्यक सुधार किए। विधायक संजीव कुमार दिवाकर ने सभी बूथों का निरीक्षण किया और



कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सभी की संयुक्त मेहनत से मतदाता सूची 100 प्रतिशत शुद्ध और अद्यतन बनेगी। उपजिलाधिकारी भावना विमल ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसी भी पात्र नागरिक को मतदाता सूची से वंचित न होने देना है। अधिकारियों ने नागरिकों से नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए आवेदन 11 दिसंबर 2025 तक जमा करने की अपील की।

# मनाली-लेह सामरिक मार्ग पर चार नए पुलों से सेना व पर्यटन दोनों को मिलेगा नया संबल: कंगना रनौत

**शिमला (आरएनएस)।** भाजपा की सांसद कंगना रनौत ने केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के लिए किए जा रहे निरंतर विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र ने हमेशा हिमाचल की भौगोलिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बुनियादी ढांचे को सशक्त करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सड़के प्रदेश की जीवन रेखा हैं और केंद्र सरकार द्वारा सड़क व पुल निर्माण के क्षेत्र में किए गए कार्य आने वाले वर्षों में प्रदेश की प्रगति की मजबूत नींव सिद्ध होंगे। सांसद कंगना रनौत ने मनाली-लेह सामरिक मार्ग पर सीमा सड़क संगठन के प्रोजेक्ट दीपक द्वारा निर्मित चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं के वर्चुअल उद्घाटन पर केंद्र सरकार और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से अब सेना के भारी-भरकम वाहनों और पर्यटकों की आवाजाही पहले से कहीं अधिक आसान, सुगम और सुरक्षित हो जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि बीआरओ द्वारा लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से इन परियोजनाओं का



निर्माण किया गया है, जिनमें 70 मीटर लंबा शोगटोंग ब्रिज, जिंगजिंगबर में दो मल्टी-सेल बॉक्स ब्रिज तथा कीलिंग सराय में 60 मीटर लंबा यूनम ब्रिज शामिल हैं। सभी पुल अत्याधुनिक तकनीक से तैयार किए गए हैं ताकि हर मौसम में भारी वाहनों की निर्बाध आवाजाही संभव हो सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लेह से देशभर की 125 परियोजनाओं का लोकार्पण कर उन्हें देश को समर्पित किया। इन पुलों के निर्माण से मनालीझलेह मार्ग पर वर्षों से चली आ रही एवलांच जोन, उफनते नालों और कच्चे रास्तों की समस्याओं से बड़ी राहत मिलेगी। पहले जहां सेना के काफिलों और आम यात्रियों को जोखिम भरे मार्ग से गुजरना पड़ता था, वहीं अब नए पुलों के माध्यम से यात्रा अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद हो जाएगी।

कंगना रनौत ने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल सामरिक दृष्टि से देश की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी, बल्कि पर्यटन को भी व्यापक बढ़ावा मिलेगा। मनालीझलेह हाईवे पर यात्रा करने वाले पर्यटकों को अब पहले से कहीं बेहतर और सुरक्षित अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का हिमाचल के विकास के लिए निरंतर सहयोग देने हेतु आभार जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार के मजबूत नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

# जनपद में 28 दिसम्बर तक मिलेगा निःशुल्क खाद्यान्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**एटा (एम ए खान)।** जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने जानकारी दी है कि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत, अन्त्योदय और पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 1 जनवरी 2024 से अगले 5 वर्षों तक निःशुल्क खाद्यान्न मिलेगा। इस योजना के तहत, 10 दिसम्बर 2025 से 28 दिसम्बर 2025 तक राशन कार्डधारकों को 14 किग्रा गेहूँ, 16 किग्रा चावल, 5 किग्रा मक्का और 3 किग्रा चीनी (अर्थात 54 रुपये में) वितरित की जाएगी। खाद्यान्न वितरण का समय प्रात 8 बजे से 12 बजे और 2 बजे से 6 बजे तक होगा। जिन लाभार्थियों का अंगूठा ई-पॉस मशीन में नहीं मैच होता, उन्हें मोबाइल ओपीटी के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त होगा। लाभार्थी खाद्यान्न से संबंधित जानकारी के लिए संबंधित पूर्ति निरीक्षकों से संपर्क कर सकते हैं।

# हत्या का खुलासा,एक आरोपी गिरफ्तार,पुरानी रंजिश बनी वजह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**एटा (एम. ए.खान)।** रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति की हत्या मामले में रेलवे पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने एक आरोपी गजानंद पिपल को गिरफ्तार किया, जिसके पास से हत्या में प्रयुक्त .32 बोर पिस्टल भी बरामद हुई। इस कार्रवाई को अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे लखनऊ के निर्देश पर किया गया।जांच के दौरान पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। गजानंद पिपल और अब्दुल खालिद पर हत्या की साजिश रचने का आरोप है। पूछताछ में गजानंद ने बताया कि अब्दुल खालिद के परिवार में झगड़ों



के बाद उसने हामिद अली उर्फ पप्पू की हत्या की योजना बनाई थी। इस मामले में अब्दुल खालिद की गिरफ्तारी की कोशिश जारी है और पुलिस अन्य रिश्तेदारों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

# वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भटिया को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में एसीईओ के पद पर हुई पदोन्नति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश शासन के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भटिया को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA) में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। शैलेन्द्र कुमार भटिया को लगभग पांच महीने पहले पीसीएस से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नत किया गया था। वर्तमान में वह यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में विशेष कार्याधिकारी के पद पर कार्यरत थे। इसके साथ-साथ वे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना के नोडल अधिकारी के रूप में भी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

मूल रूप से बस्ती जिले के रहने वाले भटिया 2008 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। उन्होंने अपने कैरियर के दौरान कानपुर, रामपुर, इटावा में उप-जिलाधिकारी (एसडीएम) और





गाजियाबाद में अपर जिलाधिकारी के पदों पर कार्य किया है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट परियोजना में उन्होंने ग्लोबल टेंडर, भूमि अधिग्रहण और केंद्र तथा राज्य स्तर के विभिन्न मंत्रालयों से आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इसके अलावा, भटिया इंटरनेशनल फिल्म सिटी, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी बड़ी स्थानीय परियोजनाओं के नोडल अधिकारी रहे हैं। उनके प्रयासों ने क्षेत्र को एक प्रमुख इन्फ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।उनकी पदोन्नति पर सहकर्मियों के साथ साथ जिले के नागरिकों ने उनको बधाई दी। लोगों ने उनके पारिवारिक परिवेश की भी सराहना की। उनके पिता स्वर्गीय बंशीधर भटिया रुधौली नगर पंचायत में स्थित दिलेश्वरी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य थे और उनके सरल व्यक्तित्व तथा समर्पण के लिए आज भी याद किए जाते हैं। बताया जाता है कि शैलेन्द्र कुमार भटिया भी अपने पिता की तरह सरल, नम्र और समर्पित व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं।शैलेन्द्र भटिया की सफलता साबित करती है कि ईमानदारी और लगन के साथ काम करने वाले अधिकारी एक दिन सरकारी सेवा में ऊंचे पद तक पहुंच सकते हैं।ह्न

उनकी कुशल प्रशासनिक क्षमता और जनहित के कार्यों ने न सिर्फ यमुना क्षेत्र के विकास में योगदान दिया, बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख परियोजनाओं को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी उपलब्धि उत्तर प्रदेश के युवा अधिकारियों और छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शैलेन्द्र कुमार भटिया का करियर पथ स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि सार्वजनिक सेवा में समर्पण, निष्ठा और कार्यकुशलता ही वह आधार है जिस पर राष्ट्रीय स्तर की सफलता निर्मित होती है।

# एसबीआई कप लखनऊ मीडिया क्रिकेट लीग का फिक्सचर ड्रा 10 दिसंबर को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** पत्रकारों के बीच प्रतिस्पर्धी क्रिकेट की रोमांचक दास्तां एक बार फिर दोहराने को तैयार है।

लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान में होने वाली एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग 2025 का फिक्सचर ड्रा 10 दिसंबर को दोपहर 2 बजे केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगा।

इस प्रतिष्ठित लीग में विभिन्न प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों के पत्रकार हिस्सा लेंगे जिसका आयोजन 13 से 19 दिसंबर तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया जाएगा। एलएसजेए के सचिव एसएम अरशद ने बताया कि भव्य आयोजन के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि लीग में कुल आठ टीमों ने भागीदारी की पुष्टि की है, जिनमें गत विजेता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इलेवन और उपविजेता टाइम्स ऑफ इंडिया भी शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि लीग का फाइनल मुकाबला 19 दिसंबर को शाम 4 बजे से फ्लड लाइट में दिन-रात्रि प्रारूप में खेला जाएगा। इससे पूर्व पिछले सीजन का फाइनल भी फ्लड लाइट में खेला गया था जो बेहद सफल रहा था। इसको देखते हुए इस बार भी फाइनल फ्लड लाइट में ही खेला जाएगा।

# 158 लाख रुपए की कार्ययोजना स्वीकृत, पूर्वांचल को मिलेगा विशेष लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मखाना विकास योजना उत्तर प्रदेश के किसानों को उच्च मूल्य वाली फसलों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। यह योजना उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। भारत

### मखाने की खेती के लिए किसानों को दिया जाएगा प्रोत्साहन

सरकार द्वारा वर्ष 2025 में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के गठन के उपरान्त प्रथम चरण में 10 राज्यों में योजना लागू की गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है। यह बात सोमवार को 19, गौतमपल्ली, लखनऊ में प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने प्रेसवार्ता कर कही। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में मखाना विकास योजना के शुभारम्भ की घोषणा की। प्रदेश में इस योजना का क्रियान्वयन उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाएगा। उद्यान मंत्री ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तैयार की गई कार्ययोजना को भारत सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है। वित्तीय वर्ष में सीमित समय शेष होने के बावजूद केंद्र सरकार ने 158 लाख रुपए की धनराशि क्रियान्वयन हेतु स्वीकृत की है। इस धनराशि से मखाना की खेती हेतु तालाबों का चयन एवं निर्माण, किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, बायर-सेलर मीट, मखाना पवेलियन के माध्यम से प्रचार-प्रसार, निर्यातकों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में भागीदारी तथा जनपद एवं राज्य स्तरीय सेमिनार जैसे कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। साथ ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मखाना की स्थापना की दिशा में भी कार्य शुरू किया जाएगा। उद्यान मंत्री ने कहा कि मखाना अपने औषधीय गुणों और उच्च बाजार मूल्य के कारण सुपरफूड के रूप में लोकप्रिय है। अब तक इसकी खेती मुख्य रूप से बिहार में



होती थी, परंतु उत्तर प्रदेश की जलवायु और जलभराव वाले क्षेत्र मखाना उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। पूर्वांचल के जनपद कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, बलिया, महाराजगंज, वाराणसी और बस्ती मखाना उत्पादन की दृष्टि से विशेष रूप से उपयुक्त माने जाते हैं।

जहां सिंघाड़े की खेती संभव है, वहां मखाना उत्पादन भी अत्यंत सफल रहेगा। अगले वित्तीय वर्ष से विभाग मखाना की खेती के क्षेत्र का विस्तार, गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री का उत्पादन तथा प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन गतिविधियों को और व्यापक स्तर पर प्रारम्भ करेगा। प्रेसवार्ता के दौरान श्री सिंह ने आलू निकासी की स्थिति पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि उद्यान विभाग पूर्णतः पारदर्शी ढंग से कार्य कर रहा है। इस वर्ष की निकासी दर 99.35 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष की 99.31 प्रतिशत से अधिक है। 15 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत निकासी पूरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आलू से संबंधित किसी प्रकार की समस्या नहीं है और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। विभाग द्वारा प्रत्येक जनपद की निकासी का विस्तृत विवरण भी उपलब्ध कराया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित रहे कि किसानों की उपज का कहीं भी दुरुपयोग न हो। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक उद्यान सर्वेश कुमार एवं राजीव वर्मा उपस्थित रहे।

# मफतलाल इंडस्ट्रीज के सीईओ एम.बी. रघुनाथ को भारत का पहला यूनिफॉर्म रिवोल्यूशनरी पर्सन ऑफ इंडिया अवॉर्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मफतलाल इंडस्ट्रीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एम. बी. रघुनाथ को भारत में यूनिफॉर्म गारमेंट सेक्टर के विकास और परिवर्तन में उनके असाधारण योगदान के लिए देश का पहला और प्रतिष्ठित

### मफतलाल के सीईओ एम. बी. रघुनाथ ने भारत के यूनिफॉर्म सेक्टर में 1,000 उद्यमी और 20,000 रोजगार सृजित करने में निभाई अग्रणी भूमिका

ह्यूनिफॉर्म रिवोल्यूशनरी पर्सन ऑफ इंडियाह्न अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान मुंबई के गोरेगांव एग्ज़िबिशन सेंटर में आयोजित विशेष समारोह में पूर्व वस्त्र मंत्री और विधायक श्री सुबाष देशमुख द्वारा प्रदान किया गया।

रघुनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में सोलापुर यूनिफॉर्म गारमेंट एग्ज़िबिशन की संकल्पना की गई और इसे सफलतापूर्वक स्थापित किया गया, जो आज देशभर के उद्यमियों, निमार्ताओं और उद्योग से जुड़े हितधारकों के लिए एक राष्ट्रीय मंच के रूप में उभर चुका है। पिछले नौ वर्षों में इस पहल ने यूनिफॉर्म गारमेंट उद्योग के संपूर्ण इकोसिस्टम को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, यह जानकारी सतीश पवार, अध्यक्ष , सोलापुर गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (SGMA) ने दी।

उनके रणनीतिक मार्गदर्शन और उद्योग-विकास पहलों के माध्यम से देशभर में 1,000 से अधिक उद्यमियों का निर्माण हुआ है, और लगभग 20,000 रोजगार अवसर यूनिफॉर्म गारमेंट सेक्टर में उत्पन्न हुए हैं। उनके प्रयासों ने देशभर के गारमेंट



निमार्ताओं की व्यावसायिक क्षमता, ग्राहक पहुंच और विकास की संभावनाओं को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा दिया है। यूनिफॉर्म उद्योग में दो दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, श्री रघुनाथ ने लगातार नवाचार और विस्तार को बढ़ावा दिया है। उनके योगदान में नए रुझानों और डिजाइनों को लोकप्रिय बनाना शामिल है, साथ ही यूनिफॉर्म के बाजार को पारंपरिक स्कूल यूनिफॉर्म से आगे बढ़ाकर कॉरपोरेट कंपनियों, अस्पतालों, बैंकों और विभिन्न सेवा क्षेत्रों तक विस्तारित करना भी शामिल है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों ने कहा कि यूनिफॉर्म एकता, अनुशासन और पहचान का प्रतीक है, और श्री रघुनाथ ने इस दृष्टि को राष्ट्रीय स्तर पर आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यह कार्यक्रम सोलापुर गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन की टीम अजय रंगरेज, निलेश शाह, विजय डाकलिया, केतुल शाह, सतीश पवार, श्रीकांत अंबुरे, प्रकाश पवार और सुनील मेंगजी के सहयोग और प्रयासों से आयोजित किया गया।

निरीक्षण

## शाहपुर ब्लॉक से जिला चिकित्सालय तक किया औचक निरीक्षण

# सीएमओ डा0 सुनील तेवतिया का स्वास्थ्य सेवाओं पर सख्त फोकस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ़्फ़रनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने आज शाहपुर ब्लॉक से लेकर जिला चिकित्सालय और महिला चिकित्सालय तक कई स्वास्थ्य इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ ने शाहपुर ब्लॉक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरबालियान, गोयला एवं सौहजनी तागान में उपलब्ध सुविधाओं, औषधियों, ओपीडी व्यवस्था, टीकाकरण रिकॉर्ड,मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा विविध स्वास्थ्य





कार्यक्रमों की प्रगति का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने स्टाफ को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ देने, समय से ओपीडी संचालन,दवाओं की उपलब्धता व सभी रजिस्टरों के नियमित संधारण के निर्देश दिए।इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिला चिकित्सालय का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने नेत्र विभाग,आईसीयू,हार्ट यूनिट और डायलिसिस यूनिट में मशीनों की कार्यक्षमता, गंभीर मरीजों को उपचार, स्वच्छता व चिकित्सीय सुविधाओं की उपलब्धता की गहन समीक्षा की।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जीवन रक्षक उपकरण पूर्ण क्षमता से कार्यरत रहें और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।जिला महिला चिकित्सालय के रैन बसेरा में भी सीएमओ ने व्यवस्थाएँ जांचीं और मातृ-शिशु सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। सीएमओ डा० सुनील तेवतिया ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए नियमित निरीक्षण जारी रहेंगे और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267